धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ





## दुबई में आज भारत-पाकिस्तान मैच पर टिकी दुनिया की निगाहें



# अबकी बार मत चूको चौहान

## चैंपियंस ट्राफी बदले का मौका

**दुबई। (एजेंसी)** आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का 5वां मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जायेगा। यह ब्लॉकबस्टर मैच रविवार, 23 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे से होगा। इस महामुकाबले के लिए भारत और पाकिस्तान दोनों ही टीमों की तैयारी युद्धस्तर पर जारी है। खास तौर से पाकिस्तान के लिए ग्रुप ए का यह मुकाबला करो या मरो का है। वहीं भारत 2017 के फाइनल में पाकिस्तान से मिली हार का बदला भी पूरा करने के इरादे से उतरेगा। भारतीय टीम इसबार किसी कीमत पर चूकना नहीं चाहेगा। 2017 के बाद से अब 8 साल बाद इस टूनार्मेंट का आयोजन हो रहा है। इस टूर्नामेंट में भारत ने जीत से आगाज की है। भारत कल जीता तो सेमीफाइनल तय है। वहीं मेजबान पाकिस्तान को टूनार्मेंट के पहले ही मैच में न्यूजीलैंड हरा दिया था। कल का मैच हारते ही पाकिस्तानी टीम का सफर एक तरह से खत्म हो जायेगी। पूरी दुनिया की निगाह इस महामुकाबले पर लगी हुई है। दोनों देशों में रोमांच चरम पर है।

**जीतते ही भारत सेफा में :** वहीं टीम इंडिया अगर इस मैच में पाकिस्तानी टीम को हरा देती है, तो सेमीफाइनल का टिकट लगभग पक्का समझा जा सकता है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम का प्रयास यही रहेगा। पाकिस्तानी टीम मेजबान है और वे पहले दौर में बाहर होने से बचने का प्रयास करते हुए टीम इंडिया के सामने अपना पूरा दमखम लगाने से नहीं चूकेगा, लेकिन काम उतना आसान तो नहीं कहा जा सकता है।

**आसमान पूरी तरह साफ रहेगा :** पाकिस्तान के लिए मैच में जीत के अलावा सिर्फ एक ही उम्मीद है दुबई का मौसम। दुबई का मौसम अगर पाकिस्तान का साथ देती है और बारिश के कारण मैच प्रभावित होता है तो उसके लिए राहत की बात हो सकती है। (शेष पेज 11 पर)

### दुबई में भारत का दमदार रिकार्ड

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पिछले एक दशक से भी टीम इंडिया अपने अधिक मैच पाकिस्तान से इसी ग्राउंड पर खेली है। यहां पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड हमेशा दमदार रहा है। भारतीय टीम इस मैदान पर वनडे फॉर्मेट में एक भी मैच में नहीं हारी है। भारतीय टीम दुबई में अब तक कुल 7 वनडे मैच खेली जिसमें से उसे 6 में जीत मिली है। एक मैच टाई रहा है। ऐसे में रोहित शर्मा एंड कंपनी की कोशिश होगी कि वह पाकिस्तान के खिलाफ अपने इस अजेय रिकॉर्ड को बरकरार रखें।

### पाक पर भारी दबाव

पाकिस्तान पर दबाव है, क्योंकि टूनार्मेंट का पहला मैच हार चुका है। वहीं कल के मैच में चोट के कारण फखर जमान के बाहर होने से उसे झटका लगा है। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के खिलाफ ऐतिहासिक रूप से बेहतर प्रदर्शन ने उन्हें कुछ उम्मीदें दी हैं, जबकि उन्हें मैदान पर बल्ले और गेंद दोनों से बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है। वनडे विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ भारत के 8-0 के अपराजित रिकॉर्ड के विपरीत चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान 3-2 से आगे है। इसमें 2017 संस्करण के फाइनल में पाकिस्तान की जीत भी शामिल है।

## न्यूज डायरी

### खट्टी-मीठी यादें छोड़ गया इटखोरी महोत्सव

**चतरा।** राजकीय इटखोरी महोत्सव कई खट्टी मीठी यादें छोड़ गया। महोत्सव में स्थानीय, राज्य भर से और बॉलीवुड के नामचीन सितारों और कलाकारों का महाकुंभ साबित हुआ। समारोह का समापन अगले वर्ष और भव्य समारोह बनाने की आशा और प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ।

### आठ श्रद्धालुओं के शव पहुंचते ही पसरा मातम

**हजारीबाग।** कुंभ स्नान के बाद अयोध्या दर्शन कर लौटने के क्रम में यूपी के जौनपुर जिले के थाना बदलापुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में क्षेत्र के आठ लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी थी। शनिवार को शव गांव पहुंचा तो उनके परिजनों का चीत्कार सुन आसपास के लोगों की आंखें भी नम हो गयीं।

### कनसार में एक साथ उठी 3 अर्थी, रो उठा पूरा गांव

हजारीबाग। कनसार गांव में एक साथ तीन लोगों की अर्थी निकलने से पूरा गांग दहल गया। कटकमसांडी प्रखंड के कनसार से कुंभ स्नान करने निकले तीर्थ यात्रियों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इनमें 7 लोगों की मौत हो गयाी थी। मृतकों में तीन कनसार के रहने वाले थे। पिता-पुत्र की अर्थी एक साथ उठी तो पूरा माहौल गमगीन हो गया।

### इडी पूछताछ के बाद प्रमोद भेजे गये जेल

**रांची।** धनबाद एनआरएचएम घोटाले के आरोपी प्रमोद कुमार सिंह को ईडी ने तीन दिन तक रिमांड में लेने के बाद पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश किया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। ईडी ने उससे तीन दिन तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की।

### नक्सली कमांडर अनिल भुईयां गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** टीएसपीसी कमांडर अनिल भुईयां को पुलिस ने धर दबोचा। वह 2018 से फरार था। पुलिस तभी से खोज रही थी।

नेताओं की दलबदल




### कल से झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आगाज

# आज बैठकों का दौर, दोनों पक्ष बनायेंगे रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 24 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को ले कर रविवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी-अपनी बैठक में रणनीति बनायेंगे। विपक्ष की बैठक में सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनायी जायेगी। वहीं, रविवार को सीएम की अध्यक्षता में सत्तारूढ़ घटक दलों की बैठक बुलायी गयी है। दूसरी ओर भाजपा ने भी अपने विधायकों की बैठक पार्टी दफ्तर में बुलायी है। बैठक में सरकार को घेरने की रणनीति बनेगी।

**झामुमो- कांग्रेस की बैठक :** झामुमो के मुख्य सचेतक और पूर्व मंत्री मथुरा महतो ने बताया कि 23 फरवरी की शाम 4 बजे से एटीआइ सभागार में झामुमो विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें बजट सत्र को लेकर पार्टी की रणनीति बनायी जायेगी। जानकारी के अनुसार इस बार कांके स्थित मुख्यमंत्री आवास में नये



भवन बनने का काम चल रहा है, इसलिए सत्ताधारी दलों (झामुमो, कांग्रेस, राजद और सीपीआई माले) की संयुक्त विधायक दल की बैठक एटीआइ सभागार में होगी। झामुमो विधायक दल और सत्ताधारी विधायक दल की बैठक में अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसमें सत्र को सुचारू से चलाने पर विरोधियों का धराशायी करने पर चर्चा होगी और इसकी रणमीति बनेगी। इसके पूर्व पूर्व कांग्रेस विधायक दल की बैठक 11.30 बजे से सर्किट हाउस होगी। बैठक में कांग्रेस के सभी विधायक, मंत्री और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू, कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित रहेंगे। राजद ने भी रविवार को सुरेश पासवान की अध्यक्षता में बैठक बुलायी है।

**तीन को बजट :** सर्वदलीय बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि बजट पर एक दिन की जगह 2 दिन तक चर्चा हो। बजट सत्र के दौरान झारखंड सरकार 3 मार्च को सदन में बजट पेश करेगी। 4 और 5 मार्च को बजट पर बहस होगी।

### अब तक नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं

झारखंड विधानसभा में अब तक नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं हो सका है। स्पीकर की ओर बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक में भी भाजपा ने अपने को अलग रखा। सहयोगी आजसू ने भी बैठक से दूर रही। बैठक के बाद स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने भी कहा था नेता प्रतिपक्ष के बिना सदन के संचालन में तकलीफ होती है।

# चाकुलिया के जोड़सा में पीट-पीट कर दो की हत्या

### बकरी चुराने के आरोप में ग्रामीणों ने जम कर की थी धुनाई

**मॉब लिचिंग**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल के चाकुलिया थाना क्षेत्र के जोड़सा गांव में शुक्रवार को ग्रामीणों ने गांव में बकरी चोरी करने घुसे दो युवकों को पकड़कर बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी मौत हो गयी। ग्रामीणों की बेरहम पिटाई से एक युवक कुशक बेहरा की मौके पर ही मौत हो गयी। दूसरा युवक भोलानाथ महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। भोलानाथ को इलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। यह घटना एक बार फिर से मॉब लिंचिंग जैसे गंभीर मुद्दे पर सवाल उठाती है और कानून व्यवस्था को लेकर चिंता पैदा करती है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। ग्रामीण एसपी ने ग्रामीणों की पिटाई से दो लोगों की मौत की बात स्वीकारी। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य आरोपी को पकड़ लिया गया है।

**मुख्य आरोपी गिरफ्तार :** जमशेदपुर के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि घटना के बाद घर के मुख्य आरोपी को पकड़ लिया गया है। इसके अलावा भी अन्य जो लोग घटना में शामिल हैं उनकी भी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि हर हाल में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। जानकारी के अनुसार जिन बकरियों को युवकों ने चुराया था, उसमें से एक बकरी के गले में घंटी बंधी थी। घंटी की आवाज से बकरियों के मालिक हरगोविंद की नींद खुल गयी और उन्होंने चोरों को धर दबोचा। (शेष पेज 11 पर)

## फिलिपिंस की इरा को भाया झारखंड का पितांबर

### कोर्ट में की शादी, दुबई में काम के दौरान हुआ था प्यार

सुधीर

**रांची।** कहते हैं कि प्यार न रंग देखता है, न रूप। न शहर देखता है, न देश। इश्क तो इश्क है। इसमें सबकुछ जायज है। जब एक बार प्यार का बुखार चढ़ जाता है तो जीवन भर चलता रहता है। तभी तो फिलिपिंस के मनीला की रहनेवाली ईरा फ्रेंजेस्का बर्नासोल कंट्राडोर झारखंड के धुर्वा के रहनेवाले पीतांबर कुमार सिंह को दिल दे बैठी। दुबई की एक कंपनी में काम के दौरान के दोनों की मुलाकात हुई। मुलाकात प्यार में बदला और फिर झारखंड आकर शादी रचा ली। दोनों शनिवार को डोरंडा स्थित अर्बन-2 के निबंधन कार्यालय पहुंचे और अपने प्यार को शादी के रूप में रजिस्टर्ड करा लिया।

**क्या है मामला :** मूल रूप में फिलिपिंस के मंडालूयोंग सिटी के मेट्रो मनीला सिटी की रहनेवाली इरेनाल्डो



पास्टालेरो कंट्राडोर की बेटी ईरा फ्रेंजेस्का बर्नासोल कंट्राडोर की मुलाकात धुर्वा के चंद्र शेखर सिंह के बेटे पितांबर कुमार सिंह से एक फूड कंपनी में काम के दौरान हुई। तब दोनों दुबई की एक कंपनी में काम कर रहे थे। वहीं दोनों की नजरें मिली और इश्क हो गया। इश्क परवान चढ़ा और दोनों ने रांची आकर शादी रचा ली। हालांकि शादी से पहले पीतंबर ने फूड कंपनी को स्वीच कर अमाजोन में ज्वाइन कर लिया है।

## सुरंग हादसे में झारखंड समेत कई राज्यों के आठ श्रमिक फंसे

**नगरकुरनूल।** तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले में निमार्णाधीन एसएलबीसी सुरंग की छत का तीन मीटर हिस्सा धंस जाने से 8 मजदूर अंदर फंस गये हैं। इनमें दो इंजीनियर भी हैं। अंदर फंसेश्रमिकों में झारखंड के भी कई मजदूर है। अन्य श्रमिक पंजाब, जम्मू-कश्मीर और यूपी के रहने वाले हैं। इनमें एक प्रोजेक्ट इंजीनियर, फील्ड इंजीनियर, चार मजदूर और दो बोरिंग मिशन ऑपरेटर हैं। राज्य के मंत्री भी मौके पर मौजूद हैं। सेना और एनडीआरएफ की 3 टीमें भी मौके पर पहुंच गयी हैं। निमार्णाधीन एसएलबीसी सुरंग की छत का तीन मीटर हिस्सा धंस गया है। फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। 42 मजदूर सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। इननमें से दो घायल हो गये और उन्हें तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

**मोदी ने ली जानकारी :** पीएम मोदी ने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी से फोन पर बात की और एसएलबीसी सुरंग में फंसे लोगों के बचाव के बारे में चर्चा की।

## झारखंड में मनरेगा मजदूरी बढ़ी

### कम श्रम पर अधिक भुगतान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में मनरेगा मजदूरी दर में बढ़ोतरी की जायेगी, जिससे श्रमिकों को कम मेहनत पर अधिक मजदूरी मिलेगी। नये मानकों के तहत अब 73 सीएफटी की बजाय 53 सीएफटी मिप्ती खुदाई पर मजदूरी का भुगतान किया जायेगा, जबकि राष्ट्रीय मानक 48 सीएफटी निर्धारित है। इस बदलाव की पुष्टि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने की है। पिछले दिनों राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से मनरेगा मजदूरी दर बढ़ाने की मांग की थी, जिसे केंद्रीय मंत्री के साथ बैठक में भी उठाया गया था। केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिससे झारखंड के



श्रमिकों को लाभ मिलेगा।

**पलायन रोकने मजदूरी बढ़ाने की मांग :** राज्य में कम मजदूरी के कारण बड़ी संख्या में श्रमिक अन्य राज्यों की ओर पलायन कर जाते हैं। वर्तमान में केंद्र सरकार मनरेगा के तहत प्रतिदिन 245 रुपये मजदूरी का भुगतान करती है। इसमें झारखंड सरकार 27 रुपये अतिरिक्त जोड़ती है। इससे कुल मजदूरी 272 रुपये होती है। ग्रामीण विकास विभाग ने इस दर को बढ़ाकर कम से कम 350 रुपये करने की मांग की है, ताकि श्रमिकों को बेहतर आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

### मोदी भागलपुर से जारी करेंगे पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त

# अपने दौरे पर एमपी, असम और बिहार को कई सौगात

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश, बिहार और असम का दौरा करेंगे। इस दौरान वे कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे। सोमवार को बिहार में भागलपुर में एक कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 19वीं किस्त जारी करेंगे। 23 पीएम एमपी के छतरपुर जिले में बागेश्वर धाम मेडिकल और साइंस रिसर्च इंस्टीट्यूट की आधारशिला रखेंगे। 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे। 24 की शाम प्रधानमंत्री असम के गुवाहाटी में झुमैर बिनंदिनी (मेगा झुमैर) कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस ऐतिहासिक झुमुर नृत्य 8,000 कलाकार भाग लेंगे।

**पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त :** पीएम मोदी सोमवार को बिहार में भागलपुर में एक कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 19वीं किस्त जारी करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### ऐतिहासिक मेगा झुमैर

24 फरवरी गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में 8,000 कलाकार पारंपरिक झुमैर नृत्य प्रस्तुत करेंगे। यह असम की चाय जनजाति और आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। इसका उद्देश्य असम के चाय जनजाति समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करना है। झुमुर नृत्य सदियों से असम की चाय जनजाति संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहा है। प्रसिद्ध झुमुर गुरु भद्र रजवार के अनुसार, नृत्य रूप हजारों वर्षों से विभिन्न रूपों में किया जाता रहा है। इसका आयोजन को सफल बनाने के लिए कलाकार उसका रिहलसल कर रहे हैं। झुमुर को असम में प्रमुखता मिली जब अंग्रेजों ने लगभग 200 साल पहले राज्य में चाय बागानों की स्थापना की। इस अवधि के दौरान, देश के विभिन्न हिस्सों से आदिवासी समुदायों को चाय बागानों में काम करने के लिए असम लाया गया था। समय के साथ, उनकी विविध नृत्य परंपराएं वर्तमान झुमुर के रूप में विलीन हो गयीं। परंपरागत रूप से, 13 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों को करम पूजा के दौरान झुमुर करने की अनुमति नहीं है।



### आज कोकर इलाके में पांच घंटे तक नहीं रहेगी बिजली

**रांची।** कोकर इलाके में मेंटेनेंस के कारण रविवार की सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक पांच घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं कोकर ग्रामीण में 33 केवी फीडर की मरम्मती का कार्य किया जायेगा। इस कारण कोकर, चूना भट्टा अयोध्यापुरी, बांधगाड़ी, कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, सामलोंग और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कोकर शहरी फीडर में 33 केवी फीडर की मरम्मती का कार्य किया जायेगा। इस कारण लालपुर, पीस रोड, वर्धमान कंपाउंड, कांटा टोली, सर्कुलर रोड और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी शनिवार को विभाग की ओर से दी गयी।

भाजपा नेता ने कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी के राजू के बयान पर दी प्रतिक्रिया

# कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी-मूलवासी का केवल शोषण और दमन : समीर उरांव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद समीर उरांव ने झारखंड कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी के राजू के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस प्रभारी का बयान पूरी तरह दिखावा है। सच्चाई से कोसों दूर है। सच्चाई तो यह है कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास आदिवासी मूलवासी के विरोध से भरा हुआ है। कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी मूलवासी का केवल शोषण दमन शामिल है।

**झारखंड की जनता कांग्रेस के चाल चरित्र से पूरी तरह अवगत** झारखंड की जनता तो कांग्रेस की चाल-चरित्र से पूरी तरह अवगत है। ये वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने झारखंड अलग राज्य आंदोलन की बोली लगायी। स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा से लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा तक के आंदोलन को कुचलने, खरीदने का काम कांग्रेस पार्टी के इतिहास में काला अध्याय है। आजाद भारत में कांग्रेस शासन की शुरूआत ही आदिवासियों के दमन से हुआ है। खरसावां गोलीकांड आदिवासी समाज कैसे भूल सकता है। कांग्रेस सरकार ने कैसे हजारों आदिवासियों को गोलियों से भूना यह आदिवासी समाज के दिलों में दर्ज है।

**राष्ट्रपति को भी अपमानित किया :** कांग्रेस का आदिवासी विरोध तो परवान चढ़ गया, जब एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया। कांग्रेस पार्टी ने द्रौपदी मुर्मू का केवल राजनीतिक विरोध ही नहीं किया बल्कि असंसदीय, अमर्यादित, अशोभनीय शब्दों से बार-बार अपमानित भी किया। कांग्रेस पार्टी बताए कि उसने अपने वरिष्ठ नेता स्व कार्तिक उरांव जी द्वारा सदन में दोहरा लाभ संबंधित उठाए गए सवालों पर क्यों चुप्पी साध ली। सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने आदिवासी मूलवासी समाज को केवल वोट बैंक समझा। आज यह समाज कांग्रेस पार्टी से दूर जा चुका है। कांग्रेस से जनता का विश्वास उठ चुका है। अपनी वैशाखी को कांग्रेस पार्टी जनाधार मानने लगी है।

**भाजपा ही झारखंड की जनभावनाओं का करती है सम्मान :** भाजपा ही झारखंड की जनभावनाओं का सम्मान करती है। अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में अलग राज्य का सपना साकार हुआ। आदिवासी मंत्रालय बने। भाजपा सरकार ने ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्य का गठन किया। आज उनकी 150 वीं जयंती पर अनेक कल्याणकारी योजनाओं को मोदी सरकार धरातल पर उतार रही है। एकलव्य विद्यालय सहित जन मन योजना से आदिवासी मूलवासी समाज के सर्वांगीण विकास की योजनाएं तेजी से धरातल पर उतारी जा रही है। मोदी सरकार में आदिवासी समाज के मंत्रीगण की भागीदारी बढ़ी है। कांग्रेस पार्टी को जानना चाहिए कि समाज साफ नीयत से जुड़ता है, ख्याली पुलाव पकाने से नहीं।

भाजपा नेता समीर उरांव के बयान पर कांग्रेस का पलटवार

# भाजपा आदिवासियों की हितैषी बनने का सपना कभी न पाले : सोनाल शांति

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव द्वारा झारखंड प्रभारी के. राजू के बयान पर प्रतिक्रिया स्वरूप कांग्रेस के खिलाफ दिए गए बयान का जवाब देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा नेता अपने पैरों के नीचे की जमीन देखे आसमान में उड़ने का सपना ना पाले। समीर उरांव के भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष रहते भाजपा ने अपनी जमीन आदिवासी समुदाय के बीच खो दी है।

सोनाल शांति ने कहा है कि कांग्रेस हमेशा से जल जंगल जमीन की लड़ाई आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए करती रही है, जबकि भाजपा की सरकारों ने विभिन्न राज्य में आदिवासियों की जमीन को छीनकर औने-पौने दामों पर उद्योगपतियों को दिया है। झारखंड के आदिवासी मूलवासी की हकमारी में भाजपा अव्वल रही है। झारखंड के आदिवासी समुदाय ने भाजपा की व्यापारिक नीति को समय रहते भाँप लिया और उससे दूर हो गई। जनता ने 2019 के विधानसभा चुनाव में दो और 2024 के में 1 सीट देकर तथा 2024 के लोकसभा की सभी पांच आरक्षित सिटें भाजपा से छीन कर भाजपा नेताओं को संदेश दे दिया है कि आदिवासियों के नाम पर व्यापार करना बंद करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर आरोप लगाने वाले बड़बोले समीर उरांव अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव हार चुके हैं। इसके बावजूद वे आदिवासियों का हितैषी बनने का स्वांग रच रहे है। भाजपा की हकीकत यह है कि इसने आदिवासियों को गले लगाकर उनकी पीठ में छुरा घोंपने का कार्य किया है। कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय को साथ लेकर आजादी का संघर्ष किया था और आजादी के बाद संविधान के माध्यम से अधिकार देने का काम किया है।

बाबूलाल का दो मंत्रियों पर भड़काऊ बयान देने का आरोप

## भ्रामक टिप्पणी करने और भड़काने के आरोप में कार्रवाई करे यूपी पुलिस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के दो मंत्रियों हफीजुल हसन और इरफान अंसारी पर महाकुंभ के बारे में भ्रामक टिप्पणी करने और लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हफीजुल हसन ने महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के संदर्भ में गलत तथ्यों के साथ बयानबाजी की है। लोगों को भड़काने व अफवाह फैलाने का प्रयास किया है। उन्होंने यूपी और झारखंड पुलिस से आग्रह किया है कि वे इस मामले पर कार्रवाई करें। बाबूलाल ने एक्स पर लिखा कि पूरा देश इस समय प्रयागराज के पवित्र संगम में स्नान और महाकुंभ के दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन कर पुण्य फलीभूत करना चाहता है लेकिन झारखंड के दो मंत्री हफीजुल हसन और इरफान अंसारी महाकुंभ के बारे में भ्रामक टिप्पणी कर सनातन धर्म में आस्था रखने वाले करोड़ों लोगों का अपमान कर माहौल को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हफीजुल हसन ने महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के संदर्भ में गलत तथ्यों के साथ बयानबाजी कर लोगों को भड़काने एवं अफवाह फैलाने का प्रयास किया है।

# वित्त वर्ष 2025-26 के बजट आकार में 7-10 फीसदी वृद्धि की संभावना

झारखंड बजट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। तीन मार्च को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे। पिछले पांच साल के बजट का ट्रेंड भी बता रहा है कि इस बार के बजट आकार करीब सात से 10 प्रतिशत वृद्धि की जा सकती है। इस हिसाब से यह बजट लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये हो जाने की संभावना है। वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट आकार 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपये था।

### पिछले पांच वित्तीय वर्ष का बजटीय आकार



2020-21: 86370 करोड़
2021-22: 91277 करोड़
2022-23: 101101 करोड़
2023-24: 116418 करोड़
2024-25: 128900 करोड़

### महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धन राशि का आवंटन



इस वर्ष राज्य सरकार का फोकस ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा पर था। वहीं आगामी बजट में मंइयां सम्मान योजना के कारण महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धन राशि का आवंटन किए जाने की संभावना है।

### झारखंड का सकल घरेलू उत्पाद

वर्ष 2001 को राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 32000 करोड़ रुपया का था, जो अब बढ़कर 4 लाख 70 हजार करोड़ रुपया से अधिक का हो गया है। आगामी वित्त वर्ष के बजट में नॉमिनल जीएसडीपी 9.5 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 में 128900 करोड़ के बजट में सामान्य प्रक्षेत्र में 37124, सोशल प्रक्षेत्र में 45377 करोड़ और आर्थिक प्रक्षेत्र में 46399 रुपये का प्रावधान किया गया था।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज बजट सत्र को लेकर बनेगी रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कांग्रेस विधायक दल की बैठक रविवार को 11.30 बजे से सर्किट हाउस में होगी। बैठक में 24 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र को लेकर रणनीति बनाई जायेगी। इसके पूर्व 10.30 बजे से बोर्ड-निगम के अध्यक्ष एवं सदस्यों की बैठक होगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मौजूद रहेंगे। इसके अलावा बैठक में विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप समेत कांग्रेस कोटे के मंत्री और सभी विधायक की मौजूद रहेंगे। यह बैठक बजट सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की रणनीति तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण होगी।

मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया है कि विधायक दल की बैठक में आगामी विधानसभा सत्र में विपक्ष द्वारा हंगामा करने की योजना को देखते हुए सत्र के पूरी कारगर रणनीति प्रदेश प्रभारी के. राजू के नेतृत्व में बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि विधायक दल की बैठक के बाद दोपहर दो बजे से कांग्रेस अग्रणी मोर्चा की बैठक होगी। इस बैठक में संगठन को सशक्त बनाने पर विचार किया जाएगा।

### मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने महाकुंभ में लगायी आस्था की डुबकी



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने शनिवार को त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर शेयर की है। उन्होंने लिखा कि प्रयागराज कुंभ में त्रिवेणी संगम की पावन लहरों में डुबकी लगायी। इस दौरान उनके परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

इधर भाजपा नेता दीपक प्रकाश ने भी प्रयागराज महाकुंभ में सपरिवार आस्था की डुबकी लगायी।



# केंद्रीय बजट महिलाओं, किसानों और गरीबों के लिए सर्वसमावेशी : अन्नपूर्णा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्रीय बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों व गरीबों के लिए सर्व समावेशी बजट है। महिलाओं के लिए सशक्तिकरण के बढ़ावा देने के लिए यह बजट सहयोगी के रूप में है। मध्यमवर्गीय के लिए पहली बार किसी सरकार ने सोचा है। बच्चों के पोषण के लिए, स्वास्थ के लिए पढ़ाई के लिए ध्यान रखा गया है। अटल टिंकरिंग लैब का प्रावधान है। झारखंड के लिए 70,302 करोड़ का रिकॉर्ड बजट दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अन्नदाता के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान रखे गए हैं। धन धान्य कृषि योजना, विमा कवरेज दिया गया, कौशल विकास, निवेश और तकनीक के माध्यम से नए रोजगार पैदा किये जायेंगे। कराधान, ऊर्जा क्षेत्र, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र नियामक सुधार और खनन का व्यापक छह आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। मध्यमवर्ग के लिए 12 लाख के आय पर **'कर'** छूट दे रही है। किफायती आवास प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता दिखायी गयी है। युवाओं को मेक इन इंडिया मेक फॉर द वर्ल्ड के तहत सशक्त बनाएंगे। अनुसूचित जनजातियों के लिए धरती अबा योजना लाया गया है।

**महिलाओं के लिए अनुकूल बजट : रेखा पाण्डेय**

आरती सिंह ने कहा ये बजट महिलाओं की प्रथमिकता देते हुए 5 लाख महिलाओं को उधम से जोड़ने का प्रावधान करना बहुत ही सराहनीय है। इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित दीर्घकालिक विकास को बढ़ाकर विकसित भारत की मजबूत नींव रखने का कार्य किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो कि पिछली कॉंग्रेस की सरकार में सबसे निचली पायदान से पांचवी पर थी। ये मोदी सरकार की नीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है। रेखा पाण्डेय ने कहा महिलाओं के लिए अनुकूल बजट है।

कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम प्रभारी सूचिता सिंह, तेजविंद्र सिंह ने कहा राष्ट्रीय बजट हर घर का बजट है। सह प्रभारी नीलम चौधरी, महिला मोर्चा महामंत्री सीमा सिंह, रेनू तिर्की उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, मीडिया प्रभारी कुमुद झा, सोनी, शीतल वर्मा, हंसा श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति माया सिसोदिया, निशि जायसवाल एवं पायल सोनी उपस्थित थीं।

## 5,514 छात्राओं को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ नहीं मिला: बाबूलाल

- कक्षा 8 से 10 तक की छात्राओं को 2500 रुपये प्रति वर्ष और कक्षा 11-12 के लिए 5000 रुपये देने की है योजना





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 5,514 लाभार्थियों को अब तक भुगतान नहीं किया गया है। इस योजना के तहत कक्षा 8 से 10 तक की छात्राओं को 2500 रुपये प्रति वर्ष और कक्षा 11-12 के लिए 5000 रुपये प्रति वर्ष दिए जाने थे, ताकि वे अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

**प्रशासन की लापरवाही के कारण असफल :** प्रदेश अध्यक्ष ने आगे लिखा कि फंड की कमी के कारण कई किशोरियों को उनकी राशि नहीं मिल पाई है। बजट का सही तरीके से आवंटित नहीं किये जाने और प्रशासन की लापरवाही के कारण योजना पूरी तरह सफल नहीं हो पाई है।

**गरीब-जरूरतमंद छात्राओं का भविष्य प्रभावित :** श्री मरांडी ने कहा कि राशि भुगतान में देरी से गरीब और जरूरतमंद छात्राओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। हेमंत सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गयी हैं। लाभार्थियों तक समय पर लाभ नहीं पहुंचने के कारण इसका उद्देश्य ही विफल हो गया है। उन्होंने राज्य सरकार को इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की, ताकि जरूरतमंद छात्राओं को उनका हक समय पर मिल सके।

### विधानसभा के बजट सत्र के दौरान लागू रहेगी निषधज्ञा

- 24 फरवरी से 27 मार्च तक विधानसभा के 750 मीटर के दायरे में लागू रहेगी निषेधाज्ञा



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 24 फरवरी से 27 मार्च तक विधानसभा के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस संबंध में एसडीओ ने शनिवार को आदेश जारी कर दिया है। निषेधाज्ञा के दौरान किसी प्रकार के जुलूस, धरना-प्रदर्शन पर रोक रहेगी। पांच या इससे अधिक लोगों के एक साथ जमा होने, हथियार लेकर चलने, ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल करने पर रोक रहेगी।

## एनआरएचएम घोटाले का किंगपिन प्रमोद सिंह को कोर्ट में किया गया पेश, जेल

कानूनी कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** धनबाद एनआरएचएम घोटाले के किंगपिन प्रमोद कुमार सिंह को ईडी ने 3 दिनों तक रिमांड के बाद पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश किया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। ईडी ने उससे 3 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की। बुधवार को ईडी ने उसे गिरफ्तार किया था। 12 समन पर ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर पीएमएलए कोर्ट ने वारंट जारी किया था। ईडी की जांच में 9.39 करोड़ की अवैध निकासी का मामला सामने आया था। प्रमोद कुमार सिंह और एक अन्य कर्मी शशि भूषण प्रसाद ने पद का दुरुपयोग कर अवैध निकासी की थी थी। भ्रष्टाचार को लेकर पहले एसीबी ने कार्रवाई की थी। वर्ष 2011-12 में आवंटित 6 करोड़ 97 लाख 43 हजार से अधिक की राशि के गबन का मामला पकड़ में आने के बाद प्रमोद कुमार सिंह समेत 10 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**आवंटित राशि को अपने खाते में मंगवाकर खर्च किया :** पीएचसी के लिए आवंटित राशि को प्रमोद अपने खाते में मंगवाकर खर्च किया। उसके खातों में पीएचसी के 10 अकाउंट की राशि ट्रांसफर की गई थी। प्रमोद की पत्नी प्रिया सिंह के अकाउंट में भी गलत तरीके से पैसे ट्रांसफर किए गए थे। घोटाला सामने आने के बाद प्रमोद सिंह को बर्खास्त कर दिया गया था। जिसके बाद अउइ द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की है। साल 2024 के जुलाई और अगस्त माह में ईडी ने छापेमारी की। जिसमें कई दस्तावेज समेत 2 लाख 17 हजार बरामद की थी। ईडी की जांच में प्रमोद कुमार सिंह और शशि भूषण प्रसाद ने पद का दुरुपयोग कर एनआरएचएम निधि के 9.39 करोड़ की अवैध निकासी की थी। 2 सितंबर 2024 को ईडी ने प्रमोद और उनके परिवार की 1.63 करोड़ की संपति के अलावा 3 महंगी गाड़ियां जब्त की थी और उनके बैंक अकाउंट भी फ्रिज कराया था।

लघु वनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि. के नये भवन किया उद्घाटन किया

# वनोपज को बढ़ावा देने में सेंट्रल प्रोसेसिंग एंड रिसर्च सेंटर मील का पत्थर साबित होगा : शिल्पी नेहा तिर्की

- बाजार में झारखंड के वनोपज को बेहतर पैकेजिंग कर बेचने की जरूरत
- वनोपज को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हर तरह करेगी मदद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को सिमलिया स्थित झारखंड राज्य लघु वनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लिमिटेड के नवनिर्मित सेंट्रल प्रोसेसिंग एंड रिसर्च सेंटर भवन उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक दिवसीय सहकारिता समागम सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड राज्य का 29 % भू-भाग वन से आच्छादित है। जनजातीय समुदाय की एक बड़ी आबादी का जीविकोपार्जन वनोपज ही है। सीधे शब्दों में कहे तो कृषि के बाद ग्रामीण आजीविका का ये दूसरा सबसे बड़ा साधन है। केंदू पत्ता, महुआ, चिरौंजी, कुसुम, करंज, आम, कटहल सहित कई तरह के औषधीय पौधे राज्य के जंगलों में मिलते हैं। ग्रामीण हाट बाजार में ग्रामीण इसे बेचकर अपना जीवन चला रहे हैं, लेकिन बदलते हुए समय में ऐसे वनोपज को आधुनिकता के सांचे ढलना जरूरी है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रोसेसिंग यूनिट इसमें मददगार साबित हो सकता है।

खासकर महिला समूह वनोपज को अपने रोजगार और व्यापार का हिस्सा बना कर सफल उद्यमी की रेस में शामिल हो सकती है। कुछ दिन पहले तक इस सिमलिया गांव के इसी स्थान पर पक्षियों की चहचहाहट तक सुनने को नहीं मिलती थी, लेकिन एक छोटी सी पहल से आज पूरी फिजा बदल गई है कल तक प्रोसेसिंग यूनिट में रखी हुई मशीन पर धूल जमे थे, आज वो काम करने लगी है। ये छोटा सा प्रयास आने वाले दिनों में मिल का पत्थर साबित होगा। ग्रामीण अपने वनोपज को बहुत मामूली शुल्क अदा कर इसकी पैकेजिंग कर बाजार में बेच सकते हैं। झारखंड में वनोपज पर एक बड़ी आबादी की निर्भरता है और राज्य सरकार का उद्देश्य वनोपज को तेजी से बढ़ावा देना, उसके लिए बाजार उपलब्ध कराना है। कृषकों के विकास और आर्थिक संवर्द्धन में वनोपज की बड़ी भूमिका है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजनाओं की सही जानकारी से किसान अपने पारंपरिक खेती के साथ-साथ उन्नत कृषि से जुड़ सकते हैं। इसके लिए किसान भाइयों को कही जाने की जरूरत नहीं, बल्कि आज सरकार गांव-गांव और किसानों के खेत-खलिहान तक जाने का काम कर रही है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज यहां इमली से लेकर आंवला के लिए प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की गई है। वनोपज से जुड़े ग्रामीणों को प्रोसेसिंग यूनिट के महत्व को समझते हुए इसका लाभ उठाने की जरूरत है।

स्पीकर की कार्यशैली पर भाजपा का आरोप

## दलीय राजनीति से परे संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करें स्पीकर : अजय साह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सर्वदलीय बैठक के दौरान झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने नेता प्रतिपक्ष की गैरमौजूदगी को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिना नेता प्रतिपक्ष के सदन का संचालन सुचारू रूप से करना कठिन होता है और इससे आसन को भी असुविधा होती है। उनके इस बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने स्पीकर के बयान को राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि भारत में संसदीय प्रणाली की एक व्यवस्थित संरचना है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष का विशेष संवैधानिक महत्व होता है। स्पीकर की आवाज पूरे सदन की आवाज मानी जाती है और संविधान निमार्ताओं ने इस पद की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की परिकल्पना की थी। श्री साह ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले विधान सभा में जो स्पीकर भाजपा द्वारा नामित नेता प्रतिपक्ष पर निर्णय लेने से चार वर्षों तक बचते रहे, वे अब उसी मुद्दे पर अफसोस जता रहे हैं और सिर्फ-चार वर्ष नहीं, पूरे पांच वर्ष तक इस मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। इनको आज सदन शुरू होने से पहले ही इतनी पीड़ा हो रही है। उन्होंने कैसे इस पीड़ा में चार साल निकाला, यह सोचने का विषय है। श्री साह ने आगे कहा कि रविंद्र नाथ महतो का यह बयान न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि हास्यास्पद भी प्रतीत होता है, क्योंकि वे अपने ही राजनीतिक पूर्वाग्रह से प्रेरित फैसलों के लिए अब भाजपा को दोषी ठहरा रहे हैं।

अजय साह ने कहा कि भाजपा के पास एक मजबूत सरकार और सशक्त विपक्ष दोनों के रूप में काम करने का व्यापक अनुभव है। पार्टी अपने संसदीय दायित्वों को भली-भांति समझती है, लेकिन साथ ही यह भी उम्मीद करती है कि सदन के संरक्षक के रूप में कार्यरत विधानसभा अध्यक्ष दलीय राजनीति से ऊपर उठकर निष्पक्षता बरतें और संसदीय परंपराओं का सम्मान करें।

## कुख्यात अमन साहू के फाइनेंस और हथियार नेटवर्क का खुलेगा राज


# झारखंड का मोस्ट वांटेड अपराधी मयंक सिंह के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस के मोस्ट वांटेड अपराधी मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को अजरबैजान से भारत लाने का रास्ता अब साफ होता जा रहा है। झारखंड एटीएस ने केंद्रीय एजेंसी की मदद से बाकू कोर्ट में वे सारे साक्ष्य जमा कर दिए हैं, जिससे मयंक सिंह का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा।

**मयंक को मिलेगा अपील का मौका :** झारखंड पुलिस ने अपने मोस्ट वांटेड अपराधी मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को अजरबैजान से भारत प्रत्यर्पित करने की दिशा में एक और कदम बढ़ा दिया है। जानकारी के अनुसार, पुख्ता दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर अजरबैजान की एक कोर्ट ने मयंक सिंह को कुख्यात अपराधी मान लिया है, लेकिन मयंक सिंह को उच्च न्यायालय में अपील करने का मौका भी दिया जाएगा। फिलहाल मयंक सिंह अजरबैजान की राजधानी बाकू की जेल में बंद है। इस संबंध में इंटरपोल भी लगातार झारखंड एटीएस और केंद्रीय एजेंसियों से पत्राचार कर रहा है।






**सभी कागजी कार्रवाई पूरी :** झारखंड एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि मयंक सिंह के प्रत्यर्पण को लेकर जो भी कागजी कार्रवाई होनी थी, वह पूरी कर ली गई है। झारखंड एटीएस की टीम को केंद्रीय एजेंसियों ने काफी मदद की है। अजरबैजान पुलिस और इंटरपोल के बीच समन्वय स्थापित करने में केंद्रीय एजेंसियों की अहम भूमिका रही है, झारखंड एटीएस ने बाकू कोर्ट में मयंक सिंह के खिलाफ सबूतों को बेहतरीन तरीके से पेश किया है।

### अजरबैजान से है भारत की प्रत्यर्पण संधि

झारखंड एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि भारत का अजरबैजान के साथ पहले से ही प्रत्यर्पण संधि है। जिसका फायदा मयंक सिंह के मामले में मिलने वाला है। एटीएस एसपी ने बताया कि हमने प्रत्यर्पण के लिए समय सीमा के भीतर बाकू पुलिस को रिक्वेस्ट भेज दिया था।

**अमन साव का खुलेगा राज :** झारखंड एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि मयंक को भारत लाने से झारखंड पुलिस ही नहीं, बल्कि राज्य की कई अन्य पुलिस को भी फायदा होगा। मयंक गैंगस्टर अमन साव के पूरे हथियार नेटवर्क के साथ-साथ फाइनेंशियल नेटवर्क को भी संभालता था। मयंक से पूछताछ के बाद की गई कार्रवाई से अमन साव के हथियार और फाइनेंशियल नेटवर्क दोनों को ध्वस्त करने में मदद मिलेगी।

**प्रत्यर्पित होने वाला झारखंड का पहला क्रिमिनल :** कुख्यात गैंगस्टर अमन साव और अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर बन चुके लॉरेंस का करीबी मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा झारखंड का पहला अपराधी होगा, जिसे विदेश से गिरफ्तार किया गया और अब उसे बाकू से प्रत्यर्पित कर भारत लाया जाएगा। राजस्थान का रहने वाला मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा काफी कुख्यात अपराधी है। मयंक अक्सर सोशल मीडिया पर अत्याधुनिक हथियारों और अपनी आलीशान जिंदगी की तस्वीरें पोस्ट कर सुर्खियों में रहता था। झारखंड पुलिस के अथक प्रयासों के बाद पिछले साल मयंक सिंह को अजरबैजान की राजधानी बाकू से गिरफ्तार किया गया था।

**मयंक के खिलाफ किया गया था रेड कॉर्नर नोटिस जारी :** पिछले पांच साल से झारखंड पुलिस को यह पता नहीं था कि मयंक सिंह कौन है। अथक प्रयासों के बाद एटीएस की टीम ने पता लगाया कि मयंक सिंह असल में सुनील मीणा है, जो राजस्थान का रहने वाला है और विदेश में रहकर झारखंड में आपराधिक गतिविधियों को संचालित कर रहा है। जिसके बाद उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया और रेड कॉर्नर नोटिस के चलते वह अजरबैजान में पकड़ा गया।

## सुलहनीय मामलों का शीघ्र निष्पादन हो : दिवाकर पांडे

### चेक अनादरण के 1503 मामलों का निष्पादन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। मौके पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कहा कि वादों के निस्तारण में मध्यस्थ एवं अधिवक्ताओं की भूमिका अहम है। रांची जिला बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं का सहयोग लोक अदालत में वादों के निस्तारण में साकारात्मक सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वयं पहल कर सुलहनीय मामलों का त्वरित निष्पादन करें। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एस. एस फातमी, रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद अग्रवाल, महासचिव संजय विद्रोही समेत व्यावहर न्यायालय के अपर न्यायायुक्त, न्यायिक पदाधिकारी, न्यायिक दंडाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे। मंच का संचालन डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने किया।

**चेक अनादरण के कुल 1503 का हुआ निष्पादन :** इस विशेष लोक अदालत में चेक अनादरण संबंधित कुल 1503 वादों का निष्पादन किया गया एवं 3,26,91,121/- ( तीन करोड़ छब्बीस लाख इक्यानबे हजार एक सौ एक्कीस) रुपयों का सेटलमेंट किया गया। इसके अलावा विवाह से संबंधित 307 वादों का निस्पादन भी इस विशेष लोक अदालत में किया गया।

## औचक निरीक्षण में ड्यूटी से नदारद मिले पिठोरिया थाना प्रभारी, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने किया निलंबित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पिठोरिया के थानेदार गौतम राय को डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सस्पेंड कर दिया है। शुक्रवार की रात एसएसपी ने पिठोरिया थाने का औचक निरीक्षण किया था, उसी के बाद यह कार्रवाई की गई।

**आधी रात पहुंचे एसएसपी, मगर थाना मिला खाली:** पिठोरिया थाना को लेकर डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को कई तरह की शिकायतें मिल रही थीं। मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा ने खुद ही पिठोरिया थाने का औचक निरीक्षण करने का मन बना लिया। शुक्रवार की रात एसएसपी खुद पिठोरिया थाने पहुंच गए, थाने का हाल देखकर एसएसपी चंदन सिन्हा चौंक गए। रात के समय थाने में कोई मौजूद ही नहीं था। थाने की स्टेशन डायरी तक को मेंटेन नहीं किया गया था। निरीक्षण के दौरान थाने में कई तरह की खामियां भी मिलीं।



**थानेदार को कर दिया सस्पेंड :** पिठोरिया थानेदार की लापरवाही को देखते हुए रांची एसएसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी गौतम राय को सस्पेंड कर दिया। उन्होंने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान थाने में कुछ भी सामान्य नहीं था।

**डायरी को भी मेंटेन नहीं किया था :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि स्टेशन डायरी तक मेंटेन नहीं की गयी थी। ऐसे में यह माना जाता है कि पिठोरिया थानेदार अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाह, अनुशासनहीन, कर्तव्यहीन तथा एक अयोग्य पुलिस पदाधिकारी हैं। इसी वजह से उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि कोई भी पुलिस अफसर जो अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतेगा उसे किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा।

## मुख्यमंत्री को श्री शिव बारात में शामिल होने का आमंत्रण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से शिव बारात के आयोजन को लेकर महासमिति की तैयारियों की जानकारी ली। इस अवसर पर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष राजेश साहू सहित दयाशंकर शर्मा, राजकुमार तनेजा, दीपक नंदा, राजीव वर्मा, शुभाशीष चटर्जी, राम सिंह, बादल सिंह एवं अन्य थे।

## खबर एक नजर में

### नूर सबा परवीन उर्फ पम्मी को मिली बेल

**रांची।** गैंगस्टर अमन साव गैंग की सक्रिय सदस्य नूर सबा परवीन उर्फ पम्मी को रांची सिविल कोर्ट ने बेल दे दी है। उसके खिलाफ रांची के लालपुर थाना में कांड संख्या 307/2023 दर्ज की गयी थी। जिसमें रंगदारी मांगने समेत अन्य गंभीर आरोप लगाया गया है। नूर सबा परवीन उर्फ पम्मी फिलहाल रायपुर जेल में बंद है। कोर्ट ने जमानत के किए यह शर्त रखी है कि उसे हर तारीख को ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित होना होगा। कोर्ट ने कहा है कि वह केस खत्म होने तक अपना मोबाइल नंबर नहीं बदलेगी और जांच में सहयोग करेगी। साथ ही कोर्ट ने नूर सबा परवीन उर्फ पम्मी को बीस-बीस हजार के दो निजी मुचलके भरने का भी निर्देश दिया है। नूर सबा परवीन उर्फ पम्मी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता हेमंत शिकरवार और अधिवक्ता मनीष सिंह ने बहस की।

### आज कोकर इलाके में 5 घंटे रहेगा पावर कट

**रांची।** कोकर इलाके में मेंटेनेंस के कारण रविवार को दिन के 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कोकर ग्रामीण में 33 केवी फीडर की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस कारण कोकर, चूना भट्ठा अयोध्यापुरी, बांधगाड़ी, कोकर इंडस्ट्रियल एरिया सामलोंग और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं कोकर शहरी फीडर में 33 केवी फीडर की मरम्मती का कार्य किया जाएगा। इस कारण लालपुर, पीस रोड, वर्धमान कंपाउंड, कांटा टोली, सर्कुलर रोड और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति दिन के 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक बाधित रहेगी।


### छात्र-छात्राओं के साथ खिलवाड़ न हो : ओम

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का पुतला दहन शनिवार को किया गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा की साइंस और हिंदी का प्रश्न पत्र लीक होना अति दुर्भाग्यपूर्ण है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेतन प्रकाश, अजित कुमार, ज्योत्सना केरकेट्टा,जमाल गद्दी, राजेश सिंह, पवन सिंह, सक्षम झा, तौफीक एरिक, यस साहू सचित रंजन, अभीत कुमार, आर्यन केसरी, हर्ष लोहरा, पीयूष सिंह, दीपक कुमार,अंजू तिर्की, कृष लिंडा, आयुष लिंडा, सावन कुमार, दयान हबीब, ताबिश अली उपस्थित थे।

## टेंडर हार्ट स्कूल ने नमो बुक बैंक को दी छह हजार पुस्तकें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ के द्वारा संचालित नमो बुक बैंक में शनिवार को टेंडर हार्ट स्कूल द्वारा 6000 पुस्तक दी गयी। विद्यालय परिवार के द्वारा इन पुस्तकों को शिक्षकों ने नमो बुक बैंक को सौंपा। मंत्री श्री सेठ ने इतनी बड़ी संख्या में पुस्तक उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवारी सहित विद्यालय परिवार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। श्री सेठ ने कहा कि वर्ष 2020 के अंतिम महीने में इस बुक बैंक का शुभारंभ किया गया था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आरंभ किए गए इस बुक बैंक का संचालन समाज के सहयोग से ही हुआ है। वर्तमान समय में इस बुक बैंक के माध्यम से साढे तीन लाख से अधिक पुस्तकों का वितरण किया जा चुका है। यह बुक बैंक जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराने का बड़ा केंद्र बना है। इसके साथ ही सामाजिक रूप से भी लोग एक दूसरे से जुड़े हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि टेंडर हार्ट स्कूल के द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तक कई जरूरतमंद बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी।



## आरसीएचआरसी ने बाइक रैली निकाल कर कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ायी




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन द्वारा स्थापित रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी) ने सामाजिक भागीदारी और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। शनिवार को मोरहाबादी मैदान से बाइक रैली निकाली गयी। जहां डॉक्टर, कैंसर रोगी, केयरगिवर्स और कम्युनिटी सदस्यों सहित 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मोराबादी मैदान से आरसीएचआरसी तक आठ किलोमीटर की दूरी तय की गई, जहां रांची कॉलेज, राम मंदिर चौक, चांदनी चौक और कांके चौक में यह काफिला रुका। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. चंद्र किशोर शाही, डायरेक्टर-इन-चीफ, हेल्थ सर्विसेज, झारखंड सरकार ने कहा कैंसर सिर्फ एक बीमारी नहीं है यह एक भावनात्मक, सामाजिक और आर्थिक लड़ाई है, जोकि पूरे परिवार को प्रभावित करती है। डॉ. मदन मोहन पाण्डे ने कहा कि कैंसर के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए इस बीमारी की समय पर जांच और उपचार बेहद जरूरी है। मेडिकल जानकारी और आम लोगों की जागरूकता के बीच की दूरी को कम करने में मदद करती है।

### नशा सेवन से धन और स्वास्थ्य पर पड़ता है बुरा असर : कविता कुमारी

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में जस्टीस-ऑन-व्हील मोबाईल वैन टूर जागरूकता कार्यक्रम के तहत शनिवार को तमाड़ प्रखंड के उलीडीह पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिपुटी चीफ, कविता कुमारी खाती, पीएलवी पूजा कुमारी, कुनाल महतो, प्रवीण कुमार मुण्डा एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। एलएडीसीएस डिपुटी चीफ कविता कुमारी खाती ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जे. जे. एक्ट, पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी दी। नशा उन्मूलन पर फोकस किये और कहा कि नशा न करें, नशा से धन और स्वस्थ दोनों पर बुरा असर पड़ता है। नशा के सेवन से पूरा घर-परिवार बरबाद हो जाता है। उन्होंने बाल-विवाह के रोकथाम पर विस्तार से चर्चा किया एवं बाल विवाह अधिनियम के बारे में जानकारी दी।

### संत जेवियर्स कॉलेज में ज्ञान और वैश्विक असमानता विषय पर व्याख्यान आयोजित



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के फादर सी. डिब्रावर सभागार में शनिवार को जेवियर इकनोमिक सोसाइटी और आईक्यूएसी के बैनर तले 1800 के बाद से ज्ञान और वैश्विक असमानता है, विषय पर व्याख्यान श्रृंखला 2 का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर अर्थशास्त्री प्रो. देवनाथ ने उपरोक्त विषय पर अपने विचार रखे। डॉ. हरीश्वर दयाल ने शिक्षा को उद्योग से जोड़ने पर बल दिया। मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. फादर केनेडी सोरेंग एसजे, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुदामा चौबे, डॉ. शिशिर चौधरी, आईएचडी के डॉ अश्विनी कुमार, डॉ. विनय कुमार पाण्डेय, डॉ. मनोहर लाल, प्रो. बी.के. सिन्हा, डॉ. संजय सिन्हा सहित कॉलेज के अन्य प्राध्यापक व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## सिरमटोली केंद्रीय सरना स्थल को बचाने के लिए आदिवासी संगठनों की महाआक्रोश बैठक

# 25 फरवरी को मानव शृंखला बना कर होगा विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीरमटोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल के मुख्य द्वार के सामने फ्लाईओवर निर्माण कार्य चल रहा है। फ्लाईओवर निर्माण से सरना स्थल का मुख्य प्रवेश द्वार लगभग ढक जा रहा है। इसके विरोध में राज्य भर के विभिन्न आदिवासी संगठनों ने शनिवार को बैठक कर विरोध किया। बैठक के बाद इस सीएम का पुतला भी जलाया गया। बैठक में सोनू खलखो, बिरसा उरांव, पवन तिर्की, गीताश्री उरांव, निरंजना हेरेंज टोपो, संगीता कछाप, आकाश तिर्की, आकश बैक, संदीप उरांव, रवि मुंडा, सुशीला कछाप, अजय तिर्की, नारायण उरांव, प्रवीण टोप्पो, संजय तिर्की, प्रवीण कच्छप, पवन, चंपा कुजूर, झरी लिंडा, सुशिल उरांव, संगीता उरांव, सुशीला उरांव, आकाश तिर्की, रवि मुंडा, कुमदनी प्रभावती, विजय उरांव, रवि खलखो इत्यादि हजारों लोग मौजूद थे। महाआक्रोश बैठक की अध्यक्षता पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने की और संचालन राहुल तिर्की ने किया।



**सीएम आवास से बिरसा चौक तक 25 फरवरी को होगा विरोध**

24 फरवरी से बजट सत्र का सुरुवात होगा इसी कड़ी में 25 फरवरी को हजारों की जनसँख्या में राज्य भात के विभिन्न आदिवासी संगठनों के महिला पुरुष के द्वारा मुख्यमंत्री आवास कांके रोड से बिरसा चौक तक मानव श्रृंखला बनाकर मुख्यमंत्री से सरना स्थल बचाने को लेकर अनुरोध किया जायेगा।

## दिशा और अनुश्रवण समिति की बैठक में विकास योजनाओं पर हुई चर्चा, अधिकारियों को फटकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित दिशा जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति की बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस बैठक में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, खूंटी सांसद काली चरण मुंडा, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत और डीसी मंजुनाथ भजंत्री आदि उपस्थित थे।

बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, अमृत सरोवर, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना सहित कई अन्य विकास योजनाओं पर चर्चा हुई। सांसद और विधायक ने अधिकारियों से सवाल किया और योजनाओं की जमीनी सच्चाई के बारे में जानकारी ली गई। बैठक में कई अधिकारियों को योजना से संबंधित फटकार लगाई गई। सांसद ने पदाधिकारी का अटेंडेंस लिया और पाया कि बैठक में कई पदाधिकारी नदारद रहे थे। इसके बाद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद सुखदेव भगत, हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने अधिकारियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।




**राज्य में चल रही योजनाओं की हालत :** बताते चलें कि राज्य में चल रही योजनाओं की हालत कई जगहों पर बहुत बुरी है। खास तौर पर जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को लेकर सांसद और विधायक ने फटकार लगाई और अधिकारियों पर उचित कार्रवाई के लिए डीसी को निर्देशित किया।

# टाटीसिलवे में श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**● होली के रंग और भक्ति की बौछार में सराबोर हुआ पंडाल**

खबर मन्त्र संवाददाता





**नामकुम।** टाटीसिलवे में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य समापन शनिवार को हो गया। कथा के समापन अवसर पर इंद्रेश जी उपाध्याय ने कथा के दौरान मधुमंगल के हास्य प्रसंग,केशी वध, कंस उद्धार, सुदामा की मित्रता, रुक्मिणी विवाह और 16108 विवाह जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया। मधुमंगल और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में भक्तों ने हास्य रस का आनंद लिया, जब मधुमंगल ने श्रीकृष्ण से उनके मुकुट और पीतांबर मांगे ताकि गोपियां उनसे प्रेम करें। वहीं केशी राक्षस के वध की कथा ने भगवान की शक्ति का परिचय कराया, जब श्रीकृष्ण ने अपने हाथों से राक्षस का संहार किया। कंस वध के प्रसंग में भगवान के बाल्यकाल के अद्भुत लीलाओं और अत्याचारी कंस के अंत की कथा सुनाई गई। इसके बाद सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता ने भक्ति और प्रेम का भाव उत्पन्न किया, जब गरीब ब्राह्मण मित्र को श्रीकृष्ण ने अपार वैभव प्रदान किया। इंद्रेश जी महाराज ने रुक्मिणी विवाह और 16108 विवाह प्रसंग में बताया गया कि भगवान ने रुक्मिणी को हरण कर विवाह किया और बाद में नरकासुर से मुक्त कराई गई 16108 कन्याओं से विवाह कर उन्हें सम्मान दिया। भक्तों ने इस कथा को सुनकर जयकारे लगाए और भक्ति भाव में डूब गए।

**फूलों की होली से भक्तों ने लिया वृंदावन का आनंद :** कथा के बाद इंद्रेश जी महाराज ने भक्तों के बीच जाकर काफी तक होली खेली। इस दौरान पूरे पंडाल में फूलों की बौछार होती रही। महाराज जी स्वयं पुष्प टोकरी से फूल उठाकर भक्तों पर फूल बरसाते रहें, जिससे माहौल पूरी तरह वृंदावन की होली जैसा हो गया। उन्होंने वृंदावन की होली का जिक्र करते हुए कहाए भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में प्रेम, आनंद और उत्सव का संदेश दिया। वृंदावन की होली प्रेम और भक्ति का प्रतीक है, जहां राधा कृष्ण संग गोपियां भी आनंदित होती थीं।

**रक्तदान शिविर में 162 यूनिट ब्लड संग्रह :** श्रीमद् भागवत कथा के दौरान समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 162 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। यह रक्तदान शिविर रिम्स ब्लड बैंक और हेल्थ पॉइंट ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया गया था। महाराज जी ने व्यास पीठ से कहा था, रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इससे हम न जाने कितनी जिंदगियों को बचा सकते हैं। यह भी एक सच्ची भक्ति है। इसके बाद बड़ी संख्या में भक्तों ने रक्तदान किया।

**श्रीमद् भागवत कथा से भक्तों को मिली आध्यात्मिक ऊर्जा :** श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति टाटीसिलवे के अध्यक्ष रासेश्वर नाथ मिश्रा ने कहा कि इस आठ दिवसीय कथा महोत्सव में भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान किया और उनके जीवन से जुड़े गूढ़ रहस्यों को समझा।श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है। इसमें समस्त मानव जाति के कल्याण का मार्ग है। टाटीसिलवे में हुए इस पावन आयोजन ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति, प्रेम और सेवा का संदेश दिया, जो लंबे समय तक उनकी स्मृतियों में अंकित रहेगा।

## तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव 9 मार्च से



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मण्डल का तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी महोत्सव दिनांक 9 मार्च से 11 मार्च तक अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यक्रम अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में आयोजित किये जायेंगे। महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप देने हेतु मण्डल के सदस्यगण पूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम को लेकर पूरे मन्दिर की साफ-सफाई के पश्चात आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जा रहा है। 9 मार्च को अपराह्न 3 बजे श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर (सेवा सदन हॉस्पिटल के निकट) से विधि विधान से निशान (ध्वजा) यात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर पहुंचेगी। 10 मार्च को रात्रि 9 बजे से मन्दिर में मुख्य कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। 11 मार्च को श्री श्याम प्रभु का द्वादशी दर्शन, 251 सवामणि भोग, अखंड ज्योत व द्वादशी पूजन आयोजित होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने दी।

## बड़ाघाघरा से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंदिर लोहरा टोली बड़ा घाघरा डोरंडा के 73वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर शनिवार को मंदिर प्रांगण से सैकड़ों महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा के आगे प्रचार वाहन से भगवान श्री रामचंद्र जी एवं श्री हनुमान जी की जय जयकार लगाते हुए भक्त चल रहे थे साथ ही नगाड़े की आवाज से पूरा माहौल भक्तिमय बन गया था। 73वें वार्षिकोत्सव के मौके पर आज सुबह 10:00 बजे से पूजा अर्चना के पश्चात 108 हनुमान चालीसा एवं महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा।

कलश यात्रा में मुख्य रूप से श्री राम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष भाजपा के युवा नेता रोहित शारदा, श्री महावीर मंडल डोरंडा के अंकित सिंह, रोहित ठाकुर भाजपा डोरंडा मंडल अध्यक्ष पीयूष विजयवर्गीय, माधवनगर के कार्यवाह शैलेश सिंह, स्थानीय पूर्व वार्ड पार्षद श्रीमती मार्गेट सहित अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संस्था के प्रमुख इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 146वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, उपमंत्री अनिल नारनौली, रामराज जाट, नंदू देवी, दीक्षा कनिका, नवीन आदि ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों को भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। रामराज जाट परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गयीं। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथमदेव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव ने दी।

## खबर एक नजर में

### केकेआर की आइपीएल ट्रॉफी टूर ने रांची में चैंपियनशिप जीत की खुशी साझा की




**रांची।** कोलकाता नाइट राइडर्स की ऐतिहासिक ट्रॉफी टूर अपने सफर के तहत शनिवार को रांची पहुंची, जहां टाटा आईपीएल 2024 चैंपियनशिप जीत की खुशी पूरे सिटी ऑफ वाटरफॉल्स में साझा की गई। प्रतिष्ठित ट्रॉफी को सबसे पहले स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के पास प्रदर्शित किया गया, जो प्रेरणा और इतिहास का प्रतीक मानी जाती है। इसके बाद, यह जेडी हाई स्ट्रीट मॉल पहुंची, जहां प्रशंसकों ने इस जश्न में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। टूर अब 28 फरवरी को गंगटोक पहुंचेगा, जिसके बाद यह आगामी हफ्तों में और भी शहरों में जाएगा, ताकि केकेआर की टाटा आईपीएल 2024 जीत का जश्न पूरे देश के फैंस के साथ साझा किया जा सके।

### सात दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला एवं आध्यात्मिक प्रदर्शनी का उद्घाटन



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नवा टोली बाडू पिठौरिया शाखा द्वारा शिव रात्रि पर्व के मौके पर आयोजित सात दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग मेले एवं आध्यात्मिक प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन शनिवार को किया गया। इस सात दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग मेले का उद्घाटन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पिठौरिया कि संचालिका बीके राजमती, चिरंजीवी कांसेप्ट स्कूल के उप निदेशक एस के सिन्हा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं प्रदर्शनी का फीता काट करके किया।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति करेगी भव्य पूजा



**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुताहा तालाब इस वर्ष धूमधाम से मनाया जायेगा। इसको लेकर शनिवार को बैठक की गई। इसकी तैयारी को लेकर 2 मार्च को बैठक की जायेगी। बैठक में संजय कुमार सिंह (लल्लू सिंह), नमन भारतीय, आकाश रजक, करण सिंह, मोहित रजक, रोहन सिंह, अर्जुन सिंह, पवन रजक, यश वर्मा, प्रियांशु वर्मा आदी कार्यकर्त्ता मौजूत थे। यह जानकरी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

### मारपीट की घटना में दोनों पक्षों ने प्राथमिकी दर्ज करायी

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी सोनी परवीन ने गांव के हीं कुछ लोगों उसे और उसके पति मो परवेज पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले के संबंध में बताया गया कि शनिवार की सुबह पड़ोस में रहने वाली फराना खातून पति असहाब खान और उसकी ननद रुकैया खातून पति एहसान के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी । उसमें सोनी का नाम आ रहा था इससे गुसाए सोनी खातुन ने फरहाना खातून के साथ मारपीट करने लगी इसके बदले मे फराना खातून ने भी लोहे की बनी गैस स्टेन से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। इससे उसका सिर फट गया और जख्मी हो गई। इसके बाद घटना को लेकर सोनी और उसके पति परवेज खान थाने पहुंचे। थाना से जब वे बाहर निकल हीं रहे थे कि इसी बीच ठीक थाना गेट के सामने पहले से मौजूद फराना का बहनोई महेशपुर निवासी टेनू उर्फ रुस्तम खान, ससुर जहांगीर अंसारी, बहन अंजुम खातून एवं फराना ने मिलकर उसके पति मो परवेज पर हमला कर कर हेलमेट से मार कर जख्मी कर दिया। सोनी परवीन ने घटना को लेकर फराना खातून, जहांगीर अंसारी रुस्तम खान एवं अंजुम परवीन के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। इधर अंजुम परवीन ने भी सोनी परवीन, पम्मी खातून, जैनुल खान, फैशन खातून एवं कलेमुन खातून पर मारपीट, गाली गलौज एवं गला दबाकर जान से मारने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत की है।

## नाइटिंगल पब्लिक स्कूल हेसल का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मना



**अनगड़ा।** नाइटिंगल पब्लिक स्कूल हेसल में शनिवार को वार्षिक उत्सव समारोह रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और उत्साहपूर्ण कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर छात्रों ने एक से बढ़कर एक नृत्य, संगीत और क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ' कार्यक्रम का संचालन डॉ. गुलजार अंसारी ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा और जिप सदस्य और पूर्व प्रमुख राजेंद्र शाही मुंडा उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता रामसाय मुंडा हेसल मुखिया कविता देवी तथा अतिथि फारूक अंसारी, शकील अंसारी, मोबारक अंसारी, अहमद अंसारी, इमरान अंसारी, मो. इनाम अंसारी, कुदूस अंसारी और इलयास अंसारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अनुराधा मुंडा और राजेंद्र शाही मुंडा ने अपने संबोधन में कहा, बच्चे देश का भविष्य हैं, और इस तरह के आयोजनों से उनका सर्वांगीण विकास होता है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि ये बच्चे खूब आगे बढ़ें और स्कूल के साथ-साथ देश का नाम रोशन करें।विद्यालय के प्रिंसिपल सलेहा आजमी वाइस प्रिंसिपल मनीषा राय और डायरेक्टर रेयाज अंसारी सहित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। तीन वर्षों में एक बार आयोजित होने वाला यह वार्षिक उत्सव छात्रों अभिभावकों और शिक्षकों के लिए यादगार बन गया।

## निर्मला कॉन्वेंट में गीता श्लोक पाठ प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल एदलहातू में शनिवार को छात्र-छात्राओं के लिए गीता श्लोक पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीता के विभिन्न श्लोकों का पाठ किया और उनके अर्थों पर चर्चा की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आकर्षक नृत्य भी किया तथा उनके जीवन दर्शन को भी मनमोहन रूप से दिखाया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को गीता के महत्व और इसके श्लोकों के अर्थों के बारे में बताया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने गीता के विभिन्न श्लोकों का पाठ किया। उन्होंने श्लोकों के अर्थों पर चर्चा की और उनके जीवन में कैसे लागू किया जा सकता है, इस पर भी चर्चा की।

वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को गीता के श्लोकों के अर्थों के बारे में बताना और उन्हें अपने जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित करना था। श्रीमती शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को तथा विद्यालय परिवार को इस अद्भुत आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया और सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को गीता के श्लोकों को अपने जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित किया।

विजयी छात्र-छात्राओं के नाम क्रमशः सुहानी कुमारी (कक्षा अष्टम), स्वीटी कुमारी (कक्षा सप्तम) तथा अनन्या कुमारी (कक्षा नवम) शामिल हैं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं किरण कुमारी, एनिमा इक्का, आशुतोष कुमार, अनामिका छेत्री, सुधा राणा इत्यादि मौजूद थे।

## बीआइटी मेसरा में फैकल्टी क्रिकेट लीग शुरू

**● टूर्नामेंट में छह टीमें ले रहीं हिस्सा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बीआईटी मेसरा में प्रोफेसर सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैकल्टी क्रिकेट लीग का 14वां संस्करण 22 फरवरी से शुरू हुआ। कुल छह टीमें इसमें भाग ले रही हैं। उन्हें दो समूहों में विभाजित किया गया है। समूह ए में मैकेनिकल चैलेंजर्स, रॉयल एडमिन्स, देवघर प्रीडेटर्स और ग्रुप बी में कंप्यूटर सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स पॉलीस्ट्राइकर्स, इलेक्ट्रो ब्लास्टर्स हैं। डिफेंडिंग चैंपियन, रॉयल चैलेंजर्स पोलिस्ट्राइकर्स और रॉयल एडमिन्स ने उद्घाटन मैच में अपने-अपने मुकाबले में जीत से प्रतियोगिता की शुरूआत की। टूर्नामेंट का उद्घाटन विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक मैदान में निदेशक (विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक, बीआईटी मेसरा) डॉ विजया लक्ष्मी ने किया। ग्रुप बी का पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स पॉलीस्ट्राइकर्स बनाम इलेक्ट्रोब्लास्टर्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर रॉयल चैलेंजर्स पोलिस्ट्राइकर्स ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया।

इलेक्ट्रोब्लास्टर्स ने 12 ओवर 4 विकेट खोकर 89 रन बनाए। दुर्गा ने 18, अरविंद ने 33 और कार्तिक ने 18 रन बनाए। रॉयल्स के लिए अलोक ने तीन विकेट लिए। जवाब में रॉयल चैलेंजर्स ने 8 ओवरों में 1 विकेट खोकर 91 रन बनाए। अजय 34 रन बनाकर नॉट आउट रहे। चंचल ने 32 रन बनाए। अजय को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच समूह ए के रॉयल एडमिन्स बनाम मैकेनिकल चैलेंजर्स के बीच हुआ। टॉस जीतकर मैकेनिकल चैलेंजर्स ने पहले फील्ड करने का फैसला किया। रॉयल एडमिन्स ने 12 ओवरों में 3 विकेट पर 94 रन बनाए। नंदलाल ने 38 और अंकित ने 34 रन बनाए। अनिल, मुकेश और ओमप्रकाश ने 1-1 विकेट लिये। जवाब में मैकेनिकल चैलेंजर्स ने 7 विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए। मृणाल जेना ने 38 और ओमप्रकाश पांडे ने 21 रन बनाए। एडमिन्स के लिए संजय ने दो और नंदलाल ने एक विकेट लिये। रॉयल एडमिन ने मैच 13 रन से जीता। बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए रॉयल एडमिन के नंदलाल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉ श्रीधर पटनायक द्वारा प्रदान किया गया।

## आदिवासी महिला के खाते से एक करोड़ रुपये निकासी कर ठगी के मामले में एक गिरफ्तार

**अनगड़ा।** गरीब विकलांग आदिवासी महिला और उसके पति पुसुवा मुंडा के बैंक एकाउंट से करीब एक करोड़ रुपये से अधिक राशि की अवैध रूप से निकासी कर ठगी किए जाने के आरोप में अनगड़ा पुलिस ने सुरेश कुम्हार पिता नारायण कुम्हार को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि इस संबंध में संध्या देवी ने अनगड़ा थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। संध्या देवी के आवेदन पर अनगड़ा पुलिस ने अनगड़ा थाना कांड संख्यां 52/23 दिनाक-01.08.23 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया था। अनुसंधान के क्रम में साक्ष्यों के आधार पर प्रारम्भिक रूप से इस कांड में सुरेश कुम्हार की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि संध्या देवी के पति पुसुवा मुन्डा की सीएनटी जमीन खाता संख्या 123 प्लॉट संख्या 3348 तथा 3349 रकबा 2.33 एकड़ जमीन को तत्तकालीन उपायुक्त छविरंजन कुमार से सीएनटी एक्ट की धारा 49 के तहत परमीशन कराकर बालाजी फैक्ट्री के मालिक वेंकट रमण अनशुल आनंद और विकास चन्द्र ने अपने नाम से रजिस्टर्ड बिक्री पट्टा करवा कर जमीन की एक करोड़ से अधिक की राशि को स्थानीय बैंक में जमा न करवाकर कांटाटोली स्थित एचडीएफसी बैंक में जमा करवा दिया और बाद में खाताधारक के सिमकार्ड को हथिया कर पे फोन और चेक के माध्यम से एक माह के अन्दर एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि को निकासी कर हड़प ली गई थी।

## डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

खबर मन्त्र संवाददाता





**ओरमांझी।** डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल मेसरा में शनिवार को एक समारोह आयोजित कर वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, स्किल इंडिया मिशन, अनेकता में एकता, भारत की विशेषता और भारत के विविध रंगों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। छात्राओं ने अपने संगीतमय नृत्य के माध्यम से देश की विरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की शौर्य का प्रदर्शन किया। वहीं देश के विभिन्न प्रदेशों के नृत्य प्रस्तुत किये गये। स्कूली छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति, खासकर छोटे बच्चों के मनमोहक नृत्य पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजा कर सराहना की। इसके अलावा शिक्षकों ने भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बाद में स्कूल के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुरेश बैठा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्कूली बच्चों की प्रस्तुति व प्रतिभा की सराहना की। विद्यालय के बच्चों के लिए एक लाइब्रेरी व पांच कंप्यूटर देने की घोषणा करते हुए उन्होंने वर्तमान समय की शिक्षा के महत्वों पर प्रकाश डाला, कहा आधुनिक समय में बच्चों को संस्कारी व हिन्दी के साथ अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा देना जरूरी है। काफी कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावकों को विश्वास प्राप्त करना भी विद्यालय में बच्चों को उच्चस्तीय शिक्षा को प्रमाणित करता है। वहीं प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने भी विद्यालय को एक मंच देने की घोषणा की और विद्यालय के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए शिक्षकों की सरहाना भी की। इससे पूर्व विद्यालय के सचिव सह जिप सदस्य संजय कुमार व प्राचार्या डा. प्रभारी रानी ने अतिथियों को सम्मानित किया और विद्यालय की उपलब्धि व छात्रों की सफलता का श्रेय बच्चों के अभिभावकों को दिया। बताया 40 बच्चों से विद्यालय शुरू हुआ था। मात्र दो वर्ष में 540 हो गए हैं। कहा क्षेत्र के लोग सामान्य परिवार के हैं, बावजूद सभी अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के प्रति गंभीर हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अमृता व नीतू कपूर ने किया। स्कूल के जिप सदस्य संजय कुमार, संस्थापक सह पूर्व प्रमुख प्रेमचंद महतो, मनरखन महतो, डा. महेष प्रसाद, पुलिस विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष देवचंद मुंडा, मुखिया सुशीला देवी, पंसस मदन महतो, सुरज प्रकाश, प्राचार्या डॉ० प्रभा रानी, उमेष यादव, मोतीलाल महतो, उपेंद्र प्रसाद, पंसस मदन महतो, रामकिशोर महतो, विजयनारायण खन्ना, बबलू मुंडा, संदीप राम, हरिमनी सुबैदी, नागेश्वर महतो, राजवल्लभ प्रसाद, कुश कुमार, अनिता देवी, ललिता, प्रीति, ममता, ज्योति, अंजु, किरण, गीता, शीला, रवि, अवनिष, शिवशंकर जयंति व मितु सहित शिक्षक सहित कई लोग उपस्थित थे।

# इटकी प्रखंड के स्थापना दिवस पर कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


समारोह को संबोधित करते मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की।

**इटकी।** इटकी प्रखंड का स्थापना दिवस समारोह शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। मौके पर प्रखंड स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता शमशेर आलम, जिप सदस्य रीना देवी, उप प्रमुख परवेज राजा, बीडीओ प्रवीण कुमार और सीओ मो अनीस ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लाखों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया। समारोह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कृषि क्षेत्र में रोजगार के अपार संभावनाएं हैं। कृषक सही तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर कृषि से अपनी आमदनी बेहतर कर सकते है। समारोह को कांग्रेस नेता शमशेर आलम व बीडीओ प्रवीण कुमार ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

# ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, किसान निराश




ओलावृष्टि से नुकसान फसल को दिखता किसान।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार शाम बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से खेत में लगे सब्जी फसल बर्बाद हो गई है। प्रखंड के तेलवाडीह, जामुदाग, तेतला, बारेंदा, गलऊ तथा राहे प्रखंड के दुलमी पंचायत में ओलावृष्टि से किसानों की कमर तोड़ दिया है।10 मिनट ओलावृष्टि हुई है। ओलावृष्टि से बीम, टमाटर, मिर्ची, लौकी, प्याज, गेंहू, सरसों की फसल बर्बाद हुये है। तेलवाडीह पंचायत के किसान क्षेत्रपाल कोईरी, मीडियम कोईरी, दयामय कोईरी, भुवनेश्वर महतो, प्रहलाद महतो, जामुदाग पंचायत के जितेंद्र कोईरी, रामानंद कोईरी, दिलीप कोईरी, विशाल कोईरी तथा राहे प्रखंड के दुलमी गांव के सभी किसानों के 50 एकड़ में लगे सब्जी फसल नष्ट हुए है। ओलावृष्टि और नुकसान की जानकारी प्रखंड और अंचल कार्यालय में किसानों ने दिया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी विष्णु खंडित ने कहा कि जिन किसानों का फसल नुकसान हुआ है जरूरी कागजात के साथ अंचल में आवेदन दे सकते है। आवेदन के आलोक में जांच कर रिपोर्ट जिला कार्यालय को दिया जायेगा। जिला के निर्देश पर ही मुआवजा प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

## नरकोपी थाना में शांति समिति की बैठक आज

**बेड़ो।** आगामी महाशिवरात्रि व रमजान और थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर नरकोपी थाना परिसर में रविवार को अपराह्न दो बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने इस बैठक में थाना क्षेत्र के सभी समाजसेवियों प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों व शांति समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे वर्णित निविदा सं. के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके खुलने की नियत तिथि 12.03.2025 को 15.00 बजे है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार है: **1. एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-131,** एसएसई/सिग/टाटानगर के अधीन शाखा में विविध सिग्नलिंग कार्य। **निविदा लागत:** रु.97,08,597.26, **बयाना राशि:** रु. 1,94,200/-, **2. एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-132,** चक्रधरपुर मंडल के तहत एलवीसीडी के ड्यूएल डिटेक्शन का प्रावधान। **निविदा लागत:** रु.81,66,280.10, **बयाना राशि:** रु. 1,63,300/- **कार्य समापन:** क्रम सं. 1 हेतु 12 माह और क्रम सं. 2 हेतु 09 माह। निविदा का विवरण वेबसाइट **http:// www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा।

(PR-1157)



**शपथ पत्र**

नोटरी पब्लिक, लोहरदगा

मैं, इंजरकन खलखो पिता मेझरेन खलखो निवासी जी.ई.एल. मिशन कम्पाउण्ड मधुबन टोली लोहरदगा थाना एवं जिला लोहरदगा एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूँ:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।

2 यह कि आधार कार्ड सं0 2719 2438 8586 है जिसमें मेरा नाम ENJARKAN KHALKHO दर्ज है जो सही है।

3. यह कि मेरे नाम से ड्राइविंग लाइसेंस बना है जिसका लाइसेंस नं० JH0819990004806 है जिसमें मेरा नाम ESNJRAS KHALKHO दर्ज है जो गलत है।

4. यह कि उक्त लाइसेंस में ESNJRAS KHALKHO के स्थान पर मेरा सही नाम ENJARKAN KHALKHO सुधार किया जाए इस निमित यह शपथ पत्र सम्पादित कर रहा हूँ।

5. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 22.02.2025 ई0 को लोहरदगा में सम्पन्न किया गया ।

Serial No:209358


**खबर | एक नजर में**

## पेंशन और आवास की समस्या को लेकर प्रतिनिधिमण्डल ने ज्ञापन सौपा

**नामकुम।** शनिवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर के नेत्तव में एक प्रतिनिधिमंडल वृद्वा, विधवा, विकलांग पेंशन तथा आवास संबंधी समस्या को लेकर बीडीओ नामकुम से मिलने पहुंचा पर बीडीओ से मुलाकात नहीं हो पाने पर प्रखंड कार्यालय के बडा बाबू को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विगत एक वर्ष से प्रखंड सहित पुरे राज्य में वृद्वा, विधवा, विकलांग पेंशन धारियों को पेंशन की राशि नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण समाज के सबसे गरीब और निचले तपके के लोगों को अपना जीवन यापन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है साथ ही साथ एकल, विधवा और निराश्रित महिलाओं को आवास देने में सरकार लापरवाही बरत रही है। जिसके कारण कई ऐसे निराश्रित महिलाएं आवास की के लाभ से वंचित है,बताया कि हरदाग पंचायत के सुकुरहुटू निवासी विनीता लकड़ा के माता पिता दोनों की मृत्यु हो जाने के बाद उसके आगे पीछे कोई नहीं है, किसी तरह अपना जीवन यापन कर रही थी। अब तबियत खराब होने हार्ट सर्जरी के बाद कोई काम कर पाने में असमर्थ है,पिछले चार पांच साल से आवास की मांग कर रही है किन्तु एक गरीब महिला को आपास नही मिल पा रही है। प्रतिनिधिमण्डल में मुख्य रूप से आरती कुजूर, जुली कच्छप, बुधनी कच्छप, बेरोनिका होरो, बुधनी देवी, विनीता लकड़ा, मोती लकड़ा, पार्वती कच्छप उपस्थित थे।

## आंदोलनकारियों को नजरअंदाज करना उनका अपमान : बिनोद कुमार सिन्हा



**इटकी।** इटकी अलग प्रखंड की मांग को लेकर इटकी नागरिक परिषद के बैनर तले 14 वर्षो तक आंदोलन करने वाले आंदोलनकारियों को आयोजनकर्ताओ द्वारा प्रखंड स्थापना दिवस समारोह में नजरअंदाज करने से इटकी नागरिक परिषद के आंदोलनकारी बिनोद कुमार सिन्हा ने कहा ये आंदोलनकारियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथी द्वारा अपने सम्बोधन में प्रखंड सृजन हेतु निरन्तर चौदह वर्षों तक तन-मन-धन से न्योछावर आन्दोलनकारियों की योगदान तक की चर्चा नहीं किये जाने से आन्दोलनकारी और इटकी के ग्रामीणों द्वारा अपना अपमान समझा गया। वहीं दुसरी ओर समारोह में आये आंगतुकों को कड़ी धुप में बैठने की व पानी तक व्यवस्था नहीं होने पर भी आंगतुकों द्वारा उंगली उठाई गयी। श्री सिन्हा ने कहा कि आयोजक द्वारा ऐसा रवैया अपनाने पर आक्रोशित आन्दोलनकारियों का कहना है कि यह पिछले कई वर्षों से आंदोलनकारियों को अपमान किया जा रहा है ऐसे में कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित करने का औचित्य समझ में नहीं आता है।

## डॉ तारिक अनवर ने खलारी व मैकलुस्कीगंज पीएचसी का किया निरीक्षण

**खलारी।** सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र बुढमू के प्रभारी डॉ तारिक अनवर ने शनिवार को खलारी पीएचसी एवं मैकलुस्कीगंज पीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होने खलारी पीएचसी प्रभारी डॉ इरशाद के साथ दोनों जगहों पर स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल जाना। साथ ही कई आवश्यक दिशा दिर्नेश दिया। डॉ तारिक अनवर दोनों पीएचसी में अन्य जरूरी सुविधाओं को उपलब्ध कराने का आशवासन भी दिया। इससे पुर्व डॉ तारिक अनवर के खलारी पीएचसी पहुंचने पर पीएचसी स्टॉफ के द्वारा उनका बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर लैब टेक्निशीयन परवेज आलम, लैब टेक्निशीयन तब्बु, एमपीडब्लु सुमित कुमार, एनएनम अपर्णा उरांव, अनिता कुमारी, प्रफुलित बेक, पूनम कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## टूरिस्ट होटल से एलईडी टीवी की चोरी

**सिकिदिरी।** पर्यटन स्थल हुंडरू फॉल के टूरिस्ट कॉम्पलेक्स सह होटल के एक कमरे में लगे एलईडी टीवी को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। घटना शुक्रवार रात की है। इस संबंध में होटल के संचालक ने सिकिदिरी थाना को सूचना दी है। एएसआई बाबूलाल टूडू ने बताया कि चोर होटल के पिछले खिड़की से अंदर दाखिल हुए थे। मालूम हो कि उक्त होटल का अभी उदघाटन नहीं हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# प्रगति मानव सहयोग समिति की दूसरी वर्षगांठ आज

- स्कूली बच्चों को मिलेगा बैग
- विकलांगों को ट्राई साइकिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**


असलम अंसारी।

**रातू।** बिजुलिया रोड स्थित गणिनाथ मंदिर के समीप राज्य सरकार की ओर से निबंधित संस्था प्रगति मानव सहयोग समिति की रविवार को दो दिनी दूसरी वर्षगांठ मनायी जायेगी। इसमें चयनित स्कूल के छात्र-छात्राओं को बैग दिया जायेगा। वहीं, विकलांगों को ट्राई साइकिल दी जायेगी। समारोह में पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख, एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन कमरुल हक, राज्य खाद्य आयोग की सदस्य और प्रभारी चेयरमैन शबनम परवीन, मुखिया प्रभा तिर्की, परिना कच्छप, झामुमो नेता धर्मेंद्र सिंह, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, प्रखंड अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी व उप मुखिया मासूमा परवीन आदि बतौर अतिथि शामिल होंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष असलम अंसारी ने शनिवार की शाम पत्रकारों को दी।

**लगेंगे चिकित्सा शिविर**

उन्होंने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाये जायेंगे। इसमें विभिन्न रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की इलाज करेंगे। ब्लड प्रेशर और खून जांच भी की जायेगी। कार्यक्रम की शुरूआत दिन के 11 बजे होगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

## आगलगी में लाखों का सामान हुआ राख



**राहे।** थाना क्षेत्र के कोकरोडीह, चागोटोली के भगीरथ महतो के घर में आग लगने से एक लाख तक का घरेलू समान जल कर हुए राख। घटना शनिवार सुबह 10 बजे के आसपास की है। घर मे आग की लपटें दिखाई दिया तब आगलगी की जानकारी हुई। आसपास के लोगो की मदद से आग पर काबू कर लिया गया और आग को बुझा दिया गया। घर का एक हिस्सा आग से जल गया है। आगलगी में 2 किविंटल चावल, 5 किविंटल धान, जमीन के कागजात ओर कई घरेलू सामान जल कर राख हुए है। आगलगी में एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

## शिवरात्रि के पूर्व निकाली गई शिव झांकी



**सोनाहातू।** ओम शान्ति शिशु विद्या मंदिर जाहेरडीह ओर प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जाहेरडीह से जामुदाग तक शिव झांकी निकाली गई। इस दौरान शिव महिमा का वर्णन किया है। झांकी जामुदाग पहुंचने पर के बच्चों के द्वारा नशा मुक्ति अभियान को लेकर नुक्कड़ नाटक किया गया। नाटक के माध्यम से लोगों को नशा से दूर रहने की सलाह दिया गया। मौके पर तेलवाडीह पंचायत के मुखिया सरिता देवी, फणिभूषन सिंह मुंडा, विद्यालय के निर्देशिका गंगा देवी , चितरंजन महतो, अजीत कोइरी, मनोरंजन प्रमाणिक, राजेश कोइरी, शुभेंदु कोईरी, कमलाकांत हजाम, अनीता देवी, रेखा बहन, मंजू बहन, कुलजन भाई, सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## श्रीश्री देवी मंडप की वार्षिक महोत्सव

# 201 महिलाओं ने निकली कलश यात्र


कलश यात्रा में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व महिलाएं।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** श्रीश्री देवी मंडप डहु बरटोली ओरमांझी की वार्षिक महोत्सव को लेकर शनिवार को आसपास गांव के 201 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से गांव भ्रमण करते हुए सपही नदी जलाशय पहुंची। वहां से विधिवत पूजा व मंत्रोचारण के साथ कलश में जलभर कर वापस यज्ञ स्थल पर पहुंचे। इस दौरान कलश यात्रा में बाजे-गाजे के साथ शामिल लोग देवी देवताओं की जयकारा लगा रहे थें। कलश यात्रा में मुख्य रूप से शामिल पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा वर्ष में एक बार मंदिर की वार्षिक महोत्सव पर सभी सनातनी भक्त सामुहिक रूप से अपने भगवान का आहवान करते हैं। ईश्वर की कृपा ही है कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में इस प्रकार के लगातर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, और प्रखंड के वासी भी इन आयोजन से हर्षित हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर महतो, सचिव रामएकबाल तिवारी ने बताया पांच दिवसी इस धार्मिक आयोजन में रात्रि में कथा प्रवचन आरती होगी। वहीं 27 फरवरी को भंडारे के साथ आयोजन संपन्न होगी। कलशयात्रा में सत्यनाराण तिवारी, समुंदर पाहन, नागेश्वर महतो, कुलश्वर ठाकुर, नरेश यादव, बलराम महतो, शंकर ठाकुर, क्षेत्र के समाजसेवी व काफी संख्या में महिलाएं शामिल थें।


**झारखण्ड विधान सभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा का द्वितीय (बजट) सत्र दिनांक-24/02/2025 (सोमवार) से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के **बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।**

(माणिक लाल हेम्ब्रम)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप संख्या : जनसम्पर्क - 02/2025- 295 / वि. स., राँची,
दिनांक : 13.02.2025


# विकास इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग में फेयरवेल कार्यक्रम

- अंजली महतो बनी मिस फेयरवेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व निदेशक।

**ओरमांझी।** विकास इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग नेवरी में शनिवार को फेयरवेल समारोह का आयोजन हुआ। जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा गीत संगीत व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सत्र 2022-24 की छात्रओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अध्यक्ष रामलखन मेहता, निदेशक राधाचरण सिंह, प्राचार्य डॉ एपी सिंह, डॉ सुमन कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राम लखन मेहता कहा सभी छात्रों को बेहतर की प्रिशक्षण के साथ सेवा व संस्कार की भी शिक्षा दी गई। अब इसी सेवाभाव व अनुशासन के साथ अपने कार्यो का निर्वहन करेगें। निदेशक ने कहा जिन उम्मीदों के साथ माता पिता ने नर्सिंग की शिक्षा दिलाई अब उन उम्मीदों को पुरा करने का समय आ गया है। बाद में अतिथियों द्वारा अंजलि महतो को मिस फेयरवेल ट्राफी देकर समानित किया। वहीं अनुशासन के साथ उल्लेखनीय करने वाले छात्राओं को प्रसस्ती पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ एपी सिंह, डॉ शिव प्रसाद सिंह, डॉ सुमन कुमारी, एसके तिवारी, सतेन्द्र सिंह, अनील सिंह, मोहम्मद इरशाद, सुमित कुमार सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# बेड़ो: महिला के साथ दुष्कर्म

**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने गांव के ही एक युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। वहीं महिला की शिकायत पर नरकोपी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को यौन शोषण के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ एक नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि 17 फरवरी दिन सोमवार को दोपहर करीब तीन बजे गांव का एक युवक उसके घर आ धमका?। साथ ही डरा धमकाकर और जान मारने की धमकी देते हुए मेरे साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इसी बीच उसके पति आ पहुंचे और मेरे पति ने मुझे उसके चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद आरोपी मेरे पति को धक्का मुक्की करते हुए भाग निकला। वहीं इस घटना के बाद मेरे पति ने मुझे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ समुचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है। वहीं थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने बताया कि इस संदर्भ में 10/25 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।


**कार्यालय, जिला परिषद, कोडरमा**

**अतिअल्पकालीन नीलामी**

**हाट–बाजार, बासोडीह (बरियारडीह), सतगावाँ प्रखण्ड (3rd Call)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025–26 (केवल 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए जिला परिषद् अन्तर्गत पूर्ण रूप से तैयार सैरात हाट–बाजार, बासोडीह (बरियारडीह), सतगावां प्रखण्ड की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा के कार्यालय कक्ष/सभागार, जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा में निम्नांकित तिथि को सम्पन्न की जायेगी–

| क्र0सं0 | हाट–बाजार का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | नीलामी की तिथि व समय | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | हाट–बाजार,बासोडीह (बरियारडीह)प्रखण्ड सतगावां | 1,10,400.00 | 11,040.00 | 04/03/2025 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता उपरोक्त कॉलम 04 में अंकित राशि के बैंक ड्राफ्ट के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर नीलाम शुरू होने के एक घंटा पूर्व तक जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के पदनाम से देय तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। उक्त नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्त जिला परिषद्, कोडरमा के कार्यालय सूचना पट्ट तथा कोडरमा जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुखय कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.346985 Panchayati Raj(24-25):D



**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**

**प्रपत्र VII**

**समाहर्त्ता या समुचित सरकार अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

चुंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना महतो अहरा रामपुर बसरीया (चौपारण) पथ में चौडीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य हेतु ग्राम–पाकर टांड, थाना–चौपारण, थाना सं0 –24 अंचल – चौपारण, जिला–हजारीबाग में कुल **0.092** एकड़ यानि 0.037232 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.092** एकड़ यानि 0.037232 हेक्टेयर है और जो ग्राम–पाकर टांड, थाना–चौपारण, थाना सं0 –24 अंचल – चौपारण, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन किया जाने वाला क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 01 | 04 | 38/1 | निजी | मकान/सहन | 0.007 | गोविन्द साव पिता रामेश्वर साव वो आदित्य प्रसाद केशरी वो दयानन्द प्रसाद पिता लक्ष्मी प्रसाद केशरी नि0 ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | भोला साव | प्लॉट नं0 37 |
| 02 | 04 | 38/2 | निजी | मकान/सहन | 0.007 | भोला साव पिता राधा साव नि0 ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | प्लॉट नं0 39 | गोविन्द साव वगै0 |
| 03 | 4 | 39 | निजी | टांड़–I | 0.007 | प्लॉट नं0 39 का रैयत | निज | रास्ता | संतोष प्रसाद | भोला साव |
| 04 | 4 | 40/1 | निजी | टांड़–I | 0.007 | संतोष प्रसाद यादव पिता ____ निवासी अम्झर | निज | रास्ता | आदित्य प्रसाद कें0 | प्लॉट नं0 39 |
| 05 | 4 | 40/2 | निजी | टांड़–I | 0.007 | आदित्य प्रसाद केसरी पिता लक्ष्मी प्रसाद केसरी, तीन अंश वो गणेश प्रसाद पिता शंकर प्रसाद एक अंश निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | बजरंगी प्रसाद | संतोष प्रसाद |
| 06 | 19 | 53 | निजी | टांड़–I | 0.006 | बजरंगी प्रसाद वो राजेन्द्र प्रसाद केशरी वो संतन प्रसाद केशरी पिता बद्री प्रसाद केशरी | निज | रास्ता | बजरंगी प्रसाद | आदित्य प्रसाद |
| 07 | 3 | 58 | निजी | टांड़–I | 0.001 | बजरंगी प्रसाद वो राजेन्द्र प्रसाद केशरी वो संतन प्रसाद केशरी पिता बद्री प्रसाद केशरी | निज | रास्ता | गोपाल साव | बजरंगी प्रसाद वगै0 |
| 08 | 3 | 59 | निजी | मकान/सहन | 0.004 | गोपाल साव पिता मुन्शी साव | निज | रास्ता | धर्जुन प्रसाद | बजरंगी प्रसाद वगै0 |
| 09 | 15 | 65 | निजी | टांड़–I | 0.001 | धर्जुन प्रसाद केशरी पिता जगदीश प्रसाद केशरी नि0 ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | कैलाश प्रसाद | गोपाल साव |
| 10 | 14 | 68 | निजी | टांड़–I | 0.011 | कैलाश प्रसाद केशरी पिता भुनेश्वर प्रसाद केशरी वो शीव कुमार केशरी पिता भुनेश्वर प्रसाद केशरी निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | द्वारिका पासवान | धर्जु प्रसाद केशरी |
| 11 | 11 | 70/1 | निजी | मकान/सहन | 0.001 | द्वारिका पासवान पिता इन्दो पासवान नि0 ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | प्रमोद केशरी | कैलाश प्रसाद |
| 12 | 11 | 70/2 | निजी | मकान/सहन | 0.001 | प्रमोद केशरी पिता लक्ष्मी साव | निज | रास्ता | अनिल प्रसाद | द्वारिका पासवान |
| 13 | 5 | 73/1 | निजी | टांड़–II | 0.002 | अनिल प्रसाद केशरी पिता शम्भु प्रसाद केशरी निज ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | दयानन्द प्रसाद केशरी | प्रमोद केशरी |
| 14 | 5 | 73/2 | निजी | टांड़–II | 0.005 | दयानन्द प्रसाद केशरी वो संजय प्रसाद केशरी वो दीपक प्रसाद केशरी पिता सरयु प्रसाद केशरी वो कैलाश प्रसाद केशरी पिता भुनेश्वर प्रसाद केशरी निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | मनोज केशरी | अनिल प्रसाद |
| 15 | 5 | 73/3 | निजी | टांड़–II | 0.002 | मनोज केशरी पिता हरी साव निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | पतिया देवी | दयानंद प्रसाद केशरी |
| 16 | 11 | 75 | निजी | टांड़–I | 0.002 | पतीया देवी पति लक्ष्मी प्रसाद केशरी वो सकुन्तला देवी पति गोविन्द प्रसाद केशरी नि0 ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | बिरिया दुसाद | मनोज केशरी |
| 17 | 13 | 100/1 | निजी | टांड़–I | 0.005 | बीरीया दुसाद पिता अमृत दुसाद निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | सुरेन्दर पासवान | परीया देवी |
| 18 | 13 | 100/2 | निजी | टांड़–I | 0.005 | सुरेन्द पासवान पिता हरीहर पासवान निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | ललधारी पासवान | बिरिया दुसाद |
| 19 | 13 | 100/3 | निजी | टांड़–I | 0.005 | ललधारी पासवान पिता बाढ़ो पासवान निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | प्लॉट नं0 105 | सुरेन्दर पासवान |
| 20 | 7 | 105 | निजी | टांड़–I | 0.006 | प्लॉट नं0 105 का रैयत | निज | रास्ता | ललधारी पासवान | निज |
| | | | | कुल | 0.092 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ग्राम–पाकर टांड, थाना–चौपारण, थाना सं0 –24 अंचल – चौपारण, जिला–हजारीबाग में कुल **0.092** एकड़ यानि 0.037232 हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण जा सकता है।

भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 346957 Land Reforms(24-25)D


## अर्मिता कॉलेज ऑफ नर्सिंग में फ्रेसर-डे कार्यक्रम का आयोजन

# बेहतर कार्य से सम्मान व पहचान मिलती है : शहदेव साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिता गरीब हो सकता हैं उम्मीदे गरीब नहीं होना चाहिए**


मुख्य अतिथि एसपी शहदेव साहू व निदेशक।

**ओरमांझी।** अर्मिता काजेज ऑफ नर्सिंग हुटुप ओरमांझी में शनिवार को कैपिंग सेरेमनी, सपथ समारोह व फ्रेषर-डे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समारोह में नर्सिंग की छात्राओं को सेवा की सपथ दिलाई गई। वहीं फ्रेसर-डे कार्यक्रम में नर्सिंग की छात्राओं द्वारा नृत्य संगीत व हास्य कविता सहित सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्राइम ब्रांच के एसपी शहदेव साहू ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में नर्सिंग सेवा व शपथ का महत्व बताया, कहा सभी छात्रों के माता पिता काफी उम्मीदों के साथ नर्सिंग क्षेत्र में भेजा होगा। कहा माता-पिता गरीब हो सकते हैं, उनकी उम्मीदें गरीब नही होना चाहिए। नर्सिंग क्षेत्र धर्म, समाज व जाति से उपर उठकर कार्य करने के लिए जाना जाता है। यह एक ऐसा प्रोफेशन है जिसमें रोजगार के साथ सेवा का भी अवसर मिलता है। उन्होने कहा किसी भी क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों की विशेष पहचान व सम्मान होती है। आज नर्से समाज, राज्य व देश के प्रति गहरी सोंच व सेवा के बल पर अपनी पहचान स सम्मान पाया है। बेहतर सोंच रखने वालों को सफलता से कोई वंचित नही कर सकता है। इसके अलावे पंसस इम्तियाज आहदार, समाज सेवी सतार अंसारी सहित कई लोगों ने अमृता नर्सिंग कॉलेज की सरहाना कि और बताया प्रखंड के पिछड़ा गांव हुटुप जहां बंजर भूमि थी। वहां नर्सिंग कालेज खोल का सेवा का पौध तैयार की जा रही है। आज गुणवता पूर्ण शिक्षा देने के लिए समर्पित होने के कारण ही अमृता कालेज में राज्य के विभिन्न जिला से शिक्षा लेने यहां पहुंच रहे हैं। शिक्षा ऐसी कुंजी है जिसे कोई छिन्न नही सकता। वहीं निदेशक सुनेश्वर महतो ने बताया अमृता नर्सिंग कालेज से पास आउट विभिन्न बडे हॉस्पिटल में सेवा दे रहे हैं। उन्होने काजेल की सफलता में प्रत्येक्ष व अप्रत्येक्ष रूप सहयोग करने वालों के प्रति अभार जताया। इससे पूर्व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कालेज की छात्राओं को प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं कालेज के प्रबंधक इंदु कुमारी व प्रचार्य भारती वर्मा ने कालेज के प्रति विश्वास जताने वाले अभिभावकों को अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बलदेव गोप, श्रीनाथ महतो, चरकु महतो, प्रतिमा लुगनु, व्यूटी कुमारी, अकमल अली, आजम खान, काजल दता, राजश्री महतो, प्रिया दता, रेहित कुमार, शिक्षक, छात्रों के अभिभावक सहित कई लोग उपस्थित थें।

## समय संवाद

अमेरिका की नेशनल साइंस फाउंडेशन से पांच लाख डॉलर के अनुदान से शुरू किए गए प्रोजेक्ट के तीन मुख्य उद्देश्य हैं। पहला, क्या एमआरएनए से युक्त डीएनए को पौधे की कोशिकाओं के उस हिस्से में पहुंचाया जा सकता है जहां वह रिप्लीकेट कर सके। दूसरा, यह सिद्ध करना कि पौधे एक पारंपरिक वैक्सीन की बराबरी करने के लिए समुचित एमआरएनए उत्पन्न कर सकते हैं और तीसरा, पौधा आधारित वैक्सीन की सही खुराक का निर्धारण। यूसीआर में वनस्पति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर जुआन पाब्लो गिराल्डो ने कहा कि एक पौधे द्वारा उत्पादित एमआरएनए से एक व्यक्ति को वैक्सीन की खुराक दी जा सकेगी। गिराल्डो इस शोध का नेतृत्व कर रहे हैं। इस शोध में सेन डियागो स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और कानेर्गी मेलन विश्वविद्यालय के विज्ञानी शामिल हैं।

# अब खेतों में उगेगी वैक्सीन

**मुकुल व्यास**



चौंकिए मत। वैज्ञानिक ऐसी वैक्सीन बना रहे हैं जिन्हें खेतों में उगाया जा सकेगा और खाद्य वस्तुओं की तरह खाया जा सकेगा। अमेरिका में रिवरसाइड स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसीआर) के वैज्ञानिक यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या लेटस (सलाद) पत्तों को एमआरएनए वैक्सीन की फैक्टरियों में बदला जा सकता है। कोविड वैक्सीनों में प्रयुक्त मैसेंजर आरएनए या एमआरएनए टेक्नोलॉजी में मुख्य रूप से कोशिकाओं को रोगाणुओं को पहचानने और संक्रामक रोगों से बचाव करने के बारे में शिक्षित किया जाता है। इस टेक्नोलॉजी के प्रयोग में सबसे बड़ी चुनौती इसे परिवहन और स्टोरेज के दौरान ठंडा रखने की है। वैक्सीन के स्थायित्व के लिए निम्न तापमान जरूरी है। यदि विज्ञानियों का नया प्रोजेक्ट सफल हो जाता है तो पौधों पर आधारित खाने योग्य एमआरएनए वैक्सीन इस समस्या को दूर कर सकती है। इस तरह की वैक्सीनों को कमरे के तापमान पर स्टोर किया जा सकता है।

भविष्य में किसान भी अपने सारे खेत में वैक्सीन वाले पौधे उगा सकते हैं। इस टेक्नोलॉजी में सबसे अहम भूमिका पौधे की कोशिकाओं में पाए जाने वाले क्लोरोप्लास्ट की है। क्लोरोप्लास्ट सूरज की रोशनी को ऊर्जा में बदल देते हैं, जिसका प्रयोग पौधा करता है। ये दरअसल सौर ऊर्जा से चलने वाली सूक्ष्म फैक्टरियां हैं जो शुगर और दूसरे मॉलिक्यूल उत्पन्न करती हैं, जिनसे पौधे का विकास होता है। इन फैक्टरियों का प्रयोग वांछित मॉलिक्यूल उत्पन्न करने के लिए भी किया जा सकता है। पिछले अध्ययनों में गिराल्डो यह दर्शा चुके हैं कि क्लोरोप्लास्ट ऐसे जीनों को अभिव्यक्त कर सकता है जो स्वाभाविक रूप से पौधे का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने और उनके सहयोगियों ने पौधों की कोशिकाओं में बाहरी आनुवंशिक सामग्री भेज कर ऐसा कर दिखाया। अपने प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने नैनो इंजीनियरिंग की प्रोफेसर निकोल स्टीनमट्र्ज से सहयोग लिया। स्टीनमट्र्ज और उनके सहयोगियों ने आनुवंशिक सामग्री को क्लोरोप्लास्ट में पहुंचाने के लिए नैनो टेक्नोलॉजी विकसित की है। स्टीनमट्र्ज ने बताया कि हम पौधों में जीन पहुंचाने के लिए पौधों के वायरसों का प्रयोग करना चाहते हैं जो कुदरती रूप से पाए जाने सूक्ष्म कण अथवा नैनो पार्टिकल हैं। इन वायरसों को क्लोरोप्लास्ट में पहुंचाने और उन्हें पौधों के प्रति असंक्रामक बनाने के लिए कुछ तकनीकी फेरबदल की जरूरत पड़ती है।

कुछ वैज्ञानिकों का ख्याल है कि हमें पौधों पर आधारित वैक्सीन विकसित करने के लिए अधिक प्रयास करने चाहिए। कनाडा में क्यूबेक स्थित लवाल विश्वविद्यालय के दो शोधार्थियों, फास्टर-बोवेंडो और गेरी कोबिंगर का कहना है कि इस तरह की वैक्सीन ह्यमॉलिक्यूलर फार्मिंगह्ल के जरिए बनाई जा सकती है। इस विधि में पौधे की कोशिका में डीएनए रखा जाता है जो प्रोटीन बनाता है। इस कोशिका का उपयोग वैक्सीन बनाने के लिए किया जाता है। वैज्ञानिक मान्यता प्राप्त वैक्सीनों के अलावा और अधिक प्रभावी वैक्सीन की तलाश में जुटे हुए हैं। उनकी कोशिश एक ऐसी समग्र वैक्सीन विकसित करने की है जो सभी तरह के कोरोना वायरसों के खिलाफ प्रभावी सिद्ध हो।

वैक्सीनें आम तौर पर बैक्टीरियाई सिस्टम में उत्पन्न की जाती हैं और वे बहुत असरदार साबित हुई हैं। ऐसे सिस्टम को बायोरिएक्टर भी कहा जाता है। ऐसी वैक्सीनों की उत्पादन लागत बहुत ज्यादा होती है। वैक्सीन की बायोमैन्युफैक्क्रिंग के विकल्प के तौर पर वैज्ञानिकों ने 1986 में मॉलिक्यूलर फार्मिंग का प्रस्ताव रखा था। इसके लिए वैज्ञानिकों को सिर्फ ग्रीनहाउस सेटअप की आवश्यकता पड़ती है जो बायोरिएक्टरों की तुलना में बहुत सस्ते पड़ते हैं। रिसर्चरों का कहना है कि पौधों पर आधारित वैक्सीन बनाना सस्ता पड़ेगा और इसके दूसरे लाभ भी होंगे। एक बहुत बड़ा फायदा यह है कि इस तरह की वैक्सीन बनाने के लिए संसाधनों की तलाश पर अधिक ध्यान नहीं देना पड़ेगा। वैक्सीनों को बायोरिएक्टरों में तैयार करने के बजाय खेतों की फसलों में उत्पन्न किया जा सकता है। दूसरा बड़ा फायदा यह है कि पौधे मानव रोगाणुओं द्वारा संक्रमित नहीं हो सकते। इसके अलावा पिछली रिसर्च से पता चलता है कि पौधों पर आधारित वैक्सीन दूसरी विधियों से तैयार वैक्सीनों की तुलना में ज्यादा मजबूत इम्यून रेस्पांस उत्पन्न करती हैं। सामान्य विधियों की तुलना में पौधों पर आधारित वैक्सीन का उत्पादन ज्यादा होता है। इस समय गौशे रोग के इलाज के लिए इस तरह की वैक्सीन का उत्पादन किया जा रहा है। लीवर और स्प्लीन जैसे शरीर के कुछ अंगों में वसायुक्त पदार्थों के जमाव से गौशे रोग उत्पन्न होता है। इन पदार्थों के जमा होने से इन अंगों का आकार बढ़ जाता है, जिसकी वजह से उनके कार्यों पर असर पड़ता है। वसायुक्त पदार्थ हड्डियों के ऊतकों में भी जमा होने लगते हैं, जिनसे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। गौशे रोग के इलाज में प्रयुक्त होने वाला ग्लूकोसेरिब्रोसिडेस नामक एंजाइम गाजर की सेल कल्चर में उत्पन्न होता है।

अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार फ्लू वैक्सीनों के निर्माण के लिए सबसे ज्यादा प्रचलित विधि में अंडा-आधारित विधि का प्रयोग किया जाता है। यह विधि 70 साल पुरानी है। दुनिया में कोरोना महामारी फैलने से पहले इन्फ्लुएंजा की वनस्पति-आधारित वैक्सीन का तीसरे चरण का ट्रायल शुरू हो चुका था और उसके उत्साहवर्धक नतीजे सामने आए थे। इस समय एक रिसर्च टीम कोविड-19 के लिए वनस्पति आधारित वैक्सीन पर काम कर रही है।

# राम की प्रेरणा है कि सभी स्थितियों में धर्यवान बने रहें

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

**जिज्ञासा का परिपक्व होना**

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ कि वशिष्ठ ब्रह्य ज्ञानी है तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। विनम्रता पूर्वक श्री राम ने पूछा कि आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया।

वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार।)**

# भाषा संस्कृति को विलुप्ति से बचाना हमारा उत्तरदायित्व: अजीत कुमार सिन्हा



## अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस सह पुस्तक लोकार्पण समारोह

शनिवार को रांची विवि के इतिहास विभाग में अंतराष्ट्रीय भाषा समारोह सह पुस्तक लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ।

**कैथी लिपि: अतीत एवं वर्तमान, इसके लेखक विवि इतिहास विभाग के शोधछात्र महेश ठाकुर हैं।**

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि लिपि और भाषा को बचाना हम सब का उत्तरदायित्व है। उन्होंने पुस्तक लेखक को धन्यवाद और इतिहास बिभाग को साधुवाद कहा। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक का प्रायोगिक महत्व है और पुराने दस्तावेजों को पढ़ने में इससे बहुत सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे प्रोफेसर आई के चौधरी, पूर्व डीन, समाज संकाय ने भाषाओं के इतिहास के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

विभाग की अध्यक्ष डॉ सुजाता सिंह ने कहा कि अंतराष्ट्रीय भाषा दिवस के शुभ अवसर पर इस पुस्तक का लोकार्पण होना बहुत शुभ है। यह पुस्तक क्षेत्रीय इतिहास लेखन में बहुत उपयोगी होगी।

सबसे पहले डॉ मोहित कुमार लाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पुस्तक का परिचय दिया।

कार्यक्रम का संचालन रहा दीपांशु मरांडी का, धन्यवाद ज्ञापन का काम किया डॉ कंजीव लोचन ने।कार्यक्रम में डॉ राजकुमार, पुस्तक के लेखक महेश ठाकुर सहित विभाग के शोध छात्र तथा स्नातकोत्तर के छात्र उपस्थित रहे।

# ममता और करुणा का मेल मां

**डॉ. दिनेश चंद्र सिंह**



**मां** और मातृभूमि की महिमा शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। क्योंकि वह अपरंपार होती है। मां के पालन-पोषण से ही हर तरह का व्यक्तित्व सजता-संवरता-निखरता है। सारा संसार जनता और मानता आया है कि व्यक्तित्व निर्माण की पहली पाठशाला मां है, उसकी ममतामयी गोद है और उसकी बाल्यकालीन छत्रछाया ही होती है। इसलिए हर सफल व्यक्तित्व अपनी मां के प्रति आजीवन श्रद्धावनत रहते हैं। मैं भी अपवाद नहीं हूं। मुझे भी अपनी मां और मातृभूमि से गहरा लगाव था, है और रहेगा। निःसंदेह, उपर्युक्त पंक्तियां मां-बेटे के आत्मीय संबंधों को दशार्ती हैं, जो पिता-पुत्र संबंधों से कहीं ज्यादा प्रगाढ़ समझी जाती हैं। इनमें एक पंक्ति ह्यू तो मैं दिखलाता नहीं पर तेरी परवाह करता हूं मांह्व अत्यंत मार्मिक है। यह पंक्ति अधिकांश परदेशी पुत्र के अंतर्मन की ध्वनि है। इसलिए तुम्हारे बिछड़ने की सूचना ने मुझे स्तब्ध कर दिया, क्योंकि बिछड़ने के पूर्व हुई वार्ता की याद ने मुझे भरोसा दिलाया था कि मेरी मां अभी है और रहेगी भी। परंतु बिछड़ने से पहले न कोई संवाद, न कोई बात, न मुझे एक बार पुनः याद दिलाया कि मां चाहती थी कि मैं दूर रहकर जनहित में अच्छा करूं। परंतु अंतिम क्षणों में मैं मां तेरी परवाह करने में चूक कर गया। यह दर्द एवं पीड़ा मुझे तुम्हारी याद हमेशा दिलाती रहेगी और आज मैं इसी भाव से स्मरण करते हुए अपने को खुले ह्रदय से अभिव्यक्त कर रहा हूं।

सच कहूं तो मेरी मां भी सुंदर, सलौनी, अद्भुत एवं अनुकरणीय प्रतिभा की धनी थी। यद्यपि स्कूली शिक्षा से दूर रही, फिर भी व्यवहारिक शिक्षा की धनी थी। जीवन में शिक्षा की उपयोगिता को व्यवहारिक धरातल पर समझने वाली थी। भले ही आज तुम मेरे साथ नहीं, परंतु तुम्हारी दी हुई शिक्षा एवं सोच ने मुझे जो शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्रदान किया था, वह अतुलनीय है। आज उसी धरोहर एवं आधारशिला पर उत्पन्न, पल्लवित, पुष्पित एवं विकसित होकर वट वृक्ष के रूप में, मैं आज जिस रूप में भी खड़ा हूं, यह तुम्हारा ही उपकार है।


मां, आपकी प्राण वायु पाकर एवं आपकी शिक्षा-दीक्षा से मन-प्राण वायु पाकर, सामाजिक सरोकार की चेतना को मन-आचरण में धारण कर, सामाजिक परिवर्तन की चाह को मन-विचार में संजोकर, निज ग्राम, राज्य एवं राष्ट्र की सेवा के प्रति संकल्पबद्ध होकर कार्य करने की प्रेरणा तुम्हीं से मिली। अतएव मेरी प्रेरणा स्वरूप तुम्हीं थी। लगभग अट्ठासी-नब्बे वर्षीय दिवंगत मां, तुझे नमन। कोटि कोटि नमन। मां, मैं तुम्हें कैसे स्मरण करूं, कैसे विनम्र श्रद्धांजलि दूं। भारतीय सामाजिक संस्कृति और हिंदू रीति-रिवाज से तुम्हें श्रद्धांजलि देने की जितनी औपचारिकताएं हैं, वह मैंने पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा से की है। यदि कोई कमी रह गई हो तो, मुझे जहां से भी देख रही हो, वहीं से क्षमा करते हुए अपना असीम आशीर्वाद एवं ऊर्जा देना, मां !जहां तक मुझे बचपन की याद है, साधारण परिवार में जन्म लेने के बाद भी निज ग्राम में शिक्षा के महत्व का प्रचार प्रसार पूर्व से ही होने के कारण यहां के परिवेश में शिक्षा प्राप्त कर उन्नति के मार्ग की राह स्थानीय नागरिकों के मन में पहले से ही खुली मिली थी।

जैसा कि मैंने बुजुर्गों और अपने माता-पिता से सुना था कि हमारे ग्राम में शिक्षा का अलख 19वीं सदी के प्रारंभिक वर्षों से ही प्रारंभ हो चुका था।

उस समय ही मिडिल स्कूल की स्थापना से जनपद अग्रणी कुछ चिन्हित ग्रामों में मेरा ग्राम पुरैनी भी शिक्षा का केंद्र बिंदु था, जो अपनी अनुशासित व महत्वपूर्ण शिक्षा पद्धति के कारण लोकप्रिय रहा।

मसलन, उस समय मिडिल स्कूल में कार्यरत शिक्षकों, जिनको हम बचपन में मास्टर साहब कहते थे।

# रात में न सोने का परिणाम



**डॉ शीतल कुमारी**

नींद का खोना सेहत का रोना, कई बीमारियों की जड़ है अनिद्रा

अच्छी नींद के लिए शरीर का थकना बेहद जरूरी है। आज के युवा रात में सो नहीं रहे क्योंकि वे नौकरी ही दूसरे देश की करते हैं या फिर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं।

सेहत को लेकर यह नसीहत पुरानी है कि नींद अच्छा तो स्वास्थ्य भी अच्छा। पर बहुत कम ही लोग हैं जो नींद और सेहत के संबंध की गंभीरता को समझते हैं। मौजूदा जीवनशैली तनाव बढ़ाने वाली है। साथ ही खानपान को लेकर भी लोग ज्यादा सतर्क नहीं रहते है। साथ ही अपेक्षित शारीरिक श्रम का भी लोगों के जीवन में अभाव है। इस कारण लोग तेजी से कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो रहे हैं। अच्छी नींद के लिए हमें सबसे पहले अपनी जीवनशैली में सुधार करना होगा और कुछ बातों का सख्ती से नियमित पालन करना होगा। इसी तरह शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें। नींद की समस्या ज्यादा परेशान कर रही है तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें क्योंकि यह किसी और बीमारी का भी लक्षण हो सकता है।

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए न्यूज पोर्टल खोलकर पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्ल तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और वाट्सऐप पर इधर-उधर की बातें पढ़ना और भेजना।

बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें।

बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको ही निकालना होगा। कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है। फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें।नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है।

# कानून के जानकार और सादगी के प्रतिमूर्ति थे प्रो विष्णु चरण महतो

**मृत्युंजय प्रसाद**

**छोटानागपुर** विधि महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं सिल्ली प्रखण्ड के प्रथम प्रमुख स्व. प्रो. विष्णु चरण महतो कानून के ज्ञाता के साथ ही उच्च विचार और सादगी के प्रतिमूर्ति थे। प्रो. महतो आजीवन गरीबों की सेवा एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया। इसी का परिणाम है कि आज भी झारखण्ड खासकर रांची जिले, की जनता एक बुद्धिजीवी, समाज सुधारक, कुरमाली भाषा के अस्तित्व के रक्षक एवं न्यायप्रिय नेता के रूप में याद करती है।

प्रो. विष्णु चरण महतो का जन्म सिल्ली प्रखण्ड के कांटाडीह गांव में 23 फरवरी 1926 को एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। स्व. महतो बचपन से ही एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी थे। उन्होंने रांची जिला स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए वे पटना चले गये। उन्होंने आईए एवं बीए की पढ़ाई पटना विश्वविद्यालय से पूरी की थी। स्नातक के बाद एमए की पढ़ाई के लिए बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में दाखिला लिया , लेकिन कानून के प्रति विशेष रूचि के कारण वह पटना विधि विश्वविद्यालय में नामांकन कराया और वहीं स्नातक विधि की परीक्षा पास की। इसके बाद पटना उच्च न्यायालय के कार्यालय में उनकी नियुक्ति हुई, लेकिन वकालत करने के उद्देश्य से वह रांची वापस आ गये। रांची में वह पुरुलिया रोड स्थित अपने निजी मकान में रहते थे। यहीं रहकर वह वकालत करने के साथ ही छोटानागपुर विधि महाविद्यालय में अध्यापन का भी कार्य करते थे। स्व. महतो झारखण्ड आन्दोलन में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। मारांग गोमके जयपाल सिंह के आह्वान पर न सिर्फ आंदोलन में कूद पड़े बल्कि उस आंदोलन में बढ़-चढ़ कर मारांग गोमके के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भाग लिया। स्व. महतो ने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से झारखण्ड पार्टी के टिकट पर 1952 एवं 1957 में चुनाव लड़ा। दोनों ही बार उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार को जबरदस्त टक्कर दी, लेकिन दोनों ही बार मामूली वोट के अन्तर से हार गये। स्व. महतो के लिए चुनाव हारना कोई मायने नहीं रखता था। चुनाव हारने के बाद भी उनके चेहरे पर हमेशा योद्धाभाव झलकता रहता था।

स्व. महतो शिक्षा के विकास पर बहुत जोर देते थे। उनका मानना था कि शिक्षा के विकास के बिना समाज का विकास नहीं हो सकता है। उनके सम्पर्क में जो भी लोग आते थे उनसे वह अक्सर कहा करते थे सूखी रोटी खाओ, माड़-भात खाओ, लाल चाय पियो, लेकिन अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा देने का कार्य करो। नारी शिक्षा पर भी वह विशेष रूप से जोर देते थे। उनका मानना था कि इससे स्त्रियों में आत्म विश्वास बढ़ेगा, स्वावलंबी बनेंगी तथा अपने पैरों पर खड़ा होकर घर-परिवार का कायाकल्प करेंगी।



99 वीं जयंती पर विशेष

स्व. महतो ने सिल्ली प्रखण्ड प्रमुख रहते हुए कई कार्य किए। सिंगपुर से अपने गांव कांटाडीह तक श्रमदान से सड़क बनवायी, गांव में बिजली पहुंचायी। किसानों के लिए लिफ्ट एरिगेशन के तहत सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध करवायी। स्व. महतो ने तत्कालीन जिला बोर्ड के उपाध्यक्ष पॉल दयाल के सहयोग से सिल्ली क्षेत्र के सैकड़ों बेरोजगार युवकों को शिक्षक की नौकरी दिलायी थी। इसके साथ ही सिंगपुर (मुरी) में भारत माता अस्पताल के निर्माण के लिए अपनी जमीन दान में दी थी।

स्व. महतो कुरमाली भाषा के विकास लिए भी जीवन पर्यन्त कार्य करते रहे। वह हमेशा कुरमाली भाषा की चिंता करने वाले नवयुवकों से घिरे रहते थे। उनके प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन के कारण ही कई लोगों ने कुरमाली लोक-साहित्य एवं लोक परंपराओं पर शोध कर पीएचडी की उपाधि ली, लेकिन वह इतने से संतुष्ट नहीं थे, उनकी इच्छा थी कि कुरमाली का एक शोध केन्द्र हो। स्व. महतो ने कुरमी जाति को पुनः अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल कराने के लिए भी जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। उन्होंने रांची विश्वविद्यालय में कुरमाली भाषा की पढ़ाई शुरू कराने में भी अहम भूमिका निभायी थी।

स्व. महतो क्षेत्र के युवकों की सफलता पर काफी हर्षित होते थे और उनका सही मार्गदर्शन किया करते थे। एक बार की बात है सिल्ली के जबला ग्राम निवासी नन्दलाल महतो बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 27वीं संयुक्त परीक्षा में उपसमाहर्ता के पद पर अंतिम चयन होने पर विष्णु बाबू से मिलने गये। उन्होंने नंदलाल महतो को देखकर गदगद स्वर में कहा 'क्या समाचार है, नंदलाल जी? नंदलाल ने बड़ी विनम्र स्वर में कहा- सर बिहार लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित 27वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में मेरा अंतिम चयन उपसमाहर्ता के पद पर हुआ है। नंदलाल ने आगे कहा-सर, आपको तो मालूम ही है मैं यूनाइटेड बैंक आफ इण्डिया में हेड कैशियर के पद पर कार्यरत हूं और इसी वर्ष मेरी प्रोन्नति भी होने वाली है। विष्णु बाबू उठ खड़े हुए और नंदलाल महतो से कहा यू आर द सेकेण्ड कुरमी आफ छोटानागपुर रीजन आफ्टर ठाकुर दास महतो हू वाज द कलक्टर एण्ड डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट आफ पूर्णिया। उन्हीं की सलाह पर नंदलाल ने बैंक की नौकरी छोड़कर बिहार प्रशासनिक सेवा के उपसमाहर्ता संवर्ग में योगदान किया था।

उसी तरह सन 1955 में जब सोनाहातू के पाण्डूडीह निवासी डा. हलधर महतो मैट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए और रांची कालेज में नामांकन हेतु आवेदन देने में देर होने लगी तो विष्णु बाबू ने हलधर महतो को एक पत्र भेजा। पत्र में लिखा था- हलधर तुम पत्र पाते के साथ रांची चले आओ और मुझसे भेंट करो। मैं जानता हूं कि तुम एक गरीब किसान के पुत्र हो, हमलोग चंदा करेंगे फिर भी तुम्हें आगे पढ़ायेंगे। तुम एक मेधावी छात्र हो।

अतः तुम अपने मस्तिष्क रूपी सुमन की कली को मुरझाने मत दो।' ऐसे ओजस्वी महान विभूति का स्वर्गवास दीपावली के दिन एक नवंबर 1986 को एचईसी प्लांट अस्पताल में हो गया। दीपावली के दिन जहां दीप जलने थे, लेकिन विष्णु बाबू जैसा दीपक सदा के लिए बुझ गया। आज कुरमाली भाषा परिषद और बाईसी कुटुम जैसी संस्था उनके विचारों पर चलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने में लगा हुआ है।

(लेखक वरीय अधिवक्ता सह पत्रकार हैं।)

**बदलते मौसम की मार बैमौसम भारी बाढ़**



## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में श्री संकट मोचन मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना



**रामगढ़।** थाना चौक स्थित श्री संकट मोचन मंदिर का 53वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना। मंदिर में अखंड रामायण पाठ मंगलवार को 9:45 बजे से आरंभ होकर बुधवार को 9:45 बजे संपन्न हुआ। इसके बाद हनुमान की पूजा अर्चना कर उनकी आरती की गई। इस दौरान 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के प्रधान सेवक धीरज परासर ने बताया कि श्री संकट मोचन मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है। लोग दूर दूर से यहां मन्नत मांगने के लिए पहुंचते हैं। बताया कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से मन्नत मांगते हैं हनुमान जी की कृपा से उनकी मन्नत पूरी होती है। मंदिर की स्थापना 1973 ई में कामदेव उपाध्याय ने की थी।

### सर्वोदय निकेतन में कथा प्रतियोगिता



फोटो 02 प्रतिभागियों को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य

**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुजू में ₹कथा वचन प्रतियोगिता₹ संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठम से अष्टम तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें की युवराज कुमार की दो कुत्तों की कहानी को प्रथम, अनु कुमारी की समय का सदुपयोग की कहानी की द्वितीय और कुमार भास्कर की सच्ची दोस्ती कहानी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य अपनी जीवन की घटनाओं से सीखता है। जीवन में घटित घटनाएं मनुष्य के अचेतन मन में अंकित हो जाती हैं।। इस प्रतियोगिता के निर्णायक वरीय शिक्षक ब्रह्मदेव महतो और पूजा कुमारी रहीं। वहीं संचालन शिक्षक सुशांत कुमार सिंहा ने किया।

### छात्राओं को दी गयी कराटे ट्रेनिंग



**रजरप्पा।** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को पिछले दो-तीन वर्षों से आत्मरक्षा (मार्शल आर्ट/कराटे) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमे ताइक्वांडो, वुशू, पूशु, कराटे आदि शामिल है। खासकर प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्राएं अपनी हिफाजत खुद कर सकेंगी। राजकीय बुनियादी विद्यालय चितरपुर के सहायक शिक्षक सह कराटे प्रशिक्षक गौरीशंकर दांगी ने शनिवार को स्कूली छात्रा को जूडो कराटे की आत्मरक्षा से परिचित कराया और उन्हें बताया कि कैसे खुद को सुरक्षित रखना है और आत्मरक्षा एक महिला के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आजकल स्कूल के आसपास युवकों की ओर से छात्राओं के साथ छेड़छाड़ किए जाने की सूचना अक्सर मिलती रहती है। इसलिए छात्राओं के लिए कराटे का प्रशिक्षण अनिवार्य हो गया है।

### रोहन बने कांग्रेस मांडू प्रखंड सचिव



**कुजू।** आरा सारूबेड़ा निवासी रोहन महतो को कांग्रेस मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो ने प्रखंड सचिव मनोनीत किया है। उन्होंने कहा कि रोहन महतो कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा, समर्पण और लगन को देखते हुए उनको मांडू प्रखंड सचिव के रूप में चयनित किया गया है। इधर अपने मनोनयन पर प्रखंड सचिव रोहन महतो ने कहा कि जिस तरह से पार्टी के वरीय पदाधिकारी व मांडू प्रखंड अध्यक्ष ने मुझपर जो विश्वास जताया है, उस पर मैं पूरी ईमानदारी के साथ खड़ा उतरूंगा। रोहन महतो के प्रखंड सचिव बनने पर टिरू मांझी, सुकर करमाली, नकुल महतो, विनोद महतो, मनोज महतो, धनंजय सिंह, संतोष सिंह, संतोष चौधरी, अजय यादव, नकुल करमाली व अन्य ने दी बधाई।

### हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न



रामगढ़ । मरार बरवाटांड़ स्थित हनुमान मंदिर वार्षिकोत्सव शनिवार को हवन, आरती व भंडारे के साथ संपन्न हुआ। 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन समाप्त होने के बाद पुरोहित विकास पांडेय द्वारा यजमान सपत्नीक को विधि विधान से पूजन कराया गया। तत्पश्चात हवन व आरती किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यवसायी अशोक जैन, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ चेतन चतुवेर्दी,आजसू नेता मनोज महतो, रविन्द्र साहू, नरेश साहू, डब्लू साव,पवन साहू, संजय साहू, शंकर सोनी, आनंद पटेल आदि अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति अध्यक्ष शंकर मिश्रा ने बूके देकर व शाल ओढ़ाकर किया। इसके बाद पुरोहित विकास पाण्डेय द्वारा हवन व आरती कार्यक्रम कराया गया। जिसमें आगत अतिथियों, समिति के पदाधिकारियों सहित आस पास के धर्मप्रेमी महिला पुरुष व बच्चों ने भाग लिया।

### बुढ़ाछत्तर में शिवरात्रि को लेकर बैठक



गोला( रामगढ़)। शनिवार को बाबा बुढ़ाछत्तर धाम, रायपुरा (गोला) में महाशिवरात्रि को लेकर बैठक हुयी। इसकी अध्यक्षता पंचम महतो ने की। महाशिवरात्रि को लेकर पुरी तरह से तैयारी को लेकर कमेटी का विस्तार भी किया गया। कमिटी में संरक्षक बिनू कुमार महतो, सह संरक्षक मितन महतो, संयोजक महेश महतो, संयोजक गणेश महतो अध्यक्ष पंचम महतो,उपाध्यक्ष करण करमली, सचिव रामविलास महतो, उपसचिव दिलीप महतो, कोषाध्यक्ष लखेश्वर महली, उपकोषाध्यक्ष गौरी महतो, मिडिया प्रभारी बिनू कुमार महतो, उप राजेश महतो, उद्घोषक सतीश महतो उप उद्घोषक उतम महतो, सदस्य कारु मुण्डा, सपना महतो, दुबराज कुमार, रिखु महतो, ज्ञानी महतो, अरजलाल महतो, अजय महतो अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए।

# रामगढ़ में नकली शराब के साथ 12 तस्कर गिरफ्तार

- 30 लाख रुपये का अवैध शराब बरामद
- खाली बोतल, रैपर, स्प्रीट,दो एक्सयूवी कार, टाटा मैजिक, एक बुलेट मोटर साईकिल, एक अपाची मोटर साईकिल और 14 मोबाइल जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को शनिवार सुबह में गुप्त सूचना मिली थी रामगढ़ थाना क्षेत्र के गंडके जाने वाली सड़क पर राधागोविंद यूनिवर्सिटी के पीछे जंगली क्षेत्र में बने भवन में कुछ शराब माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर नकली शराब तैयार कर होली पर्व के अवसर पर बिहार भेजने की तैयारी की जा रही है। इस गिरोह में बिहार के कुछ शराब माफिया स्थानीय लोगों को मिलाकर अवैध रूप से नकली शराब तैयार कर कई खेप भेज चुके है। तत्पश्चात सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

गठित टीम के सदस्यों द्वारा गंडके जाने वाली सड़क पर राधागोविंद यूनिवर्सिटी के समीप स्थित रूपेश महतो के पक्का मकान में छापामारी की तो वहां रूपेश महतो एवं अन्य तीन युवक पकड़े गये । पूछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि जहानाबाद (बिहार) के रहने वाले व्यक्ति राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद द्वारा नकली शराब लाकर विभिन्न ब्रांड के बोतलों में भरकर उपर से स्टीकर, रैपर साट कर ढक्कन पर झारखंड सरकार लिखा हुआ सील एवं वारकोड लगाकर पैकिंग कर कई थैलों में भरकर दिपक मुंडा के एलवेस्टर के मकान में रखा गया है । जिसे एक-दो दिन में बिहार भेज दिया जायेगा। तत्पश्चात उपस्थित टीम के साथ पकड़ाये व्यक्तियों के बतायेनुसार दिपक मुंडा के एलवेस्टर के मकान में छापामारी किया गया तो उसके घर से विभिन्न ब्रांड 1. सिग्नेचर 2.8 पीएम के नकली शराब की बोतल जिसमें नकली शराब भरा हुआ पाया गया साथ हीं विभिन्न ब्रांड के शराब का स्टीकर, रैपर, सील एवं खाली बोतल दो बड़े कमरे में रॉ मेटेरियन पाया गया तथा तैयार नकली शराब जो कई थैलों में बंद पाया गया। जिसें टीम द्वारा जब्त किया गया है । साथ हीं रूपेश महतो के बतायेनुसार इस गिरोह के मुख्य सरगना राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद को रांची जिला के ओरमांझी थाना अन्तर्गत जतराटांड, ओएना से गिरफ्तार किया गया ।

यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता में दी। बताया कि इस कांड में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है तथा नकली शराब के परिवहन में प्रयोग किये जाने वाले कुल 03 वाहन, दो मोबाईल एवं 14 मोबाईल फोन, पानी का जार, सिन्टेक्स टंकी, शराब बनाने वाला स्प्रीट आदि को बरामद कर जब्त किया गया है। राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद, आदर्श नगर, टाटी सिलवे, रांची। रूपेश महतो, राधा गोविंद विवि थाना जिला-रामगढ़। निखिल कुमार, हुलालासगंज जिला-जहानाबाद। राज कुमार, -बरियातु जोड़ा तलाब (रांची)। आर्दश सिंह, डुमरदगा बुटीमोड़ (रांची)। राकेश कुमार, बाजार टांड पारसौतिया (रामगढ़)। इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, पुअनि मंजेश कुमार सिंह, पुअनि उपेन्द्र कुमार, पुअनि ओमकार पाल, पुअनि सुमंत कुमार राय, आरक्षी मनीष कुमार यादव, श्रवण कुमार,रवि शंकर कुमार, अर्जुन पासवान, जितेन्द्र कुमार, अजय कुमार आदि शामिल थे।

# हजारीबाग में प्रथम स्वर्गीय बद्रीनाथ गोस्वामी फुटबॉल टूर्नामेंट हुआ शुरू

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** खेल एवं खिलाड़ियों के सम्मान में प्रथम स्वर्गीय बद्रीनाथ गोस्वामी फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ गांधी मैदान में हुआ। यह टूर्नामेंट फुटबॉल रेफरी संघ एवं स्थानीय फुटबॉल खिलाड़ियों के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. बद्रीनाथ गोस्वामी जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि स्वर्गीय बद्रीनाथ गोस्वामी जी का योगदान खेल जगत के लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने फुटबॉल को सिर्फ एक खेल के रूप में नहीं, बल्कि एक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया। यह टूनामेंट उनकी खेल विरासत को जीवंत रखने का एक शानदार प्रयास है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और टीम वर्क की भावना को विकसित करने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग की धरती ने कई बेहतरीन खिलाड़ी दिए हैं, और मैं चाहता हूं कि यहां के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने और जीत-हार की चिंता छोड़कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर ध्यान देने की प्रेरणा दी।आयोजकों ने विधायक को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भैया मुरारी सिन्हा, नजरूल हसन, बहादूर राम, सुरज कुमार, सरफराज अहमद, गुड्डू मटवारी सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### सांसद ने एनटीपीसी व सीसीएल अधिकारियों के साथ की बैठक

हजारीबाग। सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को रांची स्थित एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एनटीपीसी झारखंड के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी अनिमेष जैन समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। बैठक में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चल रही एनटीपीसी की कोयला परियोजनाओं से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों और समाधान पर गहन चर्चा हुई। सांसद ने परियोजनाओं की प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद सांसद जायसवाल सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के रांची मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सीसीएल झारखंड के मुख्य प्रबंध निदेशक निलेन्दु कुमार सिंह से मुलाकात की। इस बैठक में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित कोयला खनन परियोजनाओं और उससे जुड़ी जनसमस्याओं पर विशेष चर्चा की गई।

# पावन क्रूस उच्च विद्यालय भुरकुंडा के अध्यक्ष बने रोशन लाल चौधरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के पटेलनगर स्थित पावन क्रूस उच्च विद्यालय में शनिवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में जैक, रांची के आदेशानुसार विधायक रौशन लाल चौधरी को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। विद्यालय प्रबंधन की आवश्यक बैठक में भाग लेते हुए विधायक ने विद्यालय के विभिन्न समस्याओं को अतिशीघ्र निदान करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में उत्कृष्ट पढ़ाई से हर वर्ष अंग्रेजी माध्यम से विद्यार्थियों का मैट्रिक में शत प्रतिशत रिजल्ट होता आ रहा है, जो कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। मौके पर विद्यालय की सचिव सिस्टर आग्नेस बेक, विद्यालय प्राचार्या सिस्टर सुमंती टोप्पो, मो. कमरुद्दीन, सिस्टर असीमा टोप्पो आदि मौजूद थे।

# पेपर लीक व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के दौरान हिंदी और विज्ञान प्रश्नपत्र के लीक होने के चलते संबंधित परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। इसके बाद अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है।

उपायुक्त नैंसी सहाय ने सोशल मीडिया गतिविधियों की कड़ी निगरानी करने और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। हजारीबाग पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे परीक्षा से संबंधित किसी भी अफवाह को न फैलाएं। यदि किसी को किसी भी प्रकार की संदिग्ध जानकारी मिले तो वे तुरंत साइबर थाना हजारीबाग (मो. 9430165939) या डायल 100/112 पर संपर्क करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

- 430 लोगों ने किया भोजन, राज नर्सिंग होम में गर्भवती और शिशुओं का हुआ टीकाकरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी लगातार 34वां सप्ताह भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात आयोजित भंडारा में लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 430 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर से पीएमजेएफ लायन सुजीत कुमार जिला 322 ए के सत्र 2025-26 के द्वितीय उप जिला पाल के उम्मीदवार ने पुत्र लक्ष्य चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में नर सेवा नारायण सेवा के तहत आयोजित भोजन वितरण में अपना योगदान दिए। मौके पर लायन पीएमजेएफ सुजीत कुमार ने लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के कार्यों की सराहना करते हुए प्रबुद्ध और सक्षम लोगों ऐसे नेक कार्यों में सहयोग करने की अपील की। क्लब की सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही कल्ब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जोन बी के चेयरपर्सन पीएमजेएफ गणेश प्रसाद सिंह, सेक्रेटरी एमजेएफ लायन सुनील कुमार वर्मा, लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, लायन डॉ एमके मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, एमजेएफ संजय जायसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबू आदि का विशेष योगदान रहा। परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब द्वारा भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का निःशुल्क टीकाकरण कराया गया।

## एक नजर में

### हजारीबाग में धड़ल्ले बिक रहा अवैध शराब

हजारीबाग। ज़िले के कई हिस्सों में अवैध शराब का धंधा धड़ल्ले से जारी है। शराब अब सिर्फ़ गांवों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शहरों और कस्बों के मोहल्लों में भी खुलेआम बेचा जा रहा है। प्रशासन और पुलिस की नाक के नीचे चल रहे इस कारोबार से आए दिन मौतें हो रही हैं, और कई परिवार तबाह हो रहे हैं। स्थानीय माफिया अपने नेटवर्क के जरिए यह जहरीली शराब गरीब और मजदूर वर्ग तक पहुँचा रहे हैं, जो सस्ती होने के कारण बड़ी संख्या में इसका सेवन कर रहे हैं। लेकिन यह सस्ता नशा कई लोगों की ज़िंदगी छीन रहा है। शराब में मिलाए जाने वाले जहरीले केमिकल, जैसे मेथनॉल, लीवर, किडनी और दिमाग को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं। शहर के मटवारी भुइयां टोली, कोर्रा हेट टोला, घासी टोला, दिपुगढ़ा, जबरा, सिंघानी, अमृतनगर, कदमा, खिरगांव आदि इलाकों में धड़ल्ले से कच्ची शराब की आपूर्ति की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, जगदीशपुर के एक बड़े माफिया द्वारा टायर के ट्यूब में शराब भरकर सुबह-शाम अलग-अलग जगहों पर सप्लाई की जाती है। इस धंधे में थाने से लेकर सफेदपोश लोगों तक की संलिप्तता बताई जाती है। हर किसी का कमीशन फिक्स होने के कारण यह अवैध कारोबार प्रशासन की नाकामी के कारण फल-फूल रहा है। दिखावे के लिए प्रशासन समय-समय पर छापेमारी करता है, लेकिन स्थानीय मिलीभगत के कारण माफिया हर बार बच निकलते हैं। अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए सख्त कानूनों को ईमानदारी से लागू करने की जरूरत है।

### कायस्थ महासभा ने लगाया चिकित्सा शिविर



हजारीबाग। सबका साथ और सिर्फ समाज का विकास के संकल्प के साथ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, हजारीबाग जिला इकाई ने डूमरगांव में चिकित्सा शिविर, ब्लड डोनेशन कैंप और नेत्र जांच शिविर लगाया। समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रुपेश बिहारी लाल के नेतृत्व में इस शिविर का लाभ केवल कायस्थ समाज के ही नहीं, बल्कि सभी जाति और धर्मों के सैकड़ों जरूरतमंद लोगों ने उठाया। इस शिविर की विशेषता यह रही कि जो लोग असमर्थ थे, उनके घरों तक महासभा के चिकित्सकों ने जाकर उपचार किया और मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। इस मानवीय पहल से गांव के बुजुर्ग, दिव्यांग और असहाय लोगों को विशेष राहत मिली। शिविर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष गिरिवंदन प्रसाद, हजारीबाग जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद, संगठन मंत्री अजय कुमार, कोषाध्यक्ष गौतम किशोर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अर्चना सिन्हा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने सेवा देकर शिविर को सफल बनाया।
२२ है पी ३ : लगाया गया चिकित्सा शिविर

### हजारीबाग में कई खाद्य प्रतिष्ठानों की हुयी जांच



हजारीबाग। डीसी नैंसी सहाय एवं एसीएमओ डॉ. शशि जायसवाल के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस अभियान के तहत उत्तम स्वीट्स, वन भोजन रेस्टोरेंट, ग्रिल इन, लस्सी कॉर्नर, स्ट्रीट कॉफी और झीनझरिया पुल के पास स्थित बैंक्वेट हॉल सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को अपने कर्मचारियों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच कराकर मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही, पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने और किचन को स्वच्छ एवं हाईजीनिक बनाए रखने की सख्त हिदायत दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सभी फूड विक्रेताओं को मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों में हानिकारक केमिकल या औद्योगिक रंगों के इस्तेमाल से बचने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों को सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखना अनिवार्य है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें।

### दारू में डामर मिक्सिंग से लोग हो रहे बीमार



**हजारीबाग।** हजारीबाग से दारू थाना क्षेत्र तक 26 करोड़ रुपये की लागत से 23 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजना राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, हजारीबाग के तहत संचालित हो रही है। निर्माण कार्य के अंतर्गत हुटपा क्षेत्र में डामर मिक्सिंग का कार्य किया जा रहा है, लेकिन यह प्रक्रिया खुले में हो रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोग और राहगीर गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। डामर मिक्सिंग से निकलने वाले केमिकल रेडिएशन और जहरीली गैसों की वजह से इलाके में रहने वाले लोग श्वसन संबंधी समस्याओं और आंखों में जलन जैसी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। खासकर बाइक सवार और ऑटो रिक्शा चालक जब इस क्षेत्र से गुजरते हैं, तो उनकी आंखें कुछ समय के लिए चिपकने लगती हैं, जिससे सड़क दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि डामर मिक्सिंग का कार्य खुले में करना स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है और इसे तय मानकों के अनुरूप बंद स्थान पर किया जाना चाहिए। अब सवाल उठता है—क्या प्रशासन इस गंभीर लापरवाही पर ध्यान देगा, या फिर लोगों को इसी तरह स्वास्थ्य संकट और दुर्घटनाओं के खतरे में डालकर निर्माण कार्य चलता रहेगा।

# सबको मानवीय मूल्यों से जोड़ता महाकुंभ 2025

**भैरोसिह शेखावत**

**यदि** आप भारत के गांव-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे. जो प्रातः स्नान करते समय ह्यगंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती । नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन संनिधि कुरु॥ह्न का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है- हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो। स्नान के नित्यकर्म में राष्ट्र की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारतभूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है।

विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है। उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां माँ की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकर शांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों की गोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भी सहायक मानी जाती हैं।


यही कारण है कि हमारे धार्मिक ग्रंथों में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। ऋग्वेद के नदी सूक्त से लेकर आधुनिक साहित्य तक, नदियों की महिमा को व्यापक रूप से दशार्या गया है।

महाभारत, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण और कालिदास के ग्रंथों में भी नदियों की पवित्रता को रेखांकित किया गया है।

कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य का ही महापर्व है, जो विविधतता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह महापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है।

अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है 'मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावास्या तदा योगः कुम्भाख्यस्तीर्थनायके ।।' अर्थात 'जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग में कुंभ-योग होता है।'

कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं–मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निवार्णी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाडे का होता है। इसके पश्चात समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है।




कुंभ-पर्व की प्राचीनता के संबंध में तो किसी संदेह कीआवश्यकता ही नहीं, किंतु यह बात अवश्य महत्त्वपूर्ण है कि कुंभ मेले का धार्मिक रूप में श्रीगणेश किसने किया ? विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि कुंभ मेले के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं। उन्होंने कुंभ-पर्व के प्रचार की व्यवस्था धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ रखने के लिए तथा जगत कल्याण की दृष्टि से की थी। उन्हीं के आदशार्नुसार आज भी कुंभपर्व के चारों सुप्रसिद्ध तीर्थों में सभी संप्रदाय के साधु-महात्मागण देश-काल-परिस्थिति अनुरूप लोककल्याण की दृष्टि से धर्म-रक्षार्थ धर्म का प्रचार करते हैं, जिससे सर्वजन कल्याण होता है।

कुंभ का इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में ही रहकर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते और सभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धन इस अवसर पर अपनी दानशीलता का भी परिचय देते थे। चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्व मुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट् हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर पर दान कर दिया। जब दान के लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार कर दे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यश्री ने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। । महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अब तक अक्षुण्ण चली आ रही है।

कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक और ज्योतिषीय पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं, तब स्नान करने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगम के जल में प्राकृतिक खनिज और औषधीय गुण होते हैं, जिससे यह स्नान शरीर की शुद्धि का माध्यम बनता है।

करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले।

सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है।

कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और वैश्विक भाईचारे का प्रतीक भी है। यह ह्यवसुधैव कुटुंबकम्ह्न की भावना को साकार करता है, जहाँ जाति, धर्म और वर्ग से परे सभी श्रद्धालु एक समान होते हैं। यह पर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। कुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और जीवन-दर्शन को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलती है। विदेशी पर्यटक यहां भारतीय परंपराओं को समझने और आत्मसात करने आते हैं।

कुंभ मेला भारतीय संस्कृति की गहराई, सहिष्णुता और एकता का अद्भुत संगम है। यह केवल पवित्र स्नान का पर्व नहीं, बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने, आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का एक अवसर भी है। भारत की सनातन परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का परिचायक बना रहेगा।

**(केन्द्रीय मंत्री, पर्यटन एंव संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार**

## कैमरे की नजर में

## फोटो न्यूज- समीर

**राज्य के थानाओं में जब्त की गयी गाड़ियों को पूरी लापरवाही से रखा गया है। इस कारण थाना बना कबाड़खाना, सालों से जब्त गाड़ियां कई सालों से नहीं हुई नीलाम। थाना मे जमी दोज हो रही गाड़ियां। वर्षो से रांची के थानों मे जब्त हुई गाड़ियां नहीं हुई नीलाम।**





## 26 फरवरी को महाकुंभ समाप्त



## दिल्ली में नयी सरकार : मोदी की गारंटी को विश्वास में बदलने की चुनौती

**शिवानन्द उपाध्याय**

**दिल्ली** में ऐतिहासिक जीत के बाद, नवनिर्वाचित भाजपा सरकार की चुनौतियाँ भी ऐतिहासिक है` भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य की वित्तीय हालत को संतुलित करते हुए अपने भारी-भरकम चुनावी वादों को पूरा करना है। इन वादों में यमुना की सफाई, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए आर्थिक सहायता, और गर्भवती महिलाओं के लिए वित्तीय मदद जैसे महत्त्वपूर्ण वादे शामिल हैं, जिनका पूरा करना वित्तीय प्रबंधन के लिहाज से एक कठिन कार्य होगा। केजरीवाल सरकार के रेवड़ी कल्चर ने दिल्ली को वितीय बदहाली की ओर धकेल दिया है, जिससे नयी सरकार के लिए स्थिति और जटिल हो गई है।

सबसे पहले नवनिर्वाचित सरकार को अल्पकालिक मुद्दों को भी प्राथमिकता देनी होगी ताकि जनता को तत्काल राहत मिल सके, जिसमें उसके कुछ चुनावी वादे भी है, साथ ही दीर्घकालिक विकास और बुनियादी ढांचे की मजबूती और पूंजीगत परिव्यय में वृद्धि के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे इन समस्याओं का समाधान करने के लिए सही दिशा में बजट और योजनाओं का निर्धारण आवश्यक होगा, ताकि शहर के विकास की गति बनी रहे और नागरिकों को बेहतर सेवाएँ मिल सकें।

आप सरकार की नीति और निर्णयों के कारण दिल्ली की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई है, जो बुनियादी ढांचे की स्थिति में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। बुनियादी ढांचे की खराब स्थिति, जैसे जल आपूर्ति, परिवहन, सड़कों की मरम्मत, और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का कमजोर होना, दिल्लीवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है। दूसरी ओर भाजपा ने आम आदमी पार्टी से भी आगे बढ़कर कई कल्याणकारी योजनाओं का वादा किया है, जैसे कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, और बुनियादी ढांचे में सुधार। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार, महिलाओं को हर महीने ?2,500 देने वाली योजना पर सालाना लगभग ?11,000 करोड़ खर्च होने की उम्मीद है। वहीं, दिल्ली में लगभग 24.4 लाख वरिष्ठ नागरिक हैं, जिनमें से 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को ?3,000 प्रतिमाह की पेंशन देने के लिए सालाना ?4,100 करोड़ की आवश्यकता होगी। गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा बढ़ाना है, गरीब परिवारों से आने वाले छात्रों को किंडरगार्टन से पोस्ट ग्रेजुएशन तक मुफ्त शिक्षा भी प्रदान करना है, जो एक बड़ी वित्तीय जिम्मेदारी है। इसे दीर्घकालिक रूप से फंड करना चुनौतीपूर्ण होगा, खासकर जब दिल्ली के पास पहले से ही आर्थिक दबाव है।

मानव विकास संस्थान द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, 2041 तक 'दिल्ली की जनसंख्या लगभग 3 करोड़ हो जाएगी` बढ़ती जनसंख्या के दबाव को संभालने के लिए, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी सेवाओं का विस्तार करना जरूरी होगा। सरकार को भविष्य में बढ़ने वाली जनसंख्या और प्रवास की दिशा को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक और सतत विकास योजना बनानी होगी। इसके तहत संसाधनों का उचित वितरण, पर्याप्त बुनियादी ढांचे का विकास और समावेशी योजनाओं का निर्माण करना आवश्यक होगा।

यमुना नदी की सफाई एक महत्त्वपूर्ण और महंगा कार्य है, जिसमें नदी के प्रदूषण को कम करने, जल की गुणवत्ता में सुधार करने और उसके किनारे के विकास की आवश्यकता होगी। यह एक दीर्घकालिक और विशाल परियोजना है, जिसे कई वर्षो तक वित्तीय और प्रशासनिक समर्थन की आवश्यकता पड़ेगी। दिल्ली सरकार को इसके लिए पर्याप्त फंडिंग जुटानी होगी, जो राज्य के सामान्य बजट से बाहर जा सकता है। इसकेके लिए एक समन्वित प्रयास की आवश्यकता होगी केंद्र सरकार और दिल्ली के अलावा, हरियाणा और यूपी जैसे पड़ोसी राज्य भी इस परियोजना में अपनी भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि यमुना नदी इन राज्यों से भी होकर गुजरती है। बड़ी कंपनियाँ जो उरफ के तहत पर्यावरणीय परियोजनाओं में निवेश करती हैं, उन्हें इस योजना में शामिल किया जा सकता है।

इन योजनाओं को लागू करने के लिए एक ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता होगी, जिसमें निवेश की आवश्यकता होगी। इसे वित्तीय रूप से सक्षम बनाना और समय सीमा में पूरा करना एक बड़ी चुनौती है। नवनिर्वाचित सरकार को इन चुनौतियों से निपटने के लिए तात्कालिक उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक समाधान की ओर भी ध्यान देना होगा। इसके लिए राज्य सरकार को अपने वादों को पूरा करने के साथ-साथ वित्तीय अनुशासन बनाए रखना होगा, संसाधनों का बेहतर उपयोग करना पड़ेगा और साथ ही फंड जुटाने के लिए नए स्त्रोतों की पहचान करनी होगी। भाजपा को सरकार की योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखनी होगी और नागरिकों के बीच विश्वास बनाए रखने के लिए उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से काम करना होगा। चुनावी वादों का पालन करना और उनपर नजर रखकर नियमित समीक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी होगी। सरकार को अपने बजट की प्राथमिकताओं का पुनःनिर्धारण करना होगा। जहां जरूरी हो, वहां फालतू खर्चों को कम करना पड़ेगा और विकास परियोजनाओं के लिए फंड को पुनः आवंटित करना होगा। बेहतर वित्तीय प्रबंधन के लिए सरकार को नए राजस्व स्त्रोतों की तलाश करनी होगी। यह हो सकता है कि सरकार को दिल्ली के भीतर नए करों या शुल्कों का परिचय देना पड़े, या फिर अन्य सार्वजनिक और निजी साझेदारी (मॉडल के जरिए निवेश जुटाना पड़े। यमुना नदी की सफाई और रोजगार सृजन जैसी दीर्घकालिक योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू करना और समय के साथ संसाधनों का विस्तार करना होगा है, ताकि बजट पर अतिरिक्त दबाव न पड़े।

भाजपा को अपनी योजनाओं को सही दिशा में, पारदर्शी तरीके से और समय पर लागू करने की आवश्यकता होगी।

## कुंभ में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एआई आधारित की जा रही निगरानी

महाकुंभ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली का इस्तेमाल आने वाले वर्षों में भीड़ भाड़ वाली जगहों पर भगदड़ की घटनाओं को रोकने और इस वर्ष जैसी त्रासदी की पुनरावृत्ति से बचने में मदद करेगा। मेला अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में 29 जनवरी को मची भगदड़ में कम से कम 30 लोग मारे गए और 90 से अधिक घायल हो गए। इस महाकुंभ में अब तक रिकॉर्ड 60 करोड़ तीर्थयात्री आ चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि 4000 एकड़ के मेला मैदान पर 2,750 क्लोज सर्किट कैमरे (सीसीटीवी) निगरानी कर रहे हैं, जिनमें से लगभग 250 एआई से लैस हैं। ये कैमरे मेले के एकीकृत नियंत्रण एवं कमान केंद्र (आईसीसीसी) को सूचनाएं भेज रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इन कैमरों की मदद से अधिकारियों को स्नान घाटों पर प्रति वर्ग मीटर भीड़ के घनत्व, प्रति मिनट मेला परिसर में लोगों की आवाजाही, वाहनों की पार्किंग स्थिति, प्रमुख चौराहों पर भीड़ और पूर्व निर्धारित खतरे की सीमाओं के आधार पर अलर्ट जारी करने की आवश्यकता के बारे में वास्तविक समय से जानकारी मिल रही है। आईसीसीसी के प्रभारी और पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित कुमार ने कहा, ह्यह्यहम एआई सिस्टम द्वारा उपलब्ध कराए गए मेले के आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे, जब भीड़ खत्म हो जाएगी।

हमें उम्मीद है कि हम अगली बार इस तरह के बड़े पैमाने पर होने वाले आयोजनों को और कुशलता से प्रबंधित करेंगे तथा इस बार जैसी त्रासदी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए बेहतर ढंग से तैयार होंगे।ह्न अधिकारियों ने बताया कि आईसीसीसी की चार इकाइयां, जिनमें से दो मेला परिसर में अस्थायी रूप से स्थापित हैं, कुंभ मेले के दौरान यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया, स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल और सार्वजनिक संचार के लिए कमान केंद्र के रूप में काम करती हैं।



कमान केंद्र मुख्यालय में पुलिसकर्मियों की कई टीम, जिनमें लगभग 400 कर्मचारी शामिल हैं, विशाल मेला मैदान के सभी 25 सेक्टर से सीसीटीवी फीड की चौबीसों घंटे निगरानी कर रही हैं। यहां विशाल स्क्रीन हैं जो पूर्व निर्धारित एल्गोरिदम, कलर-कोडेड डेटा और ग्राफिकल चार्ट के आधार पर वास्तविक समय की जानकारी साझा करती हैं, जिन्हें व्याख्या करके 13 ग्रिड में फैली समानांतर ऑपरेटिंग रेडियो टीम को भेजा जाता है।

एसपी अमित कुमार ने कहा, ह्यह्यहमें उम्मीद थी कि बड़ी भीड़ होगी, लेकिन इतनी बड़ी भीड़ की कभी उम्मीद नहीं थी। इस साल तीर्थयात्रियों के बीच धार्मिक उत्साह के बढ़ते स्तर के कारण उस दुर्भाग्यपूर्ण रात को बैरियर टूटने की घटना हुई। हम स्थिति को जल्द नियंत्रित करने में सक्षम हुए, लेकिन कुछ नुकसान हो चुका था।ह्न

अधिकारियों ने कहा कि भगदड़ के बाद मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को नया रूप दिया गया, और अब तक इससे दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। महाकुंभ आधिकारिक रूप से 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर स्नान के बाद समाप्त हो जाएगा।

## छत्रपति शिवाजी महाराजः क्यों कहे जाते हैं सच्चे हिंदू राजा

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

शिवाजी के बारे में यह भी कि 1947 से 1975 तक अधिकांश मानव संसाधन विकास मंत्री मुस्लिम थे, जिन्होंने भारतीय पाठ्य-पुस्तक इतिहास की देखरेख की। ये इतिहासकार शिवराय को एक धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति के रूप में चित्रित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्होंने हिंदू कारणों के बजाय सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई लड़ी। सनातन धर्म की महिमा को बहाल करने और हिंदू कारणों के लिए हिंदुओं को एकजुट करने के लिए संघर्ष किया। एक हिंदू होने के नाते, उन्होंने हिंदुओं और उनकी महान विरासत के खिलाफ अन्याय का विरोध और लड़ाई करते हुए कभी भी किसी धर्म का तिरस्कार नहीं किया।

**छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में स्वामी विवेकानंद के विचार**

पिछली तीन शताब्दियों में भारत ने जो सबसे महान राजा पैदा किया, वह शिव का ही अवतार था, जिसके बारे में उसके जन्म से बहुत पहले ही भविष्यवाणियाँ की जा चुकी थीं।

महाराष्ट्र के सभी महान आत्माएँ और संत उत्सुकता से उनके आगमन की प्रतीक्षा कर रहे थे, क्योंकि वह हिंदुओं को म्लेच्छों से बचाएगा और धर्म की स्थापना करेगा, जिसे मुगलों की विनाशकारी भीड़ ने नष्ट कर दिया था₹। क्या शिवराय से बड़ा कोई नायक, संत, भक्त या राजा है? शिवराय मानव जाति के जन्मजात राजा का प्रतीक थे, जैसा कि हमारे प्राचीन महाकाव्यों में दशार्या गया है। उन्होंने भारत के सच्चे पुत्र का उदाहरण दिया, जो राष्ट्र की चेतना का प्रतीक थे। यह वह थे जिसने दिखाया कि भारत का वर्तमान या भविष्य में क्या होगा, एक ही छत्र के नीचे अलग-अलग इकाइयों का संग्रह, यानी एक सर्वोच्च शाही आधिपत्य।

**शिवाजी महाराज सच्चे हिंदू योद्धा थे, झूठे धर्मनिरपेक्षतावादी नहीं**

असाधारण प्रतिभा और स्पष्ट दृष्टि रखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। उनके पास एक प्रेरक और आकर्षक व्यक्तित्व भी था जिसने उनके समर्पित सैनिकों और किसानों से सम्मान, वफादारी और महानतम बलिदान प्राप्त किया। अपने हिंदवी स्वराज्य को बनाने के लिए अपनी माँ और महाराष्ट्र के संतों द्वारा उनमें डाले गए सर्वोच्च आदर्शों से प्रेरित एक साहसी मिशन, उन्हें हिंदुओं की सोई हुई अंतरात्मा को जगाना था और यह प्रदर्शित करना था कि मुगल सत्ता को सफलतापूर्वक चुनौती देना, विदेशी प्रभुत्व को खत्म करना और मुस्लिम शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करना संभव था।

**हिंदू मंदिरों का पुनर्विकास और हिंदू एकता की मजबूती**

हिंदुओं के स्वाभिमान और संस्कृति को छत्रपति शिवाजी महाराज ने बनाए रखा था। जब विदेशी आक्रमणकारी हमारी भूमि पर आए, तो उन्होंने मठों और मंदिरों को ध्वस्त करके हिंदू समुदाय को नष्ट करने का प्रयास किया। इस तरह के विनाश के उदाहरणों में बाबर द्वारा अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर को ध्वस्त करके मस्जिद बनाना और औरंगजेब द्वारा काशी विश्वनाथ और मथुरा मंदिरों को ध्वस्त करना शामिल है। इन मंदिरों के स्थान पर मुस्लिम आक्रमणकारियों ने जो निर्माण किए, वे हमारे लिए बेहद अपमानजनक हैं। प्रसिद्ध इतिहासकार श्री अर्नोल्ड टॉयनबी ने 1960 में दिल्ली में एक व्याख्यान में कहा, ₹आपने अपने देश में औरंगजेब द्वारा बनाई गई मस्जिदों को संरक्षित किया है, हालांकि उनका इतिहास बहुत अपमानजनक था।

जब रूस ने उन्नीसवीं सदी की शुरूआत में पोलैंड पर कब्जा कर लिया, तो उन्होंने अपनी जीत की याद में वारसॉ के केंद्र में एक रूसी रूढ़िवादी चर्च बनाया। जब पोलैंड को प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान स्वतंत्रता मिली, तो सबसे पहले उसने रूस द्वारा बनाए गए चर्चों को ध्वस्त कर दिया और रूसी प्रभुत्व की याद दिलाने वाले अवशेषों को खत्म कर दिया। क्योंकि चर्च ने पोलिश लोगों के रूसी हाथों उनके अपमान की निरंतर याद दिलाई।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



शहर में ऐतिहासिक कीनन स्टेडियम के सामने अवस्थित सर दोराब जी टाटा पार्क। इस पार्क में बना थ्री डी डायमंड स्ट्रक्चर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहता है किसी भी दिशा से देखने पर यह एक समान नजर आता है। यह डायमंड स्ट्रक्चर सर दोराब जी टाटा की धर्मपत्नी लेडी मेहर बाई टाटा के स्वामित्व वाले जुबिली डायमंड का प्रतिरुप है। 1924 में जब टाटा स्टील के सामने आर्थिक संकट आया तो लेडी मेहरबाई टाटा ने कंपनी बचाने के लिए अपने इस अजीज जुबिली डायमंड को गिरवी रख कर दोराब जी को धन उपलब्ध कराया था।

# नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाली सोंच के साथ आगे बढ़ें क्षेत्र के युवा : डॉ गौतम सूत्रधार

**अर्का जैन विश्वविद्यालय**

- वार्षिक प्रबंधन उत्सव क्रेस्ट 2025 में दिखा नवाचार, उद्यमिता व प्रतिस्पर्धा का अनूठा संगम
- विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं व डीजे इवनिंग के साथ दो दिवसीय उत्सव का हुआ समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**समापन कार्यक्रम में उपस्थित एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक डा प्रो गौतम सूत्रधार, अरका जैन के डा रजी, डा अमित श्रीवास्तव व अन्य।**

**जमशेदपुर।** कल्पनाओं से परे, संभावनाओं की ओर₹ इस मंत्र के साथ जमशेदपुर स्थित अर्का जैन विश्वविद्यालय में वार्षिक व प्रमुख प्रबंध उत्सव क्रेस्ट 2025 का आयोजन किया गया है। इस दो दिवसीय उत्सव ने नवाचार, उद्यमिता और प्रबंधन क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित किया है। यह विश्वविद्यालय का वार्षिक और प्रमुख प्रबंधन उत्सव है, जिसमें न केवल विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रचनात्मकता और नेतृत्व के लिए एक बेहतरीन मंच मिला, बल्कि देशभर के विभिन्न कॉलेजों से प्रतिभाशाली छात्रों को भी शामिल किया गया। पहले दिन जहां अतिथियों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। वहीं दूसरी दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.)

**उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा :** क्रेस्ट 2025 का मुख्य प्रायोजक क्लाउडिमल था, जो युवाओं के नेतृत्व में संचालित एक कंपनी है। यह कंपनी ऑनलाइन शिक्षा, कौशल विकास और कॉर्पोरेट प्रशिक्षण में संलग्न है। इस उत्सव ने छात्रों को न केवल कॉर्पोरेट संस्कृति से अवगत कराया, बल्कि स्टार्टअप और स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल भी प्रदान किया।

**नवाचार, प्रतिस्पर्धा और आनंद का संगम :** क्रेस्ट 2025 में विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें व्यवसाय रणनीति, विपणन, वित्तीय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता और उद्यमिता से जुड़े विषयों पर चर्चाएं हुई। इसके अलावा, विभिन्न रोमांचक इवेंट्स का आयोजन हुआ, जिनमें बिजनेस प्लान प्रतियोगिता, केस स्टडी चैलेंज, इनोवेटिव आइडियाज प्रजेंटेशन और मैनेजमेंट क्विज जैसे इवेंट्स शामिल थे। इन इवेंट्स के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ और उन्हें नए दृष्टिकोण को अपनाने का अवसर मिला।

**प्रतियोगिताओं में दिखी प्रतिभा :** उत्सव के दूसरे व अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें स्पर्धा प्रतियोगिता में युवाओं की रचनात्मकता को सामने लाने का प्रयास किया गया। मेलोडिका प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी गायन कला का प्रदर्शन किया। वहीं आइडिया पिच प्रतियोगिता एक आइडिया विकसित करने, उपभोक्ता वर्ग को पहचानने, कोई विज्ञापन अभियान विकसित करने के लिए एक संपूर्ण बातचीत पर आधारित थी। इसके बाद नवीनतम प्रबंधन विचारों और अवधारणा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे। शानदार डीजे संध्या के साथ इस वार्षिक प्रबंधन उत्सव का समापन हुआ।

गौतम सूत्रधार ने छात्रों से कहा, युवा भारत का भविष्य हैं। हमें केवल अच्छे करियर की दिशा में नहीं सोचना चाहिए, बल्कि हमें समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भी सोचना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### आज टिनप्लेट काली मंदिर गोलचक्कर पर जैम@स्ट्रीट

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा पावर, जोजोबेरा के सहयोग से जैम@स्ट्रीट कार्यक्रम के तीसरे संस्करण की घोषणा करते हुए उत्साहित है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम रविवार, 23 फरवरी 2025 को सुबह 6:30 बजे टिनप्लेट में शुरू होगा। यह कार्यक्रम टिनप्लेट काली मंदिर गोल चक्कर से नीलडीह ट्रैफिक सिग्नल तक फैला होगा। टिनप्लेट क्षेत्र के लोग बैडमिंटन, जुम्बा वर्कआउट और कार्यक्रम में स्वादिष्ट स्वस्थ भोजन जैसी गतिविधियों से भरे दिन के लिए तैयार रहें।

### विधायक ने व्यापारी उद्यमियों से किया संवाद

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक श्रीमती पूर्णिमा साहू ने संवाद कार्यक्रम में पहुंचकर जमशेदपुर में टूरिज्म क्षेत्र में औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। कहा कि यहां टूरिज्म क्षेत्र जैसे, डिमना, चांडिल, गालूडीह, दलमा इत्यादि एरिया में इसकी अपार संभावनायें है जिसकी अनदेखी की गई है। अगर इस टूरिज्म क्षेत्र को विकसित कर इसका उपयोग औद्योगिक रूप में किया जाय तो यह रोजगारपरक साबित होंगी। रोजगार के लिये भटक रहे युवाओं को पलायन रूकेगा। उन्होंने इन मुद्दे को विधानसभा में उठाकर जल्द इसपर आगे बढ़ने के लिये सरकार को सुझाव देंगी और प्रशासनिक स्तर पर पहल करवाने का प्रयास करेंगे।

### आज सच्चिदानंद राय की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय 3 फरवरी को जनसंघ कालीन राजनीतिक कार्यकर्ता सच्चिदानंद राय की पुण्य स्मृति में एक शोक सभा का आयोजन किया है। यह आयोजन रविवार को प्रातः 11 बजे बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर परिसर के सभागार में किया जाएगा। इस स्मृति-सह-शोक सभा में कोई दलीय बंधन नहीं है। उन्होंने आग्रह किया कि जिन्होंने भी स्व. राय के साथ कार्य किया है अथवा उनसे जुड़े रहे हैं

# धातकीडीह गोलीकांड : शिवम् घोष पर फायरिंग मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार

›› आपसी वर्चस्व में शिवम को मारी थी गोली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टूपुर के रहने वाले शिवम घोष (22) पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस टीम की ओर से कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया गया। पूरी घटना का खुलासा सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने किया।

धातकीडीह मेन रोड में घटना 19 फरवरी को दिन के 1.10 बजे घटी थी। शिवम पर फायरिंग कर सभी आरोपी वहां से बाइक से फरार हो गए थे। पुलिस ने इस बीच घटना में प्रयुक्त हथियार (तीन पीस सेमी ऑटोमेटेड पिस्टल), बाइक, गोली और मोबाइल फोन भी बरामद किया है जबकि हथियार बरामदी के लिए प्रयास कर रही है।



**गिरफ्तार आरोपियों को प्रेस के सामने पेश करते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष।**

**ये हुए गिरफ्तार**

गिरफ्तार आरोपियों में कदमा लिंक रोड डिडली इन्कलेव का रहने वाला मनोज विभर, विशाल विभर, कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 2 का सोएब अख्तर उर्फ शिबू, रामजनम नगर काली मंदिर का सोमेश राव, उर्फ एल सोमेश, शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 2 का मो. आशिफ, परवेज खान उर्फ कैश खान और टेल्को प्रेमनगर का सोनू झा उर्फ विकास झा शामिल है।

### 30 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ रॉकी आकाश और सरफराज हुए गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** मानगो पुलिस ने 30 पुड़िया बाउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष और ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने संयुक्त रुप से बताया कि तीनों आरोपियों का पहले से ही आपराधिक इतिहास रहा है। सभी के खिलाफ पहले से ही कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**ये हुए गिरफ्तार :** गिरफ्तार आरोपियों में सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के भालुबासा बजरंगबली मंदिर के पास के पास का रॉकी मुखी, हरिजन बस्ती स्लैग रोड का आकाश मुखी और गरीब नवाज कॉलोनी का मो. सरफराज उर्फ तिल्ली शामिल है।

**छापेमारी टीम में ये थे शामिल :** छापेमारी टीम में डीएसपी वन भोला प्रसाद सिंह, मानगो थानेदार निरंजन कुमार, एसआई महेंद्र कुमार, एएसआई करमू राम, फोरमेसियुस कुजूर, आरक्षी बलराम गोप, राहुल पांडेय, मधुसूदन बानरा आदि शामिल थे।

## को-ऑपरेटिव कॉलेज में मातृभाषा दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज जमशेदपुर के हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर एक बहुभाषी कवि सम्मेलन किया। इसके मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष डॉ अमर सिंह, प्राचार्य, वक्ता अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ संजय यादव, अतिथि कवियों में अहमद बद्र, सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक, उर्दू विभाग, करीम सिटी कॉलेज, डॉ बसुधरा रॉय, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग, करीम सिटी कॉलेज, डॉ लता मानकर प्रियदर्शनी, प्राचार्य, एस एस अकादमी एवं गणेश चंद्र मुर्मू, अध्यक्ष, आदिवासी साामाजिक-शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संघ, घाटशिला मौजूद थे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य ने स्मृति चिह्न से कर अतिथियों का सम्मान किया।

# शिक्षा में बहुभाषावाद को बढ़ावा दे रहा है टाटा स्टील फाउंडेशन

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर विशेष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**सुकिंदा/ जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर गत 21 फरवरी को, टाटा स्टील फाउंडेशन ने शिक्षा में बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया। टाटा स्टील के सुकिंदा क्रोमाइट माइन कैंपस स्थित सबल केंद्र में स्थानीय शिक्षकों के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में भाषाई विविधता के संरक्षण और समावेशी शिक्षा प्रणाली के महत्व पर गहन चर्चा हुई। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को उनकी मातृभाषा में सीखने का अवसर देना और बहुभाषी शिक्षा के जरिए समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है।

इस सत्र में स्थानीय क्षेत्र के करीब 30 स्कूल शिक्षक, जिनमें कालियापानी, रंसोल, कंसा और चिंगुदीपाल पंचायतों के शिक्षक शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कक्षा शिक्षण में बहुभाषावाद को प्रभावी रूप से लागू करने पर विचार-विमर्श किया। विशेषज्ञों और शिक्षकों ने साझा किया कि कैसे बहुभाषी शिक्षा न केवल छात्रों की सीखने की क्षमता को बढ़ाती है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक जड़ों को भी मजबूत करती है।

# चाईबासा में कांग्रेस की कोल्हान स्तरीय संगठनात्मक बैठक संपन्न

- पूर्वी सिंहभूम के प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के कार्य की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



चाईबासा/जमशेदपुर। कोल्हान प्रमण्डल स्तरीय कांग्रेस संगठनात्मक बैठक का आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आह्वान पर चाईबासा कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी के. राजू , विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सी एल पी लीडर प्रदीप यादव, उप सी एल पी लीडर राजेश कच्छप, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक सोनाराम सिंकू सहित नेतागण शामिल हुए।

## परम पिता परमेश्वर की अद्भुत रचना है स्त्री : सिस्टर अराधना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मैनुएल बैप्टिस्ट चर्च के शताब्दी वर्ष के मद्देनजर तीन दिवसीय महिला सम्मेलन सह आत्मिक जागृति सभा इमैनुएल महोत्सव का दूसरा दिन बहुत ही आत्मीकता के साथ मनाया गया। इस शताब्दी वर्ष महिला सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरूआत सुबह 9:00 बजे हुई जो दोपहर 1:30 तक चला, जिसमें झारखंड, ओडिशा, बंगाल एवं बिहार के मसीही महिलाओं ने सैकड़ों की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। महिला सम्मेलन में कार्यक्रम की अध्यक्षता इमैनुएल बैप्टिस्ट चर्च की महिला समिति की बहन निरुपा लाल ने किया। चर्च के आराधना दल ने सुंदर मसीही गीतों के द्वारा महिला सम्मेलन को ईश्वरमय कर दिया।

# श्रीराम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति हैं : आचार्य राजेंद्र जी महाराज

- श्रीराम कथा के प्रथम दिन श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु
- पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विधायक पूर्णिमा साहू सपरिवार व्यास पीठ का किया पूजन
- 5 सदस्यीय संगीत मंडली ने मनमोहक भजन की दी प्रस्तुति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**श्री रामायण और व्यास पीठ का पूजन करती श्रीमती रुक्मिणी दास, उनके पति पूर्व सीएम रघुवर दास और पोती अराध्या।**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के पंचम वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को संगीतमय श्रीराम कथा का शंख मैदान में शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, विधायक पूर्णिमा साहू सपरिवार, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी व अन्य ने कथा व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया। पूजन पश्चात श्रीधाम वृंदावन से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज, संगीत मंडली एवं अन्य सदस्यों का स्वागत किया गया।

स्वागत के पश्चात कथा वाचक आचार्य राजेंद्र महाराज ने श्रीराम कथा के प्रथम दिन श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा का वर्णन किया। कथा में 5 सदस्यीय संगीत मंडली ने मधुर व मनमोहक भजन प्रस्तुत कर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। मर्मज्ञ कथा वाचक राजेंद्र जी महाराज ने श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा में श्रद्धालुओं का जबरदस्त हुजूम देखने को मिला। पूरे कथा के दौरान भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु झूमते और आनंदित नजर आए। श्रीराम कथा के दौरान मंच का संचालन सूर्य मंदिर समिति के वरीय सदस्य राकेश सिंह ने किया। कथा विश्राम के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने कहा कि श्रीराम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति है और श्री राम की कथा श्रवण करने से इंसान भवसागर से पार हो जाता है। इसकी महिमा जितनी कही जाए, कम ही है। श्रीराम की भक्ति मन, वचन और कर्म की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है।

## एक नजर में

### पुलिस एसोसिएशन के चुनाव प्रचार के लिए राहुल एवं संतोष की टीम पहुंची जमशेदपुर



**जमशेदपुर।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन जमशेदपुर (महासंघ) की आगामी 28 फरवरी को होनेवाले केंद्रीय पदाधिकारियों के चुनाव प्रचार हेतु प्रांतीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल कुमार मुर्मू अपनी टीम के साथ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी रोहित कुमार रजक एवं अशोक कुमार तिवारी, महामंत्री पद के प्रत्याशी संजीव कुमार, संयुक्त सचिव पद के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो एवं राकेश कुमार पांडेय तथा संगठन सचिव प्रत्याशी मंटू कुमार साहू शनिवार को जमशेदपुर पहुंचे। जहां जमशेदपुर जिला, रेल जमशेदपुर , जैप 6 जमशेदपुर, सीटीसी मुसाबनी, आईआरबी 2 मुसाबनी के शाखा पदाधिकारी, सदस्य एवं प्रतिनिधियों ने सबों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान राहुल कुमार मुर्मू एवं संतोष कुमार महतो के टीम को जमशेदपुर के वोटरों ने प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रांतीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल कुमार मुर्मू समेत टीम के सभी प्रत्याशियों ने बारी-बारी से बैठक के दौरान अपने विचारों को रखें। कहा कि सभी सदस्यों के मान सम्मान, लंबित मामलों का निष्पादन, सदस्यों के क्वालिटी लाईफ, आधारभूत संरचना आदि पर विशेष फोकस करना टीम की प्राथमिकता है। मैं काम से पहचान बनाने में विश्वास रखता हूं। जमशेदपुर में मैं क्या उदाहरण पेश किया हूं मुझे अपने मुंह से बताना शोभा नहीं देता है। यदि आपका सहयोग मिला तो दोगुने उत्साह से काम करूंगा।

### मंदिर समिति, स्कूल और कॉलेज कमेटी ने सांसद जोबा माझी को समस्याओं से अवगत कराया



**नोवामुंडी।** कोटगढ़ में सांसद जोबा माझी और मनोहरपुर क्षेत्र के विधायक जगत माझी को मां समलेश्वरी मंदिर हातनाबेडा कोर समिति के अध्यक्ष गणेश चंद्र गोप, युवा समिति के चंद्रमोहन गोप,महासचिव सनातन गोप तथा विनीत गोप आदि ने मां समलेश्वरी मंदिर हातनाबेडा की बुनियादी समस्याओं से अवगत किया। मौके पर सांसद श्रीमती माझी को ज्ञापन सौंपा। सांसद व विधायक किरीबुरू में स्थित वन में बसाये गये वन ग्राम मिर्चीगढ़ा एक कार्यक्रम में जाते समय कोटगढ़ में ठहरे थे। ज्ञापन में मां समलेश्वरी मंदिर के जीर्णोद्धार कराने तथा कोटगढ में मंदिर का मुख्य तोरण द्वार निर्माण करवाने की मांग रखी। वहीं, इंटर महाविद्यालय जगन्नाथपुर के प्रबंध समिति, सीताराम रूंगटा सरस्वती शिशु मंदिर कोटगढ़ तथा उच्च विद्यालय कोटगढ के विद्यालय प्रबंधन समिति /शासी निकाय के पदधारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने सांसद जोबा माझी से अपनी अपनी विद्यालय व महाविद्यालयों की समस्याओं से अवगत कराते हुये इनके समाधान करने की माँगें की गयी। ज्ञापन में टाटा स्टील प्रबंधन से देय वार्षिक अनुदान को नियमित रखवाने की माँग शामिल हैं। साथ ही,डीएमएफटी फंड से विद्यालय भवन का निर्माण करवाने की माँग की गयी। सांसद जोबा माझी ने मंदिर समिति और विद्यालय प्रबंधन समिति के ज्ञापन को गंभीरता से लिया और इन समस्याओं के समाधान की दिशा में हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिये।

### सांसद को टाटा से बलिया रोज ट्रेन का मांग पत्र



**जमशेदपुर।** शनिवार को महर्षि भृगु क्षेत्र जमशेदपुर के अध्यक्ष आदरणीय बिनोद सिंह के नेतृत्व में टाटा से बलिया सीधी ट्रैन की मांग पत्र जमशेदपुर के लोकप्रिय सांसद श्री विद्युतवरण महतो के बिस्टुपुर कार्यालय में मिलकर दिया गया। ज्ञात हो कि आजादी से पूर्व से लेकर आज तक कोल्हान के साथ साथ देश के विकास में बलिया जिला वासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मगर आज तक इतना विकास होने के बावजूद टाटा से बलिया के लिये कोई सीधी ट्रेन नही है। जिसकी वजह से लोगों को ब्रेक जर्नी करके जाना पड़ता है जिसमें समय के साथ साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है। इशाकी जानकारी मिलने के बाद सांसद महोदय ने इस मांग को गम्भीरता से लेते त्वरित कार्रवाई करवाने का अस्वासन दिया। इस मांग से बिहार के साथ साथ उत्तर प्रदेश के लाखों परिवार लाभान्वित होंगे। महर्षि भृगु क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में मुन्ना चौबे, बरमेश्वर पांडेय, देवेंद्र पांडेय, हेमन्त तिवारी, विजय शंकर, दिनेश सिंह के साथ साथ पूर्व सैनिक सुशील कुमार सिंह शामिल थे।

### वैश्य समाज ने रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने पर जश्न मनाया : श्रीकांत देव



**जमशेदपुर।** दिल्ली प्रदेश में भाजपा की कुशल, कर्मठ व निष्ठावान नेत्री सह वैश्य समाज की महिला नेत्री रेखा गुप्ता जी को मुख्यमंत्री पद की कमान दिए जाने के पश्चात वैश्य समाज ने हर्षोल्लास मनाया है तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार प्रकट कर लड्डू वितरित किये। आज एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड के पूर्व प्रदेश महासचिव श्रीकांत देव ने बताया कि श्रीमती रेखा गुप्ता जी अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन दिल्ली महिला इकाई के चेयरपर्सन पद पर सुशोभित हैं। मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के बाद आज अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें पुष्प गुच्छ एवं संस्था के नाम वर्णित अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।




# पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले कोहली को मिला गुरुमंत्र

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच जब दुबई में 23 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी का महामुकाबला खेला जाएगा तो सबसे ज्यादा ध्यान विराट कोहली पर टिका होगा। कोहली का बल्ला पाकिस्तान के खिलाफ जमकर बरसता है लेकिन उनका हालिया फॉर्म उनके साथ नहीं है. इसे देखते हुए विराट कोहली को महान भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने खास सलाह दी है। पूर्व कप्तान गावस्कर ने विराट को अपने खेल में सुधार करने के लिए कहा है और बताया कि आखिर क्यों उन्हें बार-बार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



भारत और पाकिस्तान के मैच से ठीक पहले सुनील गावस्कर ने कोहली की बड़ी कमजोरी पर बात की। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, उनके (विराट) बल्ले का फेस खुला हुआ रहता है। ये ही परेशानी उन्हें ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी हो रही थी. बल्ले का फेस खुला रहने के दौरान कोहली कवर में खेलने की कोशिश करते हैं, लेकिन उन्हें परेशानी हो रही है। उन्हें इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में विराट कोहली फ्लॉप रहे थे। वो स्पिनर रिशाद हुसैन की गेंद पर आउट होकर चलते बने थे। उन्होंने रिशाद की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर शॉट खेला था जिसे सौम्य सरकार ने लपक लिया था। 22 रन पर कोहली की पारी का अंत हो गया था। विराट के इस तरह आउट होने पर गावस्कर ने कहा, रिशाद की उस गेंद ने टर्न लिया था और उस पर भी विराट के बैट का मुंह खुला हुआ था। सुनील गावस्कर ने विराट को इसे लेकर सख्ती बरतने और लगाम कसने को कहा है. पूर्व क्रिकेटर ने इस मामले पर चिंता जाहिर करते हुए कहा, ह्यउनका बार-बार एक ही तरह की बॉलिंग पर आउट होना चिंताजनक है।

**पाकिस्तान को पीटने के लिए बेताब विराट कोहली, 90 मिनट पहले नेट्स पर पहुंचे :** कहते हैं कि अगर ठान लो तो कुछ भी मुश्किल नहीं. लगता है विराट कोहली ने भी पाकिस्तान को हराने की ठान ली है। इसका पता मुकाबले से पहले उनके हाव-भाव से चल रहा है। विराट कोहली पाकिस्तानी टीम की पिटाई करने को लेकर बेताब दिखे। उस बेताबी का ही नतीजा रहा कि वो अपनी टीम के बाकी सारे खिलाड़ियों से 90 मिनट पहले प्रैक्टिस करने नेट्स पर पहुंच गए और बल्लेबाजी का अभ्यास करना शुरू कर दिया। टीम के सपोर्ट स्टाफ के दो लोगों के साथ एक वैन के जरिए विराट दुबई के स्टेडियम पहुंचे, जहां के नेट्स पर उन्होंने बल्लेबाजी का अभ्यास करना शुरू किया।

विराट कोहली ने इस दौरान वअए के ही लोकल गेंदबाजों को नेट्स पर खेला। विराट कोहली अक्सर ये कहते हैं कि भारत को मैच जिताकर उन्हें मोटिवेशन मिलता है।

वो हमेशा यही सोचते हैं कि कैसे अपनी टीम को मैच जिता सकते हैं। विराट कोहली की उसी सोच की झलक दुबई में उनकी प्रैक्टिस में नजर आई, जहां वो साथी खिलाड़ियों से डेढ़ घंटे पहले नेट्स पर उतरे दिखे।

## टीम इंडिया में पांच शुभमन गिल: गांगुली



सौरव गांगुली ने कहा कि टीम इंडिया में 5 शुभमन गिल हैं। उनका मतलब इससे टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर से है। भारत के पूर्व कप्तान के मुताबिक टॉप से लेकर मिडिल ऑर्डर तक के सभी बल्लेबाजों में शुभमन गिल जैसी क्षमता है। वो भी वैसे ही शतक लगा सकते हैं, जैसे गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में जमाई है।गांगुली ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में भारत को फेवरेट बताया है। उन्होंने कहा कि पाक टीम के लिए ये चैलेंज आसान नहीं होगा। इसकी वजह हैं भारतीय टीम में मौजूद स्पिनर्स। गांगुली के मुताबिक मौजदा पाकिस्तानी टीम के बल्लेबाजों में इतनी काबिलियत नहीं की वो भारत के स्पिन अटैक का सामना कर सकें। उन्होंने कहा की उनके हिसाब से भारतीय टीम सिर्फ पाकिस्तान के खिलाफ मैच में ही नहीं बल्कि चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की भी फेवरेट है।

# चैंपियंस ट्रॉफी : सबसे बड़ा स्कोर बनाकर भी हारा इंग्लैंड

## रिकॉर्ड रन चेज कर जीता ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी करते हुए बनाए थे 351 रन

- ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर दर्ज की रिकॉर्ड जीत
- जोश इंग्लिश ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पलट दी बाजी



**एजेंसी**

**लाहौर।** जोश इंग्लिस के शतक और मैथ्यू शॉर्ट की दमदार फिफ्टी से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को रोमांच मुकाबले में 5 विकेट से हरा दिया। लाहौर के गद्दाफी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये इस मुकाबले में टॉस हारने के बाद इंग्लैंड ने बेन डकेट के रिकॉर्ड शतक से 351 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में जोश इंग्लिस की दमदार बैटिंग से 47.3 ओवरों में ही 356 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर किया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 5619 दिन के इंतजार को खत्म कर दिया। आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड ने 5 अक्टूबर 2009 में कोई मैच जीता था। यह मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल की टक्कर थी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिस ने 77 गेंद में अपना शतक पूरा किया। वनडे क्रिकेट में इंग्लिस का यह पहला शतक था। टीम के लिए इंग्लिस ने जुझारू पारी खेलते हुए नाबाद 120 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अपनी इस पारी में इंग्लिस ने 86 गेंद का सामना करते हुए 8 चौके और 6 छक्के भी लगाए। जोश इंग्लिस से पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी में मैथ्यू शॉर्ट ने भी 66 गेंद 63 रनों का योगदान दिया। जोश इंग्लिस के साथ ग्लेन मैक्सवेल ने भी शानदार कैमियो पारी खेली। मैक्सवेल ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 10 गेदं में 21 रनों की पारी खेली।

इंग्लैंड के खिलाफ इस रोमांचक टक्कर में शतक लगाने के साथ ही जोश इंग्लिस ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए एक खास रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। जोश इंग्लिस ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बने हैं। इंग्लैंड में ही जन्में जोश इंग्लिस ने लाहौर के गद्दाफी क्रिकेट स्टेडियम में अपनी शानदार पारी से टीम को जीत दिलाकर इतिहास रच दिया। जोश इंग्लिस को उनकी दमदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया।

**सबसे बड़ा स्कोर चेज :** ऑस्ट्रेलिया की इस जीत के साथ ही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में एक नया कीर्तिमान भी बन गया। मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे बड़ा रनचेज करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। सिर्फ इतना ही नहीं इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इस टूनामेंट का सबसे बड़ा टोटल बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया था, लेकिन कुछ ही घंटे में यह टूट गया है। आईसीसी टूनामेंट के इतिहास में अब तक का यह सबसे बड़ा रनचेज भी है। इंग्लैंड के लिए इस मुकाबले में ओपनर बल्लेबाज बेन डकेट ने भी शतक लगाकर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया था। बेन डकेट ने इस मुकाबले में 143 गेंद का सामना करते हुए 165 रनों की पारी खेली थी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में यह किसी भी बल्लेबाज के द्वारा खेली गई सबसे बड़ी पारी बनी थी, लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड की टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। बेन डकेट ने अपनी बल्लेबाजी 21 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा था।



## भारत ने जर्मनी को 1-0 से हराया



**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) के एक मुकाबले में जर्मनी को 1-0 से हरा दिया। दीपिका ने भारत की तरफ से एकमात्र गोल मैच के 12वें मिनट में किया जो आखिरकार टीम की जीत का कारक बना। इस जीत से भारत अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है।

## महाराष्ट्र, हरियाणा, और सर्विसेज ने जीत से की शुरूआत



**कटक।** महाराष्ट्र, हरियाणा, और सर्विसेज ने 71वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण की शुरूआत जीत के साथ की। जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में तमिलनाडु के उत्साही प्रतिरोध के बावजूद, हरियाणा की श्रेष्ठ रेडिंग यूनिट ने उन्हें 48-41 से जीत दिलाई जबकि नवीन कुमार की अगुवाई में सर्विसेज ने मध्य प्रदेश को एकतरफा अंदाज में 57-22 से हराया। पंजाब ने बिहार को 47-18 से हराकर आसान जीत हासिल की।

## सुशीला चानू ने पूरे किये 250 अंतर्राष्ट्रीय मैच,हॉकी इंडिया ने दी बधाई




**भुवनेश्वर।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारत के लिए 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरा करने पर सुशीला चानू पुखरामबम को बधाई दी। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने ओडिशा के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में जर्मनी के खिलाफ भारत के लिये 250वें मैच का प्रतिनिधित्व किया। 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का एक दशक से अधिक समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शानदार करियर रहा है और उन्हें भारत की सबसे प्रसिद्ध महिला हॉकी खिलाड़ियों में जाना

# महेश भूपति पहुंचे पटना, टेनिस के उभरते खिलाड़ियों से की मुलाकात



**पटना।** भारतीय टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी महेश भूपति ने आज पटना का दौरा किया और यहां के उभरते टेनिस खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने खिलाड़ियों से उनकी ट्रेनिंग, खेल तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। युवा खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उन्होंने उन्हें खेल के प्रति समर्पित रहने और निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। महेश भूपति ने बिहार सरकार के खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेंदर और निदेशक महेंद्र कुमार से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिहार में खेलों के विकास और खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं पर चर्चा की। इसके अलावा, उन्होंने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण से भी भेंट की और राज्य में खेलों को प्रोत्साहित करने की दिशा में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। महेश भूपति ने बिहार में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

महेश भूपति ने कहा कि बिहार में खेलों की अपार संभावनाएं हैं और आने वाले वर्षों में यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। उन्होंने राज्य में टेनिस और अन्य खेलों के विकास के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए और भविष्य में बिहार के खिलाड़ियों के साथ और अधिक जुड़ने की इच्छा व्यक्त की।

# यूईएफए महिला नेशंस लीग: स्पेन ने रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम को 3-2 से हराया

**मैड्रिड।** यूईएफए महिला नेशंस लीग में स्पेन ने शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम को 3-2 से हरा दिया। मैच के अंतिम क्षणों में दो गोल दागकर स्पेन ने शानदार वापसी की। घरेलू मैदान पर खेल रही स्पेनिश टीम 2-0 से पिछड़ रही थी, लेकिन लूसिया गार्सिया और क्रिस्टीना मार्टिन-प्रीटो ने 92वें और 96वें मिनट में गोल कर टीम को जीत दिलाई।



**पहले हाफ में बेल्जियम की बढ़त :** बेल्जियम ने 18वें मिनट में टेसा वुलार्ट के क्रॉस पर स्पेन की आइरीन पेरेडेस के कमजोर क्लीयरेंस का फायदा उठाते हुए मरियम टोलोबा के गोल से बढ़त बना ली। पहले हाफ में स्पेन ने कई मौके बनाए, लेकिन बेल्जियम की गोलकीपर एवरार्ड ने शानदार बचाव करते हुए ऐलेक्सांद्री और अल्बा रेडोंडो के प्रयासों को नाकाम कर दिया।

**दूसरे हाफ में बेल्जियम का दूसरा गोल :** स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन बेल्जियम की रक्षापंक्ति ने मजबूती से डटे रहकर उन्हें गोल से वंचित रखा। 72वें मिनट में वुलार्ट ने ऑफसाइड ट्रैप को भेदते हुए पिच के आधे हिस्से को पार कर गोल कर बेल्जियम को 2-0 की बढ़त दिला दी।

**स्पेन की धमाकेदार वापसी :** स्पेन के लिए 77वें मिनट में क्लाउडिया पिना ने पहला गोल किया, जिससे टीम को वापसी का आत्मविश्वास मिला। इसके बाद 92वें मिनट में सलमा पैरालुएलो और लूसिया गार्सिया की साझेदारी से स्पेन ने बराबरी का गोल किया। निर्णायक क्षण 96वें मिनट में आया, जब एक फ्री किक के दौरान बेल्जियम के बॉक्स में उछलती गेंद मार्टिन-प्रीटो के पास पहुंची और उन्होंने नजदीक से गोल कर स्पेन को 3-2 से जीत दिला दी। इस जीत के साथ स्पेन ने यूईएफए महिला नेशंस लीग में शानदार शुरूआत की, जबकि बेल्जियम के लिए यह मुकाबला निराशाजनक साबित हुआ।

# बोकारोः बीएसएल के सीइडी विभाग में हिंदी की समृद्धि के लिए कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के सीईडी विभाग के सभागार में आयोजित हिंदी कार्यशाला में विभाग के सीजीएम शालिग्राम सिंह जीएम मो तस्निम सलाम व जीएम एसआईजीएस वीके सिंह के साथ विभाग के अधिशासी तथा कर्मचारी एवं राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में वरीय प्रबंधक विभा रानी व प्रधानाचार्य डॉ एनके राय उपस्थित थे। कार्यशाला में एजीएम सह विभागीय हिंदी अधिकारी ज्योति ने विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में प्रगति से संबंधित संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राजभाषा विभाग के एनके राय ने राजभाषा नियमों और सांविधिक प्रावधानों से जुड़े भारत सरकार की नीति वार्षिक कार्यक्रमों निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों विश्व पटल पर हिंदी के बढ़ते चरण आदि विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया और राजभाषा हिंदी का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना आवश्यक बताया। सीजीएम शालिग्राम सिंह ने बीएसएल के सिविल अभियंत्रण विभाग की भारत सरकार के राजभाषा नीति के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने हेतु सीईडी कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर निबंध प्रतियोगिता कविता प्रतियोगिता एवं पोस्टर/स्केच प्रतियोगिता रखी गई थी। प्रतियोगिता में चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला का संयोजन सुधीर पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन आरएन राकेश ने किया। कार्यशाला में सीईडी विभाग के एजीएम बीवी चंद्रा परवेश मिंझ रमो काशिफ हुल रंजन के अलावा कोक-ओवन सिंटर प्लांट धमन भट्टी एसएमएस मिल जोन ऑक्जिलरी शॉप अनुरक्षण केंद्रों तथा एसआईजीएस विभाग से आए 55 प्रतिभागी उपस्थित थे।

# बोकारो : आदिवासी सेंगेल अभियान ने निकाली बाइक रैली, डीसी को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** आदिवासी सेंगेल अभियान के तहत झारखंड में संताली भाषा को प्रथम राजभाषा की मांग को लेकर जैनामोड़ स्थित तिलका मुर्मू चौक से नया मोड़ स्थित बिरसा मुंडा चौक होकर डीसी कार्यालय तक बाइक रैली निकाली गई। इसके बाद सेंगेल के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम डीसी विजया जाधव को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व सेंगेल बोकारो जिला अध्यक्ष सह बोकारो जोनल हेड सुखदेव मुर्मू ने किया। श्री सुखदेव ने कहा कि आज दुनिया की लगभग 7000 भाषाओं में से 40 फीसदी भाषाएं विलुप्ति के कगार पर खड़ी हैं जिनमें आदिवासी भाषाएं खतरे की जोन में पंहुच चुकी हैं। सर्वाधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति आदिवासी प्रदेश झारखंड की जहां सर्वाधिक संताली भाषा बोली जाती है बावजूद इसके संताली भाषा को झारखंड प्रदेश में राजभाषा का दर्जा प्रदान नहीं किया गया है। सर्वाधिक बड़ी और राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त आदिवासी भाषा-संताली को अनुच्छेद-345 के तहत झारखंड की प्रथम राजभाषा का दर्जा दिया जाए। बाकी झारखंडी आदिवासी भाषाओं को समृद्ध संवर्द्धित और संरक्षित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय संयोजक हराधन मार्डी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा जयराम सोरेन सुगदा किस्कू सेंगेल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता सोरेन शामिल थे। बाइक रैली में बोकारो जिला संयोजक गोपीनाथ मुर्मू, विजय मरांडी कालीचरण किस्कू संजय टुडू राजेश मुर्मू भुटेल टुडू करमचंद मुर्मू उपेन्द्र हेम्ब्रम विजय मार्डी बुटान बेसरा कृष्णा किस्कू नमिता टुडू सोनी मुर्मू जगदीश हांसदा जागेश्वर मुर्मू विशेश्वर मुर्मू हरीशचंद्र, लालचंद टुडू मोहन सोरेन हरिनारायण मुर्मू सूरजमणि सोरेन पद्मा सोरेन संजय बास्के पानमति आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### मंत्री ने गोमिया डिग्री कॉलेज मे पेयजलापूर्ति योजना कार्यो का किया शिलान्यास

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत गोमिया डिग्री कॉलेज के परिसर में जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शुभ शिलान्यास पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मघ निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। मंत्री ने कहा कि गोमिया विधानसभा के साथ साथ राज्य में योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। शुद्ध पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से आज जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास किया हुआ है। महाविद्यालय में जलापूर्ति योजना चालू हो जाने से यहां पढ़ रहे छात्र छात्राओं को पानी की समस्या से दो चार नही होना पड़ेगा। मेरा हर संभव प्रयास रहेगा कि राज्य की जनता को पानी को लेकर कोई परेशानी नहीं हो और कहा कि राज्य सरकार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। साथ ही इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### बोकारो जिला मे झामुमो के लगभग एक लाख सदस्य बनाये गये : हीरालाल मांझी

**बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के निर्देश पर शनिवार को पंचायत कमिटी पुनर्गठन झामुमो के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सह पर्यवेक्षक हीरालाल मांझी के देखरेख मे पेटरवार के बेरमो विधानसभा अन्तर्गत अंगवाली उतरी, चलकरी दक्षिणी, चलकरी उतरी तीनो पंचायत मे जिला संयोजक सदस्य घुनू हांसदा, अशोक कुमार मुर्मू एवं प्रखंड परवेक्षक निलेश टुड्डू, बिक्की आनंद महतो, गोपिन मुर्मू के उपस्थिति मे पंचायत कमिटी का पुनर्गठन किया गया। हीरालाल मांझी ने कहा कि पंचायत कमिटी का पुनर्गठन के साथ साथ सदस्यता अभियान चला रहे रहे है। कहा कि बोकारो जिला में लगभग 1 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है ओर हमलोग हर पंचायत मे कमसे कम 5 हजार सदस्य बनाएंगे। कार्यक्रम मे मोईन अंसारी, बुधन रजवार, सरफराज अहमद, श्रीराम हेम्ब्रम, ललन सोनी, हीरालाल मुर्मू, ललन टुडू, महादेव मुर्मू, विनोद नायक व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### दुगार्पुर पंचायत में जीपीडीपी के तहत ग्राम सभा का आयोजन

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत सचिवालय में सबकी योजना सबका विकास जीपीडीपी के तहत ग्राम पंचायत विकास कार्य योजना 2025–26 की योजनाओं का चयन हेतु ग्राम सभा किया गया जिसकी अध्यक्षता मुखिया अमरेश कुमार महतो ने की। ग्राम सभा में ग्रामीणों के द्वारा 15वें वित्त योजना से पेवर ब्लॉक निर्माण सोलर चलित जल मीनार पीसीसी पथ श्मशान घाट में शेड व स्नान घर निर्माण मनरेगा के तहत सिंचाई कूप बिरसा हरित आम बागवानी टीसीबी डोभा तालाब मिट्टी मोरम पथ निर्माण पशुपालन विभाग से मुर्गी पालन बतख पालन सूअर पालन बकरी पालन मुर्गी सेड कृषि विभाग से सिंचाई हेतु डीप बोरिंग पेयजल से नए चापाकल निर्माण माइनर इरिगेशन सिंचाई विभाग से चेक डैम तालाब का जीर्णोद्धार एमएफटी योजना के तहत पीसीसी पथ गड़वाल विवाह मंडप मांझी हाउस सोहराई भवन जेहरा स्थल घेराबंदी भूमि संरक्षण आदि से तालाब गहरीकरण योजना तथा जेएसएलपीएस से महिलाओं के लिए दीदी बड़ी योजना आदि योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर पंचायत सचिव गीता कुमारी रोजगार सेवक रजनीकांत राकेश, उप मुखिया पंचानन महतो, वार्ड सदस्य पविता देवी, रामकुमार महतो, जमील अहमद अंसारी, पंचायत सुरक्षा प्रभारी विनोद कुमार, सनातन महतो, सिद्धेश्वर महतो, सृष्टिधर महतो आदि उपस्थित थे।

### मृतक की पत्नी को 25 लाख एवं घायल को दो लाख भुगतान पर बनी सहमति



बेरमो। बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड अंतर्गत बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के स्क्रेप वाले बी पावर प्लांट में घटित घटना में मृतक एवं घायल मजदूर के आश्रितों को मुआवजा एवं नियोजन की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं राधा स्मेलटर्स कंपनी तथा डीवीसी प्रबंधन के बीच लगभग चार घंटे तक की मैराथन सकारात्मक वार्ता के बाद रात्रि लगभग साढ़े दस बजे ग्रामीणों द्वारा 500 मेगावाट वाले एक पावर प्लांट का गेट जाम आंदोलन समाप्त कर दिया। गेट जाम के समापन के बाद डीवीसी पावर प्लांट में फंसे जेनरल एवं बी शिफ्ट के डीवीसी कामगारों सहित एएमसी, एआरसी सहित राधा स्मेलटर्स कंपनी के कामगारों ने बाहर निकलकर राहत की सांस ली .इसके पूर्व पावर प्लांट स्थित तकनीकी भवन के सभागार में आयोजित वार्ता में डीवीसी के जीएम ओएंडएम मृत्युंजय प्रसाद, प्रबंधक एचआर सुनील कुमार, जन प्रतिनिधियों में भरत यादव, श्रवण सिंह, सीमा देवी, सांसद प्रतिनिधि दीपक कुमार महतो, जितेंद्र यादव, मुखिया विकास सिंह, विश्वनाथ महतो, चंद्रदेव घांसी, जिला परिषद सदस्य शहजादी बानो, मंजूर आलम, सीमा देवी, नीलकंठ महतो, नरेश महतो, सुनील महतो, रीता देवी, अनीता देवी, जलेश्वर महतो आदि थे। जबकि राधा स्मेलटर्स कंपनी से पवन कुमार शर्मा एवं बशीर शेख शामिल थे। वार्ता में तय किया गया कि मृतक भोला सिंह की पत्नी को बतौर मुआवजा 25 लाख रुपए का भुगतान के साथ ही दाह–संस्कार के लिए तत्काल 50 हजार रुपए, बच्चों की पढ़ाई के लिए जब तक कंपनी का कार्य है तब तक बीस हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा .इसके अलावा डीवीसी द्वारा मृतक की पत्नी को एएमसी–एआरसी के कार्य में नियोजन दिया जाएगा। साथ ही घायल करण कुमार को बतौर मुआवजा दो लाख रुपए तथा समुचित इलाज की व्यवस्था कंपनी द्वारा की जाएगी। वार्ता के बाद छह घंटे बाद गेट जाम आंदोलन समाप्त कर दिया गया।

## कथारा क्षेत्रीय प्रबंधन के साथ राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की हुई एजेंडा वार्ता

# प्रतिदिन 20 हजार टन कोयला उत्खन्न का लक्ष्य : जीएम

**>> राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि उत्पादन और उत्पादकता के क्षेत्र में भरपूर सहयोग देने का कार्य होगा, लेकिन जब तक श्रमिक जमात खुशहाल नही हो, अपने कार्य स्थल पर मानसिक शांति के साथ काम नही करें फिर कोई भी व्यक्ति कैसे अपनी दक्षता का शत प्रतिशत उपयोग कर सकता है**

### महाप्रबंधक संजय कुमार के साथ सभी विभागाध्यक्ष रहे मौजूद



यूनियन के साथ बैठक करते महाप्रबंधक संजय कुमार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/कथारा।** महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ प्रबंधन की एजेंडा वार्ता हुई। इसमें क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार, विभागाध्यक्ष सुरक्षा सुनील गुप्ता, विभागाध्यक्ष असैनिक संजय कुमार, सीएसआर के अधिकारी चंदन कुमार सहित अन्य विभाग के प्रमुख शामिल रहे।

वही संगठन की ओर से क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह, जिला परिषद के सदस्य आकाश लाल सिंह, गणेश राम, शक्ति सिंह सहित संगठन के सदस्य शामिल रहे। महाप्रबंधक कुमार ने उत्पादन-उत्पादकता सहित डिस्पैच की पूरी वस्तुस्थिति को रखने का कार्य किया।

प्रतिदिन 15-16 हजार टन कोयला के उत्खन्न होने और इसे 20 हजार तक पहुंच जाने की बात कही। वही वर्तमान में नगेटिव ग्रोथ की मात्रा कम होने, मार्च के द्वितीय सप्ताह तक इसे पूरी तरह खत्म कर दिए जाने की आशा जाहिर की। इसका सभी सदस्यों द्वारा मेज थपथपा और हैंड क्लिप के द्वारा स्वागत किया गया।

महाप्रबंधक कुमार ने अपेक्षा जाहिर किया कि कथारा क्षेत्र के विकास में श्रमिक संगठन का अपेक्षित सहयोग मिलते रहेगा। राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि उत्पादन और उत्पादकता के क्षेत्र में भरपूर सहयोग देने का कार्य होगा। लेकिन जब तक श्रमिक जमात खुशहाल नही हो, अपने कार्य स्थल पर मानसिक शांति के साथ काम नही करें फिर कोई भी व्यक्ति कैसे अपनी दक्षता का शत प्रतिशत उपयोग कर सकता है।

क्षेत्रीय सचिव सिंह और जीएम यूनिट के सचिव शक्ति सिंह ने आवास मरम्मति, पेयजल की समुचित उयलब्धता, श्रमिकों के समय पर पदोन्नति, महिलाओ के लिए शौचालय, कामगारो के लिए संडे, संवेदनशील पद पर विराजमान लोग का नियम अनुसार स्थानांतरण, विवाह मंडप, जीम की सुविधा, कथारा के मुख्य मैदान में ड्रेस चेंजिंग रूप, संगीत क्षेत्र से जुड़े सदस्यों के लिए वाद यंत्र, श्रमिक संगठन का कार्यालय, श्रमिकों का आवास आवंटन, हाऊसिंग कमेटी, वेलफेयर कमिटी की नियमित बैठक, कॉलोनी में समुचित लाईट आदि समस्याओ की फेहरिस्त रखने का कार्य किया। महाप्रबंधक कुमार सहजता से प्रत्येक विभाग को एक निर्धारित समय के दौरान मामले का निष्पादन करने का निदेश दिए। वही पूरे विभागध्यक्ष लोग को इस बात की भी जीएम कुमार ने निर्देशित किया कि निर्धारित समय के दौरान वे खुद सभी चीजों का निरीक्षण करके अवलोकित करेंगे कि जमीन पर कितना कार्य सुचारु रूप से हुआ हैं।

कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन कार्मिक प्रबंधक गुरु प्रसाद मंडल ने किया। इस अवसर पर वैरिस्टर सिंह, गणेश राम, नागवंत प्रसाद, मो मिनाजुल, मो नूर आलम, खगेश्वर रजक, सतीश वर्णवाल, कृष्ण दयाल सिंह, विनय राम, विकास कुमार सिंह, नचिकेता, लूईस कुमार, अरविंद कुमार, रफीक आलम आदि लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### अबकी बार मत...

दुबई में रविवार को दिन में आसमान बिल्कुल साफ रहेगा। एक्यूवेदर के मुताबिक बारिश की कोई भी संभावना नहीं है। ऐसे में यह साफ है कि मौसम को लेकर फैंस को किसी तरह की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है।

**सबसे अधिक रन :** भारत की ओर से चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रोहित शर्मा हैं। उन्होंने19 मैचों में 51.35 की औसत और 92.38 की स्ट्राइक रेट के साथ 873 रन बनाये हैं। इनमें 2 शतक और 8 अर्धशतक हैं। रोहित के नाम 78 चौके और 26 छक्के भी दर्ज हैं। वहीं विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ 16 मैचों की 3 पारियों में 3 शतक और 2 अर्धशतकों के साथ 678 रन बनाये हैं। उनका औसत 52.15 और स्ट्राइक रेट 100.29 का रहा है।

**अफरीदी ने खोली पाकिस्तान की पोल :** भारत-पाकिस्तान क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता खेल के इतिहास में सबसे भयंकर और सबसे मशहूर प्रतिद्वंद्विता में से एक है। एक चैनल पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने 23 फरवरी को भारत बनाम पाकिस्तान मैच पर कहा, भारत के पास ज्यादा मैच विनर खिलाड़ी हैं। मैच विनर वह होता है जो अकेले दम पर मैच जीतना जानता हो। अभी पाकिस्तान में ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं। भारत की ताकत उसका मध्य और निचला क्रम है, जो उसे मैच जिताता रहा है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो एक साल, दो साल या 50-60 मैचों तक अपना प्रदर्शन बरकरार रख सकें।

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत बनाम पाक

2004 : पाकिस्तान 3 विकेट से जीता
2009 : पाकिस्तान 54 रन से जीता
2013 : भारत 8 विकेट से जीता
2017 : भारत 124 रन से जीता (डीएलएस)
2017 (फाइनल) : पाकिस्तान 180 रन से जीता

### चाकुलिया के जोड़सा ...

**बकरी चोरी से परेशान थे लोग :** बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में बहुत दिनों से बकरी चोरी की घटनाओं से लोग परेशान थे। बकरी चोरी करने वाला बड़ा गिरोह है जो कार से घुमते हुए बकरी उड़ा लेते थे। किशुक और भोलानाथ का संबंध इसी गिरोह से बताया जा रहा है। हालांकि मामले की पुलिस जांच कर रही है।

**जीरापाड़ा के थे दोनो :** बकरी चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी पड़ोसी गांव जीरापाड़ा के ही रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार बकरी मालिक ने शोर मचा दिया और ग्रामीण जुट गये। दोनों आरोपियों को ग्रामीणों ने घेर लिया और उसकी खूब पिटाई कर दी। चाकुलिया पुलिस दोनों को लेकर शनिवार की सुबह घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पहुंची। चाकुलिया थाना प्रभारी ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि जोड़सा गांव में चोरी की घटना में दो चोरों को ग्रामीणों ने पीटा है। पुलिस ने दलबल के साथ गांव पहुंचकर दोनों आरोपियों को अपने कब्जे में लेकर ग्रामीणों को शांत कराया था। तमाम बड़े अधिकारी मामले की जांच पड़ताल में लगे हुए हैं।

### अपने दौरे पर...

जिसमें किसानों को 2000 रुपये प्रति किस्त के हिसाब से साल में छह हजार रुपये का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) किया जाता है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्रालय इसके लिए केंद्रीय पशुपालन और डेयरी विभाग (एएचएंडडी), रेल मंत्रालय और बिहार सरकार के समन्वय से वहां उस दिन एक किसान सम्मान समारोह का आयोजन करेगा जिसमें प्रधानमंत्री पीएम- किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे।

**अबतक 3.46 लाख करोड़ जारी :**
19वीं किस्त जारी होने से देश भर में 2.41 करोड़ महिला किसानों सहित 9.8 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे और उनके खातों में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुंचायी जायेगी। अब तक देश के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 18 किस्तों के माध्यम से 3.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। कृषि एवं किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हवाले से कहा गया है कि किसानों का कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 19वीं किस्त में बिहार के लगभग 76.37 लाख किसानों को 1,591 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा जिससे प्रदेश में लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल लाभ राशि लगभग 27,088 करोड़ रुपये हो जायेगी।

श्री मोदी परिवहन की सुविधा बढ़ाने के लिए वारिसलीगंज-नवादा-तिलैया रेल खंड के दोहरीकरण की 526 करोड़ रुपये की निवेश परियोजना का उद्घाटन करेंगे । यह परियोजना 36.45 किलोमीटर लम्बे खंड की है। श्री मोदी इसके अलावा, 47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस्माइलपुर-रफीगंज सड़क ऊपरी पुल का उद्घाटन भी करेंगी।

**मखाना उत्पादकों से चर्चा :** बिहार के मखाना उत्पादकों से पीएम मोदी चर्चा करेंगे। मखाना उत्पादक किसानों को और अधिक सुविधाएं कैसे प्रदान की जा सकती हैं। मोतिहारी में स्वदेशी पशु नस्लों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन करेंगे। पीएम बरौनी में एक बड़े डेयरी प्लांट का भी उद्घाटन करेंगे जिससे लगभग 3 लाख दूध उत्पादकों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही, वे वॉरिसलीगंज-नवादा-तिलैया रेलवे लाइन दोहरीकरण और इस्माइलपुर-रफीगंज रोड ओवर ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित करेंगे जिससे बिहार में रेलवे और सड़क कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी।

# तेनुघाट : स्पेशल और मासिक लोक अदालत में 44 मामलो का निष्पादन

### 85,12, 000 रुपये की समझौता राशि वसूली गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो के निर्देशानुसार शनिवार 22 फरवरी को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में लगे स्पेशल लोक अदालत और मासिक लोक अदालत में कुल 44 मामलों का निष्पादन और 85,12,000 रुपए समझौता राशि वसूल किए गए। स्पेशल लोक अदालत में मेट्रोमोनियल के मामले और चेक बाउंस के मामले का निष्पादन किया गया। स्पेशल लोक अदालत के सफल निष्पादन के लिए तीन बेंच का गठन किया गया था।

इसकी पहले बेंच पर कुटुंब न्यायालय प्रेमनाथ पांडेय और अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा, दूसरे बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एवं अधिवक्ता प्रशांत पाल तथा तीसरे बेंच पर एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति एवं अधिवक्ता बिनोद कुमार गुप्ता तथा मासिक लोक अदालत में दो बेंच पर जिला जज तृतीय फहीम किरमानी एवं अधिवक्ता गिरिवर कुमार महतो तथा प्रशांत पाल तथा दूसरे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राजेश रंजन कुमार और अधिवक्ता सुजीत कुमार जायसवाल मौजूद थे। उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने देते हुए बताया कि स्पेशल लोक अदालत में 38 मामले का निष्पादन और 85,00,000 रूपए तथा मासिक लोक अदालत में 6 मामलों का निष्पादन और 12,000 रुपए की दोस्ताना राशि वसूल किया गया। इस प्रकार कुल 44 मामलों में 85,12,000 रुपए दोस्ताना राशि वसूल किया गया।

# बेरमो : शिव शक्ति महायज्ञ के सातवे दिन परिक्रमा के लिउ उमड़ी श्रद्धांलुओं की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



बेरमो। फुसरो नप क्षेत्र के ढोरी बस्ती सौतारडीह में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं 33वां वार्षिक गणेश मेला का आयोजन किया गया है। इस आयोजन का लातवा दिन शनिवार को यज्ञ स्थल की परिक्रमा हेतु श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। यज्ञ के छठे दिन पंचाग पूजन, वेदी पूजन, देवी देवताओं का आवाहन, पाठ व संध्या आरती सहित कई अनुष्ठान हुए। महायज्ञ में मंत्रोच्चारण से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए रोजाना श्रद्धालुओं की भीड बढ रही है। सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचकर परिक्रमा करते हुए ओम नमः शिवाय, हर हर शिव जय जय शिव, जय शिव शंभू, हर हर महादेव के जयकारा लगा रहे है। 12 व 24 घंटे की परिक्रमा में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ रही है। यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवघर के हीरालाल शास्त्री के देखरेख में पूरे विधि-विधान से धर्म अनुष्ठान करवाया जा रहा है। जिसमें देवघर से आये उपाचार्य पंकज शास्त्री, वेदाचार्य पवन शास्त्री, आशुतोष बाबा, विकास शास्त्री, आदित्य शास्त्री एवं मंदिर के पुजारी शिवशंकर पांडेय उनके साथ अनुष्ठान व मंत्रोच्चारण में योगदान दे रहे है। गणपति धाम मंदिर में पूजा अर्चना कर श्रद्धालु क्षेत्र व परिवार के सुख शांति व समृद्धि की कामना कर रहे है। यहां मुख्य यजमान विक्रांत शर्मा व उनकी पत्नी किरण देवी और आकाश कर्मकार व उनकी पत्नी पूजा कर्मकार सभी अनुष्ठान में भाग ले रहे है। शनिवार 22 फरवरी को महायज्ञ की पूणार्हुति हवन के साथ किया जाएगा। कमेटी की ओर से मेला को एक दिन बढाते हुए रविवार 23 फरवरी तक चलाने का निर्णय लिया गया। इसी दिन रात्रि में माता जागरण का भी आयोजन किया जायेगा। यज्ञ व मेला को सफल बनाने में अध्यक्ष गिरिराज गिरि, उपाध्यक्ष यमुना महतो, दीपक गिरि, सचिव चंद्रिका विश्वकर्मा, उप सचिव लालमोहन महतो, जयप्रकाश गिरि, कोषाध्यक्ष गणेश कुमार महतो, उप कोषाध्यक्ष अजय कुमार गिरि, मेला प्रभारी रवि कुमार गिरि, उप मेला प्रभारी सोनू कुमार, संगठन मंत्री विशाल गिरि, बिपीन महतो आदि भूमिका निभा रहे है।

# बोकारो : यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले बैंककर्मियों ने किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले चास-बोकारो के सभी बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने सेक्टर 4 स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया। 24-25 मार्च को घोषित दो दिवसीय अखिल भारतीय बैंक हड़ताल की सफलता को लेकर आयोजित इस प्रदर्शन में बैंक कर्मियों ने अपनी आवाज बुलंद की।

यूएफबीयू के बोकारो जिला उपसंयोजक राघव कुमार सिंह ने कहा कि बैंक में ग्राहक सेवा में निरंतर हो रहे ह्रास एवं ग्राहकों को हो रही अत्यधिक परेशानी से बचने के लिए अविलंब सभी बैंकों में सभी संवर्गों में समुचित बहाली की जाए। इंडियन बैंक एसोसिएशन से यह भी मांग की गई की यूएफबीयू के साथ हुई वार्ताओं में लंबित मुद्दों को अविलंब सुलझाने की जो बात कही गई थी उन सभी लंबित मुद्दों पर सकारात्मक पहल की जाए। पांच दिवसीय बैंकिंग को भी अविलंब बैंकों में लागू किया जाए। प्रदर्शन में महिला बैंक कर्मियों की उपस्थिति भी सराहनीय रही।

सिंह ने कहा कि हम अपने बैंकों एवं अपने अस्तित्व की रक्षा हेतु अंतिम दम तक संघर्ष करने को कटिबद्ध हैं।

कार्यक्रम को राजेश कुमार ओझा, विभाष झा, राजेश श्रीवास्तव, सुधीर कुमार, वरुण कुमार, मिथिलेश कुमार, राकेश मिश्रा, अवधेश प्रसाद, दिलीप कुमार, रजनीश कुमार, नीरज तिवारी, माणिक दास, अरुण कुमार प्रशांत कुमार, विवेक ठाकुर आदि ने भी संबोधित किया।

# 'संवाद से प्रगति' कार्यक्रम में श्रमिक हित से अवगत हुए इस्पातकर्मी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के शॉप कार्मिक के द्वारा कार्यस्थल पर मानव संसाधन संबंधित संवाद से प्रगति नामक कार्यक्रम की एक श्रृंखला शुरू की गई है। इसी कड़ी में आरएमपी सिंटर प्लांट इस्पात गलनशाला 2 एवं सीसीएस सीआरएम - 1 एवं 2 सीआरएम - 3 विभाग में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमआईबी सामूहिक बीमा योजना शिकायत पोर्टल बायोमेट्रिक प्रणाली एचसीएम-प्रखर तथा नए एचआरएमएस मॉड्यूल संविदा कर्मियों का मेडिकल चेकअप श्रम उत्पादकता सेल/बीएसएल की विस्तार योजना कर्मचारी सहायता सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता जैसे मुख्य विषयों पर जानकारी दी गई। शॉप कार्मिक में कार्यरत अधिशासियों के द्वारा कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया।

स्पीड न्यूज

## महाकुंभ में ओडेला 2 का टीजर रिलीज



प्रयागराज। जानीमानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म ओडेला 2 का टीजर रिलीज हो गया है। तमन्ना भाटिया एक बार फिर बड़े पर्दे पर प्रशंसकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। तमन्ना ने महाकुंभ में शनिवार को ओडेला 2 का भव्य टीजर जारी किया। ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा ने किया है और इसका निर्माण संपत नंदी टीमवर्क्स ने किया है। टीजर में तमन्ना रौद्र रूप दिखाती नजर आईं हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया ने नागा साधु की भूमिका निभाई है।

## 23 स्टारलिंक उपग्रहों को स्पेसएक्स ने किया प्रक्षेपित

लॉस एंजेल्स । अमेरिका की निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने शुक्रवार को 23 स्टारलिंक उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित किया। स्पेसएक्स के अनुसार उपग्रहों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से पूर्वी समय सुबह करीब 10 :19 बजे पर फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। यह फाल्कन 9 रॉकेट का 450वां मिशन है। स्पेसएक्स ने बताया कि प्रक्षेपित 23 स्टारलिंक उपग्रहों में से 13 डायरेक्ट टू कॉल क्षमता वाले हैं। स्पेसएक्स के अनुसार इंटरनेट रहित क्षेत्रों में स्टारलिंक के माध्यम से हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट की पहुंच होगी।

## इराक ने आइएस के 25 ठिकानों को किया ध्वस्त

**बगदाद।** इराक की सेना ने उत्तरी इराक के पहाड़ी इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 25 ठिकानों को नष्ट कर दिया है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार इराक की आतंकवाद निरोधी सेवा के बलों ने नीनवे की प्रांतीय राजधानी मोसुल से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मखमौर क्षेत्र में एक अभियान चलाया और आईएस के 18 ठिकानों और सात सुरंगों को नष्ट कर दिया।

## बिहार में 663 गैर तकनीकी पदों पर होगी बहाली : नवीन

**पटना।** बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन के आदेश पर विभाग ने 663 गैर तकनीकी पदों का सृजन करने का फैसला लिया गया है। उक्त पदों के सृजन के आधार पर कार्यालयों में उच्च वर्गीय लिपिक, लेखापाल, निम्न वर्गीय लिपिक, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, कार्यालय परिचारी आदि जैसे पदों पर बहाली की जायेगी। इन पदों पर कुल 35.27 करोड़ से अधिक की राशि वार्षिक खर्च की जायेगी, जिसके बाद विभाग अन्तर्गत गठित एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालयों का सुचारू रूप से संचालन किया जा सकेगा।

## मोदी छतरपुर में आज कैंसर अस्पताल का करेंगे शिलान्यास

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 फरवरी को मध्यप्रदेश के छतरपुर के ग्राम गढ़ा (राजनगर) में बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा निर्मित किये जाने वाले मेडिकल साईंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का भूमि-पूजन करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा बुन्देलखंड क्षेत्र को यह दूसरी बड़ी सौगात दी जा रही है। इसके पहले श्री मोदी ने खजुराहों में केन-बेतवा नदी जोड़ों परियोजना की सौगात बुन्देलखण्ड क्षेत्र की दी थी। प्रधानमंत्री 218 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कैंसर अस्पताल का भूमि-पूजन करेंगे। इसके लिये 10.925 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की जा चुकी है।

# भारतीय मूल के पटेल ने एफबीआइ की संभाली कमान

## गुजरात के बड़ोदरा से जुड़े काश ने गीता पर हाथ पर रखकर ली शपथ

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) की कमान काश पटेल ने संभाल ली। व्हाइट हाउस में अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने काश पटेल को एफबीआई के नौवें निदेशक के रूप में शपथ दिलाई। उन्होंने भगवदगीता पर हाथ रखकर शपथ ग्रहण की। एफबीआई फेसबुक पेज के अनुसार, एफबीआई निदेशक के रूप में अपने पहले आधिकारिक दिन काश पटेल ने वॉल ऑफ ऑनर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस वॉल पर एफबीआई के बहादुर सदस्यों का वर्णन है। उनका यहां जाना न्याय के प्रति उनके साहस और समर्पण की विरासत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। शपथ समारोह में काश पटेल ने कहा कि जो कोई सोचता है कि अमेरिकी सपना मर चुका है, वह यहीं देख ले। आप पहली पीढ़ी के भारतीय बच्चे से बात कर रहे हैं जो भगवान की धरती पर सबसे महान देश में कानून प्रवर्तन समुदाय का नेतृत्व करने वाला है। महत्वपूर्ण यह है कि काश पटेल की जड़ें भारत के गुजरात में वड़ोदरा से भी जुड़ी हैं। 25 फरवरी, 1980 को न्यूयॉर्क में पूर्वी अफ्रीका से आए भारतीय अप्रवासी माता-पिता के घर जन्मे

**ट्रंप के पहले कार्यकाल में पटेल रक्षा और खुफिया एजेंसियों में विभिन्न उच्च पदों पर रह चुके हैं**

काश ने रिचमंड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट करने के बाद यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से अंतरराष्ट्रीय कानून में सर्टिफिकेट के साथ कानून की डिग्री हासिल की है। काश ने सार्वजनिक वकील के रूप में अपना प्रोफेशनल करियर शुरू किया। मियामी की अदालतों में लगभग नौ साल तक कड़ी मेहनत की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 2014 के पहले कार्यकाल में काश पटेल रक्षा और खुफिया एजेंसियों में विभिन्न उच्च पदों पर कार्य कर चुके है। काश को ट्रंप का सबसे भरोसेमंद व्यक्ति माना जाता है।

न्यूयॉर्क में जन्में पटेल (44) पाटीदार समुदाय से हैं। वह अमेरिका की प्रमुख कानून प्रवर्तन



एजेंसी का नेतृत्व करने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। पाटीदार समुदाय के नेताओं ने कहा कि पटेल के सभी करीबी परिजन विदेश में बसे हुए हैं। अफ्रीका जाने के बाद उन्होंने भद्रन में अपने पैतृक मकान बेच दिए। आणंद स्थित समुदाय का संगठन छ गाम पाटीदार मंडल अपने सदस्यों की वंशावली रखता है। संगठन के सचिव और भाजपा की आणंद जिला इकाई के अध्यक्ष राजेश पटेल ने कहा कि वंशावली में काश पटेल के पिता प्रमोद पटेल और उनके भाइयों और दादा के नाम भी हैं। राजेश पटेल ने बताया कि हालांकि काश पटेल का नाम वंशावली में जोड़ा जाना अभी बाकी है, लेकिन उनके परिवार की 18 पीढ़ियों का रिकॉर्ड इसमें है और इसे उनके कार्यालय में उनके समुदाय के सभी सदस्यों के साथ संग्रहीत किया गया है।

## ट्रंप ने फिर वोटर टर्नआउट के लिए भारत को मिले 2.1 करोड़ डॉलर का मुद्दा उठाया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार तीसरे दिन वोटर टर्नआउट के लिए कथित रूप से भारत को मिले 2.1 करोड़ डॉलर का मुद्दा उठाया है। ट्रंप का यह ताजा बयान उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें दावा किया गया है कि 2022 में 2.1 करोड़ डॉलर का अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बंगलादेश के लिए मंजूर किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को वोटर टर्नआउट के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए जा रहे हैं। हम भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दे रहे हैं। ट्रंप ने बंगलादेश को मिले 2.9 करोड़ डॉलर मदद का भी जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि बंगलादेश को 2.9 करोड़ डॉलर राजनीतिक परिदृश्य में स्थिरता लाने के लिए दिए गए।

# ट्रंप ने अमेरिकी सेना के शीर्ष जनरल को किया बर्खास्त

## सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डैन रैजिन केन को किया नामित

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारी, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन एयर फोर्स जनरल सी क्यू ब्राउन को बर्खास्त कर दिया। इसके साथ ही नौसेना प्रमुख एडमिरल लिसा फ्रैंचेट्टी सहित पांच अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को भी पद से हटाने की घोषणा की गई।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ब्राउन की जगह सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डैन रैज़िन केन को नामित करने की घोषणा की। केन पूर्व एफ-16 फाइटर पायलट रहे हैं और हाल ही में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआइए) में सैन्य मामलों के सह-निदेशक के रूप में कार्यरत थे।

- **नौसेना की पहली महिला प्रमुख एडमिरल लिसा फ्रैंचेट्टी को भी हटाया**
- **वायु सेना और सेना के जजों के महाधिवक्ताओं को भी बदला गया**

नौसेना की पहली महिला प्रमुख एडमिरल लिसा फ्रैंचेट्टी को भी ट्रंप प्रशासन ने हटा दिया है। इसके अलावा, वायु सेना और सेना के न्यायाधीशों के महाधिवक्ताओं को भी बदला गया है।

ट्रंप के सत्ता में लौटने के बाद यह दूसरा बड़ा सैन्य बदलाव है। इससे पहले, उन्होंने अमेरिकी कोस्ट गार्ड की पहली महिला प्रमुख एडमिरल लिंडा फागन को भी उनके पद से हटा दिया था। ट्रंप ने



आधिकारिक तौर पर ब्राउन को हटाने का कोई कारण नहीं बताया, लेकिन माना जा रहा है कि 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी में भूमिका निभाने वाले सैन्य अधिकारियों को हटाने की रणनीति के तहत यह निर्णय लिया गया है।

**पेंटागन में होगा बड़ा बदलाव**

ट्रंप के इस फैसले से अमेरिकी रक्षा विभाग में अस्थिरता बढ़ने की आशंका है। ट्रंप प्रशासन पहले ही सैन्य बजट में कटौती और विदेशों में तैनाती को कम करने की योजना बना चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि यूएस मिलिट्री आमतौर पर गैर-राजनीतिक रहती है, लेकिन ट्रंप द्वारा लगातार वोक (उदार विचारधारा वाले) सैन्य अधिकारियों को हटाने की बात करने से यह धारणा प्रभावित हो सकती है।

## सांसद शशि थरूर ने खोला मोर्चा, राहुल गांधी से पूछा

# पार्टी में मेरी भूमिका क्या है

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के भीतर संवाद को लेकर पहले भी सवाल खड़ा होता रहा है। इस बार पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद शशि थरूर ने मोर्चा खोला है। जिन्होंने राहुल गांधी से मिलकर पार्टी के भीतर उन्हें अलग-थलग किए जाने को लेकर न सिर्फ नाखुशी जताई है बल्कि उनसे पार्टी के भीतर अपनी भूमिका भी पूछा है। शशि थरूर की राहुल गांधी से यह मुलाकात 18 फरवरी को हुई थी। सुबह से चल रही खबरों के बीच भी थरूर ने एक पोस्ट किया जो रोचक है। उसमें उन्होंने कहा कि जहां अज्ञान आनंद है, वहां बुद्धिमानी मूर्खता है। शशि थरूर की यह नाखुशी ऐसे समय सामने आयी है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा की सराहना किए जाने के बाद से वह पार्टी के लगातार हाशिए पर है। उनके इस

**जहां अज्ञान आनंद है वहां बुद्धिमानी मूर्खता**



बयान के बाद पार्टी की केरल इकाई ने अपने मुखपत्र में शशि थरूर की पार्टी लाइन से अलग हटकर बोलने को लेकर कड़ी आलोचना की। हालांकि थरूर ने इसके बाद साफ किया था कि उन्होंने जो बयान दिया था वह राष्ट्रहित में दिया था न किसी पार्टी के नेता की हैसियत से। सूत्रों के मुताबिक पार्टी के भीतर कोई भी भूमिका न दिए जाने से नाराज थरूर ने राहुल गांधी से मुलाकात में इस मुद्दे को उठाया और पूछा कि वे बताए कि पार्टी में उसकी क्या भूमिका है। मुझे लग रहा है कि पार्टी मुझे और मेरी नेतृत्व क्षमता को दरकिनार कर रही है। इससे मैं काफी असहज हूं। इतना ही नहीं, उन्होंने संसद में उन्हें बोलने का मौका न दिए जाने का भी मुद्दा उठाया। साथ ही कहा कि यदि पार्टी उन्हें राज्य की राजनीति में ले जाना चाहती है, तो वह भी साफ करें। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने उन्हें ठीक तरीके से सुना लेकिन उनके सवालों पर कोई जवाब नहीं दिया।

जानकारों की मानें तो थरूर वैसे भी शुरू से ही कई मौकों पर पार्टी लाइन से अलग राय देते रहे है, लेकिन पार्टी की नाराजगी तब से बढ़ी हुई है, जब उन्होंने पार्टी अध्यक्ष पद के लिए पार्टी से शीर्ष नेतृत्व की पसंद से अलग हटकर ताल ठोंक दी थी। अब यह खुलकर दिखने लगा है।

# पीएम मोदी के प्रधान सचिव-2 बने शक्तिकांत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रधान सचिव-2 नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा। शक्तिकांत दास प्रिंसिपल सेक्रेटरी-1 पीके मिश्रा के साथ मिलकर काम करेंगे। शनिवार को केंद्र सरकार में नियुक्ति समिति द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने शक्तिकांत दास, आईएएस (रिटायर्ड) (टीएन:80) की प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2 के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा



वर्तमान में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। आधिकारिक आदेश के अनुसार तमिलनाडु कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दास का कार्यकाल प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक होगा। आदेश में कहा गया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने शक्तिकांत दास, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव- 2 के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी है। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होगी।



**भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने योगी के साथ संगम में लगायी आस्था की डुबकी**

**महाकुंभ नगर। पवित्र त्रिवेणी में शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह व नन्द गोपाल गुप्ता नन्दीऔर सतुआ बाबा संग भी संगम स्नान किया। वहीं, नड्डा परिवार ने गंगा को नारियल और चुनरी अर्पित कर लोक कल्याण की कामना भी की।**

# पटना में सिपाही ने की पत्नी की हत्या

**पटना।** पीरबहोर थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या कर एक सिपाही फरार हो गया है। मृतका दीपिका भारती है। आरोपित बिहार पुलिस 2011 बैच का सिपाही धनंजय पुलिस लाइन में पोस्टेड है। दो माह पहले ही पीटीसी की ट्रेनिंग कर लौटा था। धनंजय पत्नी के साथ थाना के पीछे सरकारी क्वार्टर के द्वितीय तल्ला में रहता है। किसी बात को लेकर पत्नी के साथ उसका विवाद हुआ था। विवाद के बाद सिपाही ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के शव को पुलिस ने बंद कमरे का ताला तोड़कर निकाला है। एफएसएल की टीम छानबीन कर रही है। दो दिन पहले पति-पत्नी प्रयागराज से महाकुंभ स्नान कर के लौटे थे। दोनों की शादी साल 2016 में हुई थी।

## रोहतास में बच्ची और बच्चे के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**डेहरी ऑन सोन ।** रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के करंज गांव में सात वर्षीय बच्ची एवं छह वर्षीय बच्चे के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

घटना संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि करंज गांव में बच्ची एवं बच्चे के साथ दुष्कर्म की शिकायत पीड़िता के मां द्वारा थाने में कराई गई। पड़ोसी हनुमान कुमार द्वारा बच्चे तथा बच्ची के साथ दुष्कर्म करने तथा पूछताछ करने पर टेंपुल सेठ ने धमकी दी।

# महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने में रेलवे की अग्रणी

## तीर्थयात्रियों ने 14 हजार से ज्यादा ट्रेनों का लिया लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** आस्था के महासागर प्रयाग तीर्थ के संगम तट पर चल रहे महाकुंभ के विराट आयोजन में ऐसे तो तमाम विभागों और एजेंसियों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं का निर्वाह किया लेकिन इसमें रेलवे की भूमिका निःसंदेह अग्रणी है।

इस विशाल आयोजन में रेलवे ने जिस तरह पूरे देश भर से तीर्थयात्रियों को प्रयाग की पुण्यभूमि तक पहुंचने में मदद की, वह न सिर्फ अभूतपूर्व है बल्कि रेल संचालन की दृष्टि से कई मामलों में अनोखा रिकॉर्ड भी बना है।हालांकि महाकुंभ अब समापन की ओर है लेकिन एक अनुमान के मुताबिक करीब डेढ़ माह के इस आयोजन में 12 से 15 करोड़ तीर्थयात्रियों ने ट्रेन यात्रा का लाभ कहीं ना कहीं उठाया। दूसरे शब्दों में महाकुंभ के करीब एक चौथाई तीर्थयात्रियों ने प्रयागराज या अगल बगल के प्रमुख शहरों तक पहुंचने में ट्रेनों की ही मदद ली। रेलवे के

- **अभी तक 3.6 करोड़ श्रद्धालुओं को कुंभ एरिया में हैंडल किया**
- **92 प्रतिशत ट्रेनें मेल, एक्सप्रेस, सुपर-फास्ट, पैसेंजर और मेमो श्रेणी की रहीं जबकि 472 राजधानी और 282 वंदे भारत ट्रेनें संचालित हुईं**

अनुसार इस बार प्रयागराज के महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के संकल्प को पूरा करने में रेलवे ने आगे बढ़कर भूमिका निभाई। यह बताने की जरूरत नहीं कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले अपने देश में रेलवे पर कितना दवाब है। ऐसे में महाकुंभ के आयोजन से बहुत पहले से ही रेलवे अपनी कार्ययोजना को मूर्त रूप देने में जुट गया था। इसके तहत देश के विभिन्न हिस्सों से तीर्थयात्रियों की अनुमानित संख्या के हिसाब से ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई। साथ ही महाकुंभ को दौरान भीड़




बढ़ने की स्थिति में आपात योजना भी बनाई गई। आम दिनों में ट्रेनों में रहने वाली भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने इसके लिए विशेष उपायों को अपनाया। इसके तहत किसी एक रूट, ट्रेन या बड़े स्टेशन पर दवाब को हटाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। तीर्थयात्रियों की संख्या और मांग के अनुरूप एक के बाद एक विशेष ट्रेनें चलाई गईं। यह आंकड़ा थोड़ा विस्मित भी करता है कि महाकुंभ की शुरूआत से लेकर अब तक 13,667 ट्रेनें तीर्थयात्रियों को लेकर प्रयागराज और उसके अन्य स्टेशनों तक पहुंचीं। इनमें 3,468 विशेष ट्रेनों की शुरूआत कुंभ एरिया से हुई एवं 2008 ट्रेनें कुंभ एरिया में बाहर से आईं, बाकी 8,211 नियमित ट्रेनें थीं। शहर में प्रयागराज समेत कुल नौ स्टेशन हैं, जहां ट्रेनों का आवागमन हुआ। अकेले प्रयागराज स्टेशन पर ही पांच हजार ट्रेनों का लाभ श्रद्धालुओं को मिला । प्रयागराज एरिया के किस स्टेशन से कितनी ट्रेनों की सुविधा मिली। प्रयागराज स्टेशन पर 5332 ट्रेन, नैनी स्टेशन पर 2017 ट्रेन, छिवकी स्टेशन पर 1993, सूबेदारगंज स्टेशन पर 4313 ट्रेन, झूंसी स्टेशन पर 1207, प्रयागराज-रामबाग स्टेशन पर 764, प्रयागराज जंक्शन पर 1326, प्रयागराज संगम स्टेशन पर 515 और फाफामऊ स्टेशन पर 1010 ट्रेन की सुविधा प्रदान की गई।

## 24 व 25 को बनेंगे तीन विश्व रिकॉर्ड

महाकुम्भ नगर। महाकुंभ में 24 और 25 फरवरी को तीन विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहे हैं। ये सभी रिकॉर्ड बनने के लिए 14 से 17 फरवरी तक की तिथियां निर्धारित की गईं थीं मगर उस दौरान भीड़ के चलते तारीख बढ़ा दी गई थी। नदी स्वच्छता का विश्व रिकॉर्ड 14 फरवरी को बन चुका है। 2019 के प्रयागराज अर्ध कुम्भ में भी तीन विश्व रिकार्ड बने थे। अब मेला प्रशसन 2019 में बने अपने तीनों रिकॉर्ड को ही मेला प्रशासन तोड़ेगा। महाकुम्भ में 24 फरवरी को दो विश्व रिकार्ड बनेंगे। 15 हजार सफाई कर्मचारी गंगा घाट पर 10 किलोमीटर तक सफाई अभियान चलाएंगे। परेड मैदान स्थित त्रिवेणी मार्ग पर 1000 ई-रिक्शा संचालन के स्थान पर 550 शटल बसों का संचालन कर रिकॉर्ड बनाया जाएगा। 25 को 10 हजार लोगों के हाथ के छाप लेने का विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

